Researchers Pot-Kolder *et al.* (2020) examined the economic viability of VR-based CBT for treating paranoia in psychosis in the study "Cost-Effectiveness of Virtual Reality Cognitive Behavioural Therapy for Psychosis: Health-Economic Evaluation With in a Randomized Controlled Trial." The trial, conducted with 116 participants, demonstrated that VR-CBT led to a considerable uptick in social participation, with 90.74-99.74% of patients experiencing benefits over standard treatment. The cost per quality-adjusted life year (QALY) gained was estimated at •48,868 (approx. $53,000), indicating VR-CBT as a cost-effective option, though further long-term analysis is suggested.

A survey conducted in 2012 involving 262 therapists who had not previously utilized virtual reality (VR) revealed concerns regarding training, equipment, costs, and a lack of understanding of the benefits and applications of VR, as explored by Schwartzman *et al.* in "Perceptions of Virtual Reality Among Therapists Who Do Not Apply This

Technology in Clinical Practice." However, by 2019, a survey of 185 behavioural therapists indicated reduced concerns related to technical and cost issues, as VR equipment had become widely commercialized since 2016 as discussed by Lindner *et al.* (2019) in Attitudes Toward and Familiarity with Virtual Reality Therapy Among Practicing Cognitive Behaviour Therapists: A Cross-sectional Survey Study in the Era of Consumer VR Platforms."

The challenges of virtual reality therapy are ethical considerations, technological limitations, the need for trained therapists, security and privacy concerns, and high costs of technology. These challenges preclude the productive implementation of virtual reality therapy, influencing accessibility and efficacy for individuals seeking treatment.

Conclusion: Mindfulness practices constitute a form of meta cognitive training by which individual scan take control and balance the physiological processes that determine cognition, mood, and well-being. Virtual reality maximizes therapeutic outcomes, especially for people with Disabilities or difficulties with conventional interventions. Virtual Reality Therapy (VRT) is an immersive therapeutic technique that uses virtual environments to simulate real-life scenarios for psychological or physical treatment, especially simulate different real-life Triggers or scenarios to help people learn new skills, or to face their fears in a safe environment. Initially, therapists used it for the treatment of phobias, but today, the rapists use it for a range of conditions. VR can provide a controlled space to try things that could beover whelming or risky in real life, making it useful for exposure therapy. However, as with any therapy, it is important to seek care from a licensed, experienced practitioner. A 2021 scoping review that assessed nine previous studies that combined VR with CBT found that it could benefit the treatment of anxiety and depression. Virtual reality provides numerous benefits facilitating training conditions, optimizing the experience, and increasing the effectiveness of interventions. In addition, it strengthens self-control skills. These results indicate also that those physiological parameters, which are out of human control, can be modified with self-control practices. To try VR therapy, a person needs to find a licensed psychotherapist with access to a VR device. Virtual Reality Therapy (VRT) is revolutionizing mental healthcare, offering innovative treatment for a variety of anxiety disorders, phobias, and attention-related challenges. While exposure therapy (the safe exposure to situations or activities that induce fear) has been a long standing effective therapeutic tool for treating anxiety and phobias, the process can often be time-consuming, impractical, and expensive. VRT offers a safe and effective way for individuals to face their fears, build resilience, and develop coping strategies without ever leaving the therapy room. VR technology can facilitate mindfulness learning by reducing the interference of distractors from the natural environment and providing a sense of presence in immersive environments. These qualities have great potential to benefit research in that extraneous variables that would otherwise be uncontrollable can be limited. There has been widespread use of VR-based MI in diverse clinical areas including psychosis.

References:-

1. How AR/VR is Revolutionizing Mental Health Treatment in 2025https://share.google/00aQFrW4YDkWtEjv4accessedon 11thDecember2025.
2. https://www.who.int/news-room/detail/28-09-2001-the-world-health-report-2001-mental-disorders-affect-one-in-four-people accessed on 11th December 2025.
3. https://www.grandviewresearch.com/industry-analysis/virtual-reality-vr-healthcare-market-report accessed on 12th December 2025.
4. https://www.liebertpub.com/doi/10.1177/29941520251394885accessedon12th December 2025.
5. Arias D, Saxena S, Verguet S (2022). Quantifying the Global Burden of Mental Disorders and their Economic Value. *E Clinical Medicine* 54:101675.
6. Dreison KC, Luther L, Bonfils KA, *et al.*(2018).Job Burnout in Mental Health Providers: A Meta-Analysis of 35Years of Intervention Research. *J Occup Health Psychol*; 23(1):18–30.
7. https://www.sciencedirect.com/science/article/pii/S1550830722001227accessedon 12th December 2025.
8. https://www.betterliferecovery.com/therapy/virtual-reality-therapy-vrt/ accessed on 12th December 2025.
9. Virtual Reality Applications in Chronic Pain Management: Systematic Review and Meta-analysis" by Goudman *et al.* (2022), *JMIR*.
10. Donnelly *et al.*(2021) in "Virtual Reality for the Treatment of Anxiety Disorders: A Scoping Review." *American Journal of Occupational Therapy*
11. Pot-Kolder *et al.*(2020) "Cost-Effectiveness of Virtual Reality Cognitive Behavioural Therapy for Psychosis: Health-Economic Evaluation With in a Randomized Controlled Trial."

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2026, E-Journal, Vol. I, Issue LIV (54), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

मरुस्थल क्षेत्र (पाली जिले) में ग्रामीण क्षेत्र में विकास की समस्या- एक भौगोलिक अध्ययन

ओम प्रकाश*

* सहायक आचार्य (VSY) भूगोल, राजकीय महाविद्यालय,सोजत सीटी पाली (राज.) भारत

शोध सारांश – ग्रामीण क्षेत्र का भौतिक उदय और विकास विश्व के समस्त भागों में लगभग समान रूप से हुआ है तथापि आधुनिक समय में भी गांव गांव का विकास एक समान नहीं हुआ है और ना ही पहले हुआ था। ग्रामीण विकास का अभिप्राय है, कि व्यक्ति विशेष का एक समूह जो गांव में निवास करता है तथा उनके जीवन शैली में परिवर्तन को ग्रामीण विकास का दर्जा दिया जाता है। ग्रामीण विकास आर्थिक, सामाजिक व सांस्कृतिक प्रक्रियाओं में परिवर्तन का महत्वपूर्ण पहलू है। ग्रामीण विकास का आशय है ग्रामीण क्षेत्र का संपूर्ण विकास ग्रामीण से आशय है गांव में निवास करने वाले जिनकी जीविका का मूल आधार कृषि है। अर्थात ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत लोगों के जीवन स्तर में सुधार करना ग्रामीण विकास कहलाता है। ग्रामीण क्षेत्र का विकास देश के विकास का आधार है। क्योंकि भारत में 68.84 प्रतिशत जनसंख्या 2011 की जनगणना के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है। वह प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से कृषि पर निर्भर है।

ग्रामीण विकास में कृषि विकास के साथ-साथ आधारभूत सेवाओं के निर्माण के साथ-साथ मानवीय विकास के विभिन्न विविध पहलू को ध्यान में रखना अत्यंत आवश्यक है बगैर बुनियादी सेवा के निर्माण एवं विकास के संपूर्ण ग्रामीण विकास कल्पना करना व्यर्थ है। बुनियादी सेवा में रेल, सड़क परिवहन, दूर संचार, ऊर्जा ,शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि विकास आधुनिक सिंचाई सुविधा सुविधा, स्वच्छ जल आपूर्ति, रोजगार मुखी कार्यक्रम आदि शामिल है। इन बुनियादी आधारभूत सेवाओं के विकास पर ही ग्रामीण विकास एवं देश का विकास टिका हुआ है। यदि देश के ग्रामीणों में आधारभूत सुविधाओं का विकास नहीं है तो संपूर्ण ग्राम का विकास संभव है।

शब्द कुंजी –कृषि, पेयजल, ग्रामीण विकास, पशुपालन, रोजगार, जनसँख्या।

प्रस्तावना – ग्रामीण विकास का अभिप्राय है, कि व्यक्ति विशेष का एक समूह जो गांव में निवास करता है तथा उनके जीवन शैली में परिवर्तन को ग्रामीण विकास का दर्जा दिया जाता है। ग्रामीण विकास आर्थिक, सामाजिक व सांस्कृतिक प्रक्रियाओं में परिवर्तन का महत्वपूर्ण पहलू है। राजस्थान के मरुस्थलीय क्षेत्र में जिलों की कुल संख्या लगभग 12 जिले हैं जो जैसलमेर, बाड़मेर, बालोतरा, जालौर, जोधपुर, चुरु, झुन्झनू, बीकानेर, अनूपगढ़, गंगानगर, हनुमानगढ़, नागौर, सीकर, पाली का पश्चिमी भाग लगभग 77.73 प्रतिशत (2011) जनसंख्या गांव में निवास करती है। इस क्षेत्र में सर्वाधिक कृषि पशुपालन तथा मजदूरी प्राथमिक व्यवसाय पर अपना जीवन यापन करते हैं। इन क्षेत्रों में जैसलमेर बाड़मेर एवं जालौर में सबसे अधिक जनसंख्या गांव में रहती है जो क्रमश: 86.71, 93.02 ,91.70% है। यह जिले में आर्थिक व शिक्षा की दृष्टि से सबसे पिछड़े हुए जिले हैं जिनमें जीवन स्तर बहुत ही नीचे इन जिलों में मूलभूत संसाधनों तथा आधारभूत सुविधाओं का अभाव में संपूर्ण विकास ढंग से नहीं हो पाया है। मरुस्थलीय भाग के जिलों पर विश्लेषण से आर्थिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से अन्य जिलों में बहुत नीचे स्तर पर हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीण विकास के स्तर का विश्लेषणात्मक अध्ययन- ग्रामीण विकास के लिए केंद्र व राज्य सरकार के द्वारा समय-समय पर आधारभूत विकास के लिए ग्रामीण विकास योजनाएं लागू की जाती है। जिनमें से मरुस्थलीय क्षेत्रों में भी उनका विशेष विश्लेषणात्मक अध्ययन में प्रमुख योजनाएं इस प्रकार:- 1. भारत निर्माण कार्यक्रम 2.मुख्यमंत्री ग्रामीण बीपीएल आवास योजना 3.प्रधानमंत्री आवास योजना 4.प्रधानमंत्री सड़क योजना 5.जननी सुरक्षा योजना 6.कुटीर ज्योति योजना 7.इंदिरा आवास योजना 8.अक्षत योजना 9.मरुस्थलीय कार्यक्रम एवं सूखा संभावित कार्यक्रम 10. अकाल राहत कार्यक्रम 11.ग्रामीण पेयजल योजना 12.स्वच्छ भारत योजना 13. जल जीवन मिशन योजना 14. प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना 15.अरावली विकास योजना इत्यादि को ध्यान में रखते हुए राजस्थान के मरुस्थलीय क्षेत्र में ग्रामीण विकास का विश्लेषणात्मक एवं महत्वपूर्ण पहलुओं को ध्यान में रखकर किया है।

अध्ययन की आवश्यकता एवं महत्व – भारतीय अर्थव्यवस्था पर दृष्टिपात करते हुए ज्ञात होता है कि अर्थव्यवस्था के एक भाग में परिवर्तन विकास एवं आधुनिकरण की प्रक्रिया का स्तर बहुत अधिक है जबकि दूसरे भाग में अपेक्षाकृत बहुत ही कम रहता है। इस विकास के इन पहलुओं में अंतर का विश्लेषणात्मक अध्ययन महत्वपूर्ण होता है। तथा एक विकसित तथा विकासशील आर्थिक क्षेत्र में रोजगार की दृष्टि से आवश्यक भी होता है। पाली जिले के ग्रामीण विकास में शोध का निम्न प्रकार से महत्व होता है-

1. ग्रामीण क्षेत्र में सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक परिवर्तनों के स्वरूप और प्रक्रियाओं को समझने में योगदान रहता है।

2. विकास का आर्थिक-सामाजिक के क्षेत्र में अध्ययन का सैद्धांतिक महत्व।
3. ग्रामीण क्षेत्रों में विकास का रोजगार एवं योजनाओ का विश्लेषण करने में महत्व।
4. संपूर्ण समाज का विविधता के अध्ययन में महत्व।
5. सरकार की लाभकारी योजनाओं की वास्तविकता एवं वस्तु स्थिति ज्ञात करने में सहायक होता है।

शोध के उद्देश्य:

1. गांव में समग्र विकास में ही देश का विकास निहित है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के विकास एवं वृद्धि के फलस्वरुप उत्पन्न हुए सामाजिक, आर्थिक सांस्कृतिक परिवर्तन का विश्लेषणात्मक अध्ययन के लिए निम्न उद्देश्य है: मरुस्थलीय क्षेत्र में गांव में आर्थिक सामाजिक परिवर्तन का अध्ययन करना।
2. विकास योजनाओं का मूल्यांकन व ग्रामीण समाज पर उनके प्रभाव का अध्ययन करना।
3. मरुस्थलीय क्षेत्र में सामाजिक संरचनात्मक सांस्कृतिक, आर्थिक कारकों में अंतर्संबंधों का अध्ययन।
4. पाली जिले में पेयजल, परिवहन व संचार सुविधाओं का विश्लेषणात्मक अध्ययन।

शोध प्रविधि- यह शोध विषय द्वितीय आंकड़ों पर तृतीय आंकड़ों पर आधारित है। साथ ही आवश्यकता अनुसार इसमें प्राथमिक आंकड़ों का भी प्रयोग किया जा सकता है जिसमें द्वितीयक आंकड़ों का तुलनात्मक विश्लेषण किया गया है। तथा सूचकांक के माध्यम से आंकड़ों का आंकड़ों का विश्लेषण किया गया है।

तालिका 1 - राजस्थान के मरुस्थलीय जनाकिकीय स्थिति

S.	District	Rural pop. %	Urban pop. %	Population growth 2001-2011	Density
1.	Jhalor	91.7	8.3	26.20	172
2.	Badmer	93.0	7.0	32.50	92
3.	Nagour	80.7	19.3	19.20	187
4.	Jeslmer	86.7	13.3	31.80	17
5.	Ganganager	72.8	27.2	10.0	179
6.	Bikaner	66.1	33.9	24.30	78
7.	Churu	71.7	28.3	20.30	147
8.	Junjunu	77.1	22.9	11.70	361
9.	Jhodhapur	65.7	34.3	27.70	161
10.	Hanuman -gardh	80.3	19.7	16.90	184
11.	Sikar	76.3	23.7	17.0	346
12.	Pali	77.4	22.6	11.90	164
	Rajasthsan	**75.1**	**24.6**	**21.30**	**200**

Sourece: rajasthan cences handbook raj.govt.2011

पाली जिले में जनन की स्थिति राजस्थान के कुल जनसंख्या 2037573 जिले में है। मरुस्थलीय क्षेत्र का 75.1% आबादी गांव में निवास करती है। जिसमें राजस्थान में मरुस्थलीय क्षेत्र के पांच जिले से हैं। जिनमें राजस्थान की कुल जनसंख्या का 80% से अधिक भाग ग्रामीण जनसंख्या का है इन क्षेत्रों में जैसलमेर, बाड़मेर एवं जालौर में सबसे अधिक जनसंख्या गांव में रहती है। जो क्रमश: 86.71, 93.02 एवं 91.70 प्रतिशत है। जबकि इन जिलों की जनसंख्या घनत्व आबादी जिले से काफी कम है। जैसलमेर का सबसे कम जनसंख्या घनत्व 17 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर है। राजस्थान में मरुस्थलीय क्षेत्र में जनसंख्या वृद्धि में तेजी से वृद्धि हो रही है देखा। जाए तो बाड़मेर जैसलमेर की सबसे ज्यादा जनसंख्या वृद्धि दर है जो क्रमश: 32.5 एवं 31.80% है। मरुस्थलीय क्षेत्र के जिलों की औसतन जनसंख्या वृद्धि दर या दर्शा रहे हैं कि इंची क्षेत्र में जनसंख्या नियंत्रण के लिए जागरूकता की कमी या सरकार की योजनाओं से कहीं ना कहीं वंचित है। या ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता की कमी के कारण जनसंख्या वृद्धि का प्रमुख कारण माना गया है दूसरा प्रमुख कारण महिला शिक्षा में कमी राजस्थान में जनसंख्या बढ़ने से गरीबी में भी वृद्धि हो रही है।

क्रं.	जिला	कुल	पुरुष	महिला
1.	Jalor	54.9	70.7	38.5
2.	Badmer	56.5	70.9	40.6
3.	Naogor	62.8	77.2	47.7
4.	Jeslmer	57.2	72.0	39.7
5.	Gaganager	69.6	78.5	59.7
6.	Bikaner	65.1	75.9	53.2
7.	Churu	66.8	78.8	54.0
8	Ghunjunu	74.1	86.9	61.0
9	Jodhapur	65.9	79.0	51.8
10	Haumangardh	67.1	77.4	55.8
11	Sikar	71.9	85.1	58.2
12	Pali	62.4	76.8	48.0

राजस्थान की मरुस्थलीय क्षेत्र में साक्षरता का अस्तर राष्ट्रीय औसत से कम है तथा महिला की साक्षरता पर गौर करें यह स्थिति इतनी खराब है कि कल महिला का लगभग 50% भाग अशिक्षित है। जो कभी विद्यालय गए ही नहीं राजस्थान के जालौर बाड़मेर एवं जैसलमेर जिला में शिक्षा का स्तर देखने लायक है यही महिला शिक्षा न्यूनतम स्तर पर है। 38.5 40.6 एवं 39.7 प्रतिशत मात्रा है। मरुस्थलीय क्षेत्र में यहां आंकड़े शिक्षा की सुविधा दो पर काम विकास को दर्शाता है। अत: ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यालयों में भौतिक सुविधाओं की स्थिति मजबूत और बेहतर करने चाहिए राजस्थान के मरुस्थलीय क्षेत्र में रेट के टीलों में इनकी मकान है । जिनकी झोपड़ियां प्रमुख आवास होती है। यह मुख्यमंत्री आवास योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के चलते पक्के आवासों में वृद्धि हुई है। गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों की आवासीय स्थिति बहुत दाहिनी है यह लोग कच्चे छप्पर घास भुस लकड़ी से झोपड़िया में अपना जीवन गुजार रहे हे। गर्मी दिनो को बारिश व गर्मी में विकट परिस्थितियों का भीषण सामना करना पड़ता है। आंधी और तूफान में इन परिवारों की आर्थिक स्थिति बहुत खराब हो जाती है।

पेयजल - राजस्थान के मरुस्थलीय क्षेत्र में गांव के लिए प्रमुख और मुख्य समस्या पेयजल की है। ग्रामीण लोगों को शुद्ध पेयजल प्राप्त नहीं होता है। ग्रामीण क्षेत्रों में लोग जल संरक्षण के लिए बड़े-बड़े टंकियां का निर्माण ताकि टाको का निर्माण करते हैं। गांव में महिलाओं को पानी के लिए लंबी दूरी तय कर अपनी दूर से लाना पड़ता है क्योंकि लोग ढानियो में दूरदराज क्षेत्रों में निवास करते हैं। सरकार ने कई योजनाओं में घर-घर टैंक की सुविधा भी की गई है।

रोजगार – राजस्थान मरुस्थलीय क्षेत्र में ग्रामीणों की प्रमुख समस्या रोजगार मजदूरी पशुपालन एवं कृषि कार्य है। कृषि मानसून पर निर्भर है। वर्षा की कम मात्रा के अभाव में ग्रामीण क्षेत्र से पुरुषों का रोजगार की तलाश में प्रवास करते हैं। सरकार ने मनरेगा योजना ज्यादातर ग्रामीण क्षेत्रों में घर पर रहने वाली महिलाएं कार्य करती है। यह रोजगार बढ़ाने व उपलब्ध कराने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका रहती है।

मरुस्थलीय क्षेत्र में ग्रामीण क्षेत्र की प्रमुख समस्याए – मरुस्थलीय क्षेत्र में शिक्षा का स्तर बहुत ही निम्न होता है। जिसमें ग्रामीण योजना की पूरी जानकारी से वंचित रहते हैं जिसके कारण योजना का लाभ सही ढंग से नहीं मिलता है आर्थिक सामाजिक व सांस्कृतिक दृष्टि से अन्य क्षेत्रों से बहुत नीचे स्तर पर मरुस्थली क्षेत्र में संसाधनों की कमी भी प्रमुख समस्या है। जिसके अभाव में भारी मात्रा में कार्यशील जनसंख्या का प्रवास रोजगार की तलाश में बढ़ जाता है।

1. महिला शिक्षा का न्यूनतम स्तर से महिला सशक्तिकरण का स्तर निम्न है।
2. ग्रामीण क्षेत्र दूरदराज ढाणीया में होने से संचार सुविधाओं के अभाव में जागरूकता की कमी से विकास योजना का लाभ सही नहीं पहुंच पाता है।
3. मरुस्थलीय क्षेत्र में जल के अभाव होने से आज भी शुद्ध पर जल एवं सिंचाई की प्रमुख समस्या रहती है।
4. यहां प्रमुख व्यवसाय पशुपालन एवं मजदूरी प्राथमिक व्यवसाय पर ही ज्यादातर जनसंख्या निर्भर है।

निष्कर्ष एवं सुझाव – ग्रामीण क्षेत्र मरुस्थलीय क्षेत्र पॉलिश पाली जिले में आधारभूत सुविधाओं के अभाव से ग्रामीण क्षेत्र का संपूर्ण विकास धीमी गति से हो पता है क्योंकि गांव के विकास स्तर में प्रत्येक गांव आसमान रूप से ढाणीया में बसे हुए हैं जो अलग-अलग दूर-दूर है ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की परी समस्याएं प्राथमिक क्षेत्र के अलावा तृतीय तृतीय व्यवसाय में बहुत ही कमी है शिक्षा एवं स्वास्थ्य की सुविधा भी बहुत ज्यादा है क्योंकि रेगिस्तान और रेतीला इलाका होने की वजह से विकास में गति कम है। राजस्थान राज्य में सामाजिक-आर्थिक विकास भौतिक कारकों से प्रभावित है। पश्चिमी राजस्थान में मरूस्थलीय दशाएँ एवं दक्षिणी राजस्थान में अरावली पर्वतमाला की अवस्थिति के कारण इस क्षेत्र का कुल क्षेत्रफल का 69.96 प्रतिशत भाग व कुल जनसंख्या का 60.81 प्रतिशत भाग निम्न व अतिनिम्न विकसित है। राज्य में सामाजिक-आर्थिक विकास का स्तर कृषि विकास से सकारात्मक रूप से संबंधित है। यह शोध विकास के आयामों और पिछड़ेपन की स्थिति विश्लेषण करने में मदद करता है और संतुलित क्षेत्रीय विकास के लिए भविष्य की योजना और सूक्ष्म स्तर पर विकास के स्तर में स्थानिक भिन्नता को कम करने के लिए एक प्रासंगिक रणनीति तैयार करने के लिए भी उपयोगी है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. डॉ. माथुर, बी.एल. (2009) श्ग्रामीण अर्थव्यवस्थाश अर्जुन पब्लिशिंग हाउस दिल्ली।
2. डॉ. माथूर, बी.एल. (2009) श्भारतीय अर्थव्यवस्थाश अर्जुन पब्लिशिंग हाउस दिल्ली।
3. डॉ. माथुर, रीता (2009) श्आर्थिक विकास और योजनाश अर्जुन पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली।
4. तिवारी आर.टी. और सिन्हा आर.सी. (1988) भारत में ग्रामीण विकास, आशीष पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली।
5. डॉ. गर्ग डी.पी., (1986) श्एकीकृत ग्रामीण विकास और सहकारिता, शिव प्रकाशन, इंदौर, पृ. 256.
6. के. एल. चार्लिस (1990) टोटल डेवलपमें, नेशनल बुक सेन्टर, दिल्ली।
7. मार्ग दर्शिका, 2011 मनरेगा तथा अंकेक्षण भारत सरकार।
8. योजना (पत्रिका) 2013-14, ग्रामीण विकास मंत्रालय, दिल्ली।
9. कुरूक्षेत्र पत्रिका (2014) ग्रामीण विकास मंत्रालय, दिल्ली।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2026, E-Journal, Vol. I, Issue LIV (54), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध: कारण एवं निराकरण

रविना कोचे* डॉ. पूजा तिवारी**

* शोधार्थी, शासकीय महाविद्यालय, बिछुआ, जिला छिंदवाड़ा, राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय, छिंदवाड़ा (म.प्र.) भारत
** विभागाध्यक्ष (समाजशास्त्र) शासकीय महाविद्यालय, बिछुआ,जिला छिंदवाड़ा (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – महिलाएँ समाज की रीढ़ हैं, और उनका सम्मान करना हमारा कर्तव्य है।

महिलाओं के बिना जीवन अधूरा है, और उनके अधिकारों की रक्षा करना हम सभी की जिम्मेदारी है।

महिलाओं के प्रति अपराध एक गहरी समस्या है, जो समाज के हर वर्ग में व्याप्त है। बलात्कार, छेड़छाड़ और घरेलू हिंसा जैसी घटनाएँ महिलाओं के आत्मविश्वास को तोड़ती हैं। और उनके अधिकारों का उल्लंघन करती हैं। हमें महिलाओं के प्रति अपराध के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए और उन्हें सुरक्षा और सम्मान दिलाने के लिए करना चाहिए। महिलाओं के बिना जीवन अधूरा है, और उनके अधिकारों की रक्षा करना हम सभी की जिम्मेदारी है।

भारतीय समाज की नैतिक और सामाजिक संरचना पर भी नकारात्मक प्रभावित डालते हैं। समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण से देखा जाए तो इन अपराधों के पीछे पितृसत्तात्मक व्यवस्था, लैंगिक असमानता, अशिक्षा, गरीबी और सामाजिक कुरीतियाँ प्रमुख कारण हैं। इन अपराधों का प्रभाव महिलाओं के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव पड़ता है, जिससे उनमें भय, असुरक्षा, आत्मविश्वास की कमी और सामाजिक अलगाव जैसी समस्याएँ उत्पन्न हो जाती हैं। इसके अलावा, यह समस्या परिवार और समाज के समग्र विकास को बाधित करती है। महिलाओं के प्रति अपराधों की रोकथाम के लिए सामाजिक जागरूकता बढ़ाना, महिलाओं को शिक्षा और रोजगार के अवसर प्रदान करना तथा उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सजग बनाना भी अत्यंत आवश्यक है। इसके साथ ही सरकार से बनाए गए कानूनों का कठोरता से पालन, अपराधियों को सख्त सजा और पुलिस व न्याय व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाना भी जरूरी है। समाज के सभी वर्गों–परिवार, विद्यालय, सामाजिक संस्थाएँ और सरकार–को मिलकर महिलाओं के प्रति सम्मान और समानता की भावना विकसित करनी होगी। जब समाज में महिलाओं को सुरक्षित वातावरण, समान अवसर और सम्मान मिलेगा, तभी एक स्वस्थ, न्यायपूर्ण और प्रगतिशील समाज का निर्माण संभव हो सकेगा।

भारत जैसे विशाल और विविधता वाले देश में अपराध की समस्या कई सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक कारणों से जुड़ी हुई है। इसलिए अपराधों के प्रभाव को समझना और उसके निवारण के उपायों का अध्ययन करना आवश्यक है।

इस शोध पत्र में मुख्यत: महिलाओं के प्रति अपराधों के प्रभाव एवं निवारण का एक समाजशास्त्रीय अध्ययन प्रस्तुत किया गया है।

शब्द कुंजी – अपराध, महिला, समाज,सोशल मीडिया, अपराधी ।

अपराध को कम करने के कुछ उपाय निम्न हैं : –

- **शिक्षा का प्रसार –** अच्छी शिक्षा से लोगों में क्या अच्छा और क्या गलत की समझ बढ़ती है। पढ़े–लिखे लोग अपराध की ओर कम झुकते हैं, इसलिए शिक्षा का स्तर बढ़ाना जरूरी है।
- **रोजगार के अवसर बढ़ाना –** बेरोजगारी कई बार लोगों को अपराध की ओर धकेल देती है। यदि सरकार और समाज अधिक रोजगार के अवसर पैदा करें तो अपराध कम हो सकता है।
- **कड़े कानून और सख्त सजा का प्रावधान –** कानून जब सख्त होते हैं तब अपराधियों को जल्दी से सजा मिलती है, तो अपराध करने से डरते हैं।
- **पुलिस व्यवस्था मजबूत करना –** पुलिस की संख्या, प्रशिक्षण और तकनीक जैसे बबजअ साइबर मॉनिटरिंग बढ़ाने से अपराध पर नियंत्रण रखा जा सकता है।
- **समाज में नैतिक मूल्यों का विकास –** परिवार और समाज में ईमानदारी, सहानुभूति और जिम्मेदारी जैसे मूल्यों को बढ़ावा देना चाहिए।
- **नशे पर नियंत्रण–** शराब और नशे की वजह से कई अपराध होते हैं। नशे पर नियंत्रण करने से अपराध कम हो सकते हैं।
- **जनजागरूकता और सामुदायिक भागीदारी –** लोगों को कानून और अपने अधिकारों के बारे में जागरूक करना तथा पड़ोस की निगरानी बढ़ाना भी जरूरी है।

साहित्य समीक्षा

खंडेला नरसिंह जी (2004) – अपने शोध में महिला उत्पीड़न पर काम किया है, जिसमें उन्होंने महिलाओं के खिलाफ होने वाले उत्पीड़न के विभिन्न पहलुओं का अध्ययन किया है। उनके शोध में महिलाओं के अधिकारों, उनके साथ होने वाले दुर्व्यवहार, और उन्हें मिलने वाले न्याय के बारे में जानकारी शामिल हैं। उन्होंने अपने शोध में यह भी बताया है कि महिलाओं के खिलाफ उत्पीड़न को रोकने के लिए क्या कदम उठाए जा सकते हैं और समाज में महिलाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सकती है।

सुरभि आव्रहा (2009) – अपने शोध में बताया कि ग्रामीण विवाहित महिलाओं के विरुद्ध घरेलू हिंसा ने अपने अध्ययन के कुल 50 दंपत्ति पाया कि 35 प्रतिशत ग्रामीण दंपत्ति ने घरेलू हिंसा स्वीकार की है एवं 22 से 40 वर्ष की आयु दंपत्ति बीच मारपीट ज्यादा देखी गई है।

अनिता पटेल (2001) – अपने शोध में बताया कि महिला उत्पीड़न से पीड़ित महिलाओं की मानसिक स्थिति व उनकी संतान के विकास पर पड़ने

वाले नकारात्मक प्रभाव का वर्णन किया गया है। इस शोध पत्र में स्पष्ट किया गया है कि किस प्रकार से परिवार के सदस्य चाहे वह महिला हो या पुरुष दोनों ही महिला अपराध के लिए उत्तरदायी हैं। इस शोध के निष्कर्ष के आधार पर स्पष्ट किया गया कि महिलाओं के विरुद्ध हिंसा में जो गालियाँ देना, मार-पीट करना होता है। उसका दुष्प्रभाव बच्चों के व्यवहार पर होता है। और बच्चे भी उसी भांति व्यवहार अपने खिलौनों या सदस्य से करते हैं।

गुप्त अनुजा (2001) – अपने शोध में बताया कि महिलाओं के साथ बचपन और किशोरावस्था में यौन शोषण एक समस्या न केवल व्यक्तिगत है, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक भी है। यौन शोषण के कारण महिलाओं को अपने जीवन में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। जैसे कि मानसिक स्वास्थ्य समस्याएँ, आत्मसम्मान की कमी और सामाजिक संबंधों में कठिनाइयाँ।

अपराध के कारण कुछ निम्न प्रकार के नीचे दिए गए हैं –

1. **शराब और नशे की लत –** जब पति शराब या अन्य नशे का सेवन करता है तो गुस्सा, हिंसा और नियंत्रण खोने की संभावना बढ़ जाती है, जिससे घरेलू हिंसा की घटनाएँ बढ़ती हैं।
2. **शिक्षा और जागरूकता की कमी –** कई जगहों पर अभी भी महिलाओं के अधिकारों के बारे में जानकारी कम होती है। इससे पति महिलाओं के साथ गलत व्यवहार करते हैं।
3. **पुरुष प्रधान की मानसिकता –** कुछ समाजों में अभी यह सोच है कि पति का अधिकार ज्यादा है और पत्नी को दबाकर रखना चाहिए, जिससे अत्याचार बढ़ता है।
4. **आर्थिक तनाव और बेरोजगारी –** पैसे की कमी, नौकरी का तनाव या बेरोजगारी घर में झगड़े और हिंसा का कारण बन सकते हैं।
5. **दहेज और पारिवारिक दबाव –** दहेज की मांग या परिवार के दबाव के कारण भी कई बार महिलाओं पर अत्याचार या अपराध होते हैं।
6. **गुस्सा और मानसिक समस्याएँ –** कुछ लोगों में क्रोध नियंत्रण की समस्या या मानसिक तनाव भी हिंसक व्यवहार को बढ़ा सकता है।
7. **कानून का डर कम होना –** जब लोगों को लगता है कि उन्हें सजा नहीं मिलेगी या कानून सख्ती से लागू नहीं होता तो वे अपराध करने से नहीं डरते।

शोध पद्धति – यह अध्ययन समाजशास्त्रीय अध्ययन दृष्टिकोण पर आधारित शोध पत्र है। जिसमें महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध कारण एवं निराकरण का अध्ययन सामाजिक समर्थन का विश्लेषण किया गया है। जिसमें द्वितीयक आंकड़ों जैसे विषय वस्तु से संबंधित पुस्तिकाओं का अध्ययन कर समाचार पत्रों पत्रिकाओं तथा रिपोर्ट्स आदि से तथ्य एकत्रित किया गया है।

इस शोध पत्र को द्वितीयक आंकड़ों के द्वारा तैयार किया गया है।

निष्कर्ष – प्राचीन काल से लेकर वर्तमान काल तक महिलाओं को दासता, रूढ़ियों, हिंसा का सामना करना पड़ रहा है। कभी धर्म के नाम पर कभी आधुनिकता के नाम पर महिलाओं को शोषण का सामना करना पड़ता है। जमाना कभी औरतों के लिए नहीं बदलता है ऐसा प्रतीत होता है। इस शोध प्रबंध के माध्यम से महिलाओं के विचारों और वो समाज से अपेक्षा रखती हैं। और महिला अपराधों की सूचना शासन और कानून तक पहुंचाने की सजगता और जागरूकता पर ध्यान केंद्रित किया जा सकेगा। क्योंकि आज भी महिलाएँ अपने साथ हुए अत्याचारों को छुपा लेती हैं उन्हें जागरूक किया जाना है।

अपराध को कम करने के लिए शिक्षा, रोजगार, सख्त कानून, मजबूत पुलिस और समाज में अच्छे संस्कार इन सभी का मिलकर काम करना जरूरी है।

महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध समाज के लिए एक गंभीर और चिंताजनक समस्या है। यह समस्या अशिक्षा, गलत मानसिकता, नशे की लत, सामाजिक असमानता और कानून के कमजोर पालन के कारण बढ़ती है। इसे रोकने के लिए समाज में जागरूकता बढ़ाना, महिलाओं को शिक्षा और अधिकार देना, सख्त कानून लागू करना और पुरुष-महिला समानता की भावना को बढ़ावा देना बहुत आवश्यक है। जब समाज के सभी लोग मिलकर महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा के लिए काम करेंगे, तभी एक सुरक्षित और सभ्य समाज का निर्माण हो सकेगा।

इस शोध पत्र का मुख्य केंद्रबिंदु है यह शोध पत्र समाज के लिए बहुत उपयोगी साबित होगा ऐसी आशा करते हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. पटेल अनिता (2001) महिला उत्पीड़न का सिलसिला,शोध-पत्र वॉल्यूम।
2. खंडेला नरसिंह जी (2004) महिला उत्पीड़न, जयपुर प्रकाशन।
3. आग्रहा सुरभि(2009)ग्रामीण विवाहित महिलाओं के विरुद्ध घरेलू हिंसा, दिल्ली प्रकाशन।
4. गुप्त अनुजा (2001) महिलाओं के साथ बचपन और किशोरावस्था में यौन शोषण एक समस्या, सीबीएस प्रकाशन।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2026, E-Journal, Vol. I, Issue LIV (54), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

Environmental Effects of Industrial Development in Selected Industrial Region of Bilaspur District

Dr. Kajal Moitra* Dipak Mandal**

*Professor (Geography) and Head (Social Science) Dr. C V Raman University. Bilaspur (CG) INDIA
**Research Scholar (Geography) Dept. of Social Science, Dr. C V Raman University, Bilaspur (CG) INDIA

Abstract: Industrial development is an essential component of regional economic growth, generating employment opportunities, infrastructure, and technological advancement. However, rapid industrial expansion often leads to significant environmental degradation if adequate environmental safeguards are not implemented. The present study examines the environmental effects of industrial development in selected industrial regions of Bilaspur District. The research focuses on major environmental concerns, including air pollution, water pollution, soil degradation, noise pollution, solid waste generation, reduction in green cover, and health-related problems experienced by nearby communities. The study is based on primary data collected from 400 respondents residing in villages located near industrial establishments. A structured questionnaire based on a five-point Likert scale was used to assess public perception regarding environmental impacts. The findings indicate that industrial activities have considerably affected environmental quality, with respondents expressing serious concerns regarding deteriorating air and water quality, increasing industrial waste, declining vegetation, and growing health issues. The study concludes that sustainable industrial development requires strict implementation of environmental regulations, continuous monitoring, adoption of cleaner technologies, effective waste management, and community participation to minimize ecological degradation while maintaining economic growth.

Keywords: Industrial Development, Environmental Pollution, Sustainable Development, Industrial Regions, Environmental Impact.

Introduction - Industrialization is widely recognized as one of the primary drivers of economic transformation and regional development. It contributes significantly to employment generation, industrial production, infrastructure development, urbanization, and improvement in living standards. Developing countries have increasingly promoted industrial growth to accelerate economic progress and improve regional competitiveness. However, rapid industrial expansion has also intensified environmental challenges, particularly in regions dominated by mining, steel production, thermal power generation, engineering industries, and manufacturing activities.

Industrial processes release pollutants into the atmosphere, contaminate water resources, degrade agricultural land, generate large quantities of solid waste, and contribute to the depletion of natural vegetation. These environmental changes affect ecosystem stability, biodiversity, agricultural productivity, and public health. Communities residing near industrial regions are particularly vulnerable because of continuous exposure to industrial emissions, hazardous waste, excessive noise, and contaminated natural resources.

The selected industrial region of Bilaspur District has experienced considerable industrial expansion during recent decades. Although this growth has strengthened the regional economy, it has also increased environmental pressure on surrounding villages and ecosystems. Therefore, assessing the environmental consequences of industrial development is essential for promoting sustainable industrial planning and environmental conservation.

Review of Literature

Several researchers have examined the relationship between industrial development and environmental sustainability. Early studies emphasized the economic benefits of industrialization while recognizing the environmental costs associated with rapid industrial expansion.

Allen J. Scott highlighted that industrial concentration accelerates regional economic growth but simultaneously increases pressure on environmental resources. David W. Pearce emphasized the importance of integrating environmental considerations into development planning to achieve sustainable economic growth. Studies by Robert Costanza demonstrated that environmental degradation imposes long-term economic and social costs if natural

resources are not managed sustainably.

Indian researchers have also documented the environmental impacts of industrialization, particularly in mining and heavy industrial regions. Their findings indicate that industrial emissions, untreated wastewater, fly ash disposal, mining activities, and deforestation significantly affect air quality, water resources, agricultural productivity, and public health. Most previous studies recommend stronger environmental governance, cleaner production technologies, regular environmental monitoring, and increased community participation. However, relatively limited research has focused specifically on the environmental effects of industrial development in selected industrial regions of Bilaspur District, creating the need for the present investigation.

Objectives: The study was conducted with the following objectives:

1. To examine the environmental effects of industrial development in the selected industrial region of Bilaspur District.
2. To assess the impact of industrial activities on air, water, soil, and noise pollution.
3. To evaluate the influence of industrialization on solid waste generation, green cover, and public health.
4. To suggest measures for promoting environmentally sustainable industrial development.

Methodology: The present study is based on a descriptive and analytical research design. Both primary and secondary sources of information were utilized. Primary data were collected through structured questionnaires administered to 400 respondents residing in villages surrounding the selected industrial region. Respondents were selected using purposive and random sampling techniques to ensure adequate representation of different socio-economic groups.

The questionnaire consisted of statements related to major environmental issues associated with industrial development, including air pollution, water contamination, soil degradation, noise pollution, solid waste generation, reduction in green cover, and health problems. Responses were obtained using a five-point Likert scale. Secondary information was collected from government reports, environmental publications, research articles, census documents, industrial reports, and relevant academic literature. The collected data were analyzed using descriptive statistical techniques and interpreted to understand the environmental consequences of industrial development.

Discussion: The findings of the present study reveal that industrial development has produced a dual impact on the selected industrial region of Bilaspur District. On the one hand, industrialization has contributed significantly to economic development by generating employment opportunities, promoting infrastructure development, encouraging urbanization, and increasing regional income. On the other hand, rapid industrial expansion has created considerable environmental challenges that have affected the ecological balance and the quality of life of nearby communities. The perceptions of respondents indicate that environmental degradation has become an inevitable consequence of unplanned industrial growth and inadequate environmental management practices.

Among the various environmental issues investigated, air pollution emerged as the most significant concern. Respondents reported that emissions from manufacturing industries, mining activities, thermal power plants, transportation, and construction work have substantially deteriorated ambient air quality. Continuous release of particulate matter, sulphur dioxide, nitrogen oxides, carbon monoxide, and industrial dust has resulted in visible environmental degradation. The accumulation of dust on agricultural fields, residential buildings, and vegetation has become a common phenomenon in villages located close to industrial establishments. Poor air quality not only affects visibility but also reduces agricultural productivity by interfering with plant growth and photosynthesis. These findings support earlier studies which emphasize that industrial emissions remain one of the major contributors to atmospheric pollution in rapidly industrializing regions.

Water pollution was identified as another major environmental concern affecting the study area. Respondents believed that industrial wastewater, mining runoff, fly ash disposal, and improper management of industrial effluents have considerably deteriorated the quality of both surface water and groundwater. Local ponds, streams, canals, and groundwater sources used for domestic purposes and irrigation have become increasingly vulnerable to contamination. Water pollution not only threatens drinking water availability but also affects agricultural activities, livestock, fisheries, and aquatic biodiversity. Many respondents expressed concern that contaminated water has increased the incidence of water-borne diseases and reduced the productivity of agricultural lands dependent on local water resources. These findings indicate the necessity of strengthening wastewater treatment facilities and implementing stricter environmental monitoring to prevent further degradation of water resources.

The study further highlights soil pollution as an important environmental consequence of industrial development. Disposal of industrial waste, fly ash, mining overburden, chemical residues, and construction debris has adversely affected soil quality in villages surrounding industrial zones. Respondents perceived that contamination of agricultural land has reduced soil fertility, resulting in lower crop productivity and increased dependence on chemical fertilizers. Continuous deposition of industrial dust and hazardous substances alters soil composition and negatively affects microorganisms essential for maintaining soil health. In addition, mining activities disturb natural

landforms and increase the risk of soil erosion and land degradation. These observations demonstrate that improper industrial waste management has long-term implications for agricultural sustainability and environmental conservation.

Noise pollution has also emerged as a serious environmental issue in the selected industrial region. Heavy machinery, mining operations, industrial equipment, transportation of raw materials, and continuous industrial production generate excessive noise levels that affect surrounding settlements. Respondents reported that prolonged exposure to industrial noise has resulted in stress, sleep disturbances, headaches, reduced work efficiency, hearing-related problems, and psychological discomfort. Noise pollution also affects school environments, healthcare facilities, and wildlife habitats located near industrial areas. Although industries generally focus on controlling air and water pollution, noise management often receives comparatively less attention. Therefore, effective implementation of sound barriers, green buffer zones, maintenance of industrial machinery, and enforcement of permissible noise standards are essential for improving environmental quality.

Another important finding of the study relates to the increasing generation of industrial solid waste. Respondents observed that industrialization has significantly increased the production of fly ash, slag, metal scrap, chemical residues, construction debris, hazardous waste, and mining overburden. Inadequate segregation, improper disposal, and open dumping of industrial waste have intensified land degradation and environmental contamination. Solid waste accumulation not only occupies valuable land resources but also creates secondary pollution through leaching, dust generation, and contamination of nearby water bodies. The study suggests that scientific waste management practices, recycling, resource recovery, and environmentally sound disposal techniques are essential for minimizing the adverse environmental impacts associated with industrial solid waste.

The decline in green cover was another important environmental issue identified during the investigation. Respondents perceived that rapid industrial expansion, mining activities, infrastructure development, and urbanization have considerably altered natural landscapes by replacing forests, agricultural land, and open spaces with industrial infrastructure. Reduction in vegetation has weakened ecological stability, increased local temperatures, reduced biodiversity, and diminished the natural capacity of ecosystems to absorb atmospheric pollutants. Although several industries have implemented plantation programmes under Corporate Social Responsibility (CSR) initiatives and environmental compliance requirements, respondents believed that these efforts are insufficient to compensate for the extensive loss of natural vegetation. The findings emphasize the need for large-scale afforestation, ecological restoration of degraded land, and development of green belts around industrial areas to improve environmental sustainability.

Public health emerged as one of the most critical dimensions of environmental degradation associated with industrial development. Respondents reported frequent occurrence of respiratory illnesses, asthma, chronic cough, skin diseases, eye irritation, allergies, headaches, and other pollution-related health problems among residents living close to industrial establishments. Continuous exposure to polluted air, contaminated water, excessive noise, and hazardous industrial waste has adversely affected both physical and mental well-being. Children, elderly people, and individuals with pre-existing health conditions were perceived to be more vulnerable to industrial pollution. Increased healthcare expenditure, reduced labour productivity, and declining quality of life further highlight the socio-economic consequences of environmental degradation.

Overall, the findings demonstrate that while industrial development has played an important role in promoting regional economic growth, its environmental costs have become increasingly evident. The study indicates that sustainable industrial development cannot be achieved solely through economic expansion but must also incorporate environmental protection, pollution control, efficient resource utilization, and community participation. Adoption of cleaner production technologies, strict enforcement of environmental regulations, regular environmental impact assessments, continuous monitoring of pollution levels, scientific waste management, restoration of degraded ecosystems, and active involvement of local communities are essential for ensuring a balance between industrial growth and environmental sustainability. Such integrated approaches will help minimize ecological degradation while supporting long-term economic development and improving the quality of life of people residing in industrial regions.

Conclusion: Industrial development has significantly contributed to the economic advancement of the selected industrial region of Bilaspur District by creating employment opportunities, improving infrastructure, and supporting regional growth. However, the environmental consequences of rapid industrialization have become increasingly evident. Air pollution, water contamination, soil degradation, excessive noise, industrial waste generation, reduction in green cover, and growing health problems collectively threaten environmental sustainability and public well-being. Achieving sustainable industrial development requires balancing economic growth with environmental protection. Industries should adopt cleaner production technologies, strengthen pollution control systems, improve waste management practices, increase afforestation efforts, and comply strictly with environmental regulations. Continuous environmental monitoring, public awareness programmes,

and active participation of local communities are equally important for ensuring sustainable industrial development. The study recommends integrated environmental planning and responsible industrial governance to minimize ecological degradation while supporting long-term economic development.

References:-

1. Costanza, R., d'Arge, R., de Groot, R., Farber, S., Grasso, M., Hannon, B., et al. (1997). *The value of the world's ecosystem services and natural capital*. Nature, 387(6630), 253–260.
2. Pearce, D., & Turner, R. K. (1990). *Economics of Natural Resources and the Environment*. Harvester Wheatsheaf.
3. Scott, A. J. (2006). *Geography and Economy*. Oxford University Press.
4. Government of India. (2023). *Economic Survey of India 2022–23*. Ministry of Finance.
5. Government of Chhattisgarh. (2024). *Economic Survey of Chhattisgarh 2023–24*. Directorate of Economics and Statistics.
6. Central Pollution Control Board. (2023). *Annual Report*. Ministry of Environment, Forest and Climate Change.
7. Ministry of Environment, Forest and Climate Change. (2023). *State of Environment Report*. Government of India.
8. World Bank. (2021). *Pollution Management and Environmental Health Program*. World Bank Publications.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2026, E-Journal, Vol. I, Issue LIV (54), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

रामधारी सिंह दिनकर के काव्य में राष्ट्रीय चेतना : एक आलोचनात्मक अध्ययन

मनोहर दान*

* ई-96, सेक्टर 12, सिद्धार्थ नगर, मालवीय नगर, जयपुर (राज.) भारत

शोध सारांश – आधुनिक हिंदी साहित्य में रामधारी सिंह दिनकर राष्ट्रीय चेतना के सर्वाधिक सशक्त कवियों में परिगणित किए जाते हैं। उन्होंने ऐसे समय में साहित्य सृजन किया जब भारतीय समाज औपनिवेशिक शासन, सांस्कृतिक संक्रमण, सामाजिक विषमता तथा राजनीतिक संघर्षों से गुजर रहा था। दिनकर के काव्य में राष्ट्रीयता केवल राजनीतिक स्वतंत्रता तक सीमित नहीं है, बल्कि उसमें सांस्कृतिक अस्मिता, सामाजिक न्याय, मानवीय गरिमा तथा विश्वबंधुत्व की व्यापक भावना समाहित है। प्रस्तुत शोध आलेख में दिनकर के काव्य में निहित राष्ट्रीय चेतना के विविध आयामों का आलोचनात्मक अध्ययन किया गया है। विशेष रूप सेरेणुका, हुंकार, कुरुक्षेत्र, रश्मिरथीतथापरशुराम की प्रतीक्षाजैसी कृतियों के आधार पर यह स्पष्ट करने का प्रयास किया गया है कि दिनकर की राष्ट्रीय चेतना भारतीय समाज के सांस्कृतिक, राजनीतिक तथा नैतिक जीवन को किस प्रकार प्रभावित करती है।

शब्द कुंजी – राष्ट्रीय चेतना, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, सामाजिक न्याय, दिनकर, आधुनिक हिंदी कविता, स्वतंत्रता आंदोलन।

प्रस्तावना – साहित्य और समाज का संबंध अत्यंत घनिष्ठ माना गया है। साहित्य केवल मनोरंजन का साधन नहीं होता, बल्कि वह समाज की सामूहिक चेतना, सांस्कृतिक मूल्यों और ऐतिहासिक अनुभवों का संवाहक भी होता है। किसी राष्ट्र की राजनीतिक परिस्थितियाँ, सामाजिक संरचनाएँ तथा सांस्कृतिक मान्यताएँ उसके साहित्य में प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से अभिव्यक्त होती हैं। हिंदी साहित्य के आधुनिक काल में राष्ट्रीय चेतना का विकास विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा है।

उन्नीसवीं शताब्दी के उत्तरार्ध से भारत में राष्ट्रीय पुनर्जागरण की प्रक्रिया प्रारंभ हुई। विदेशी शासन के दमन, आर्थिक शोषण और सांस्कृतिक हीनता की भावना ने भारतीय समाज को गहराई से प्रभावित किया। इस परिस्थिति में साहित्यकारों ने जनता में राष्ट्रीय भावना जागृत करने का दायित्व निभाया। भारतेंदु हरिश्चंद्र, मैथिलीशरण गुप्त, माखनलालचतुर्वेदी तथा सुभद्रा कुमारी चौहान जैसे कवियों ने राष्ट्रीय चेतना के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसी परंपरा को रामधारी सिंह दिनकर ने नई ऊँचाइयाँ प्रदान कीं।

दिनकर का साहित्य भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की पृष्ठभूमि में विकसित हुआ। उनकी कविताओं में संघर्ष, स्वाभिमान, क्रांति और सांस्कृतिक गौरव के स्वर अत्यंत मुखर हैं। उन्होंने राष्ट्र को केवल राजनीतिक सत्ता के रूप में नहीं, बल्कि एक जीवंत सांस्कृतिक इकाई के रूप में देखा। उनकी राष्ट्रीयता में भारतीय संस्कृति के प्रति गहरी आस्था, सामाजिक विषमताओं के प्रति असंतोष तथा मानवीय मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता दिखाई देती है।

राष्ट्रीय चेतना : अवधारणा एवं स्वरूप – राष्ट्रीय चेतना आधुनिक युग की एक महत्वपूर्ण अवधारणा है। सामान्यत: इसका अर्थ किसी राष्ट्र के प्रति प्रेम, निष्ठा और समर्पण की भावना से लगाया जाता है, किंतु इसका वास्तविक स्वरूप इससे कहीं अधिक व्यापक है। राष्ट्रीय चेतना में साझा इतिहास, सांस्कृतिक परंपराएँ, भाषा, सामाजिक मूल्य तथा सामूहिक आकांक्षाएँ सम्मिलित होती हैं।[1]

भारतीय राष्ट्रीयता की विशेषता यह है कि इसका आधार केवल राजनीतिक एकता नहीं, बल्कि सांस्कृतिक निरंतरता भी है। भारत विभिन्न भाषाओं, धर्मों और जातीय समूहों का देश है, फिर भी उसकी सांस्कृतिक आत्मा सदियों से एक रही है। इसी सांस्कृतिक एकता ने राष्ट्रीय चेतना के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

राष्ट्रीय चेतना के प्रमुख आयाम निम्नलिखित हैं:

1. **सांस्कृतिक आयाम –** सांस्कृतिक राष्ट्रीयता किसी राष्ट्र की परंपराओं, भाषाओं, रीति-रिवाजों और सांस्कृतिक उपलब्धियों के प्रति सम्मान की भावना उत्पन्न करती है। दिनकर भारतीय संस्कृति को मानव सभ्यता की महत्वपूर्ण धरोहर मानते हैं।
2. **राजनीतिक आयाम –** राजनीतिक राष्ट्रीयता का संबंध स्वतंत्रता, स्वशासन और लोकतांत्रिक मूल्यों से है। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान यह चेतना अत्यंत प्रबल रूप में विकसित हुई।
3. **सामाजिक आयाम –** राष्ट्रीय चेतना तभी सार्थक मानी जा सकती है जब समाज में समानता, न्याय और बंधुत्व की स्थापना हो। दिनकर सामाजिक विषमताओं को राष्ट्रीय एकता के लिए बाधक मानते हैं।
4. **मानवीय आयाम –** दिनकर की राष्ट्रीयता अंतत: मानवता की व्यापक भावना में परिणत होती है। वे संकीर्ण राष्ट्रवाद के समर्थक नहीं हैं।[2]

रामधारी सिंह दिनकर : व्यक्तित्व, कृतित्व एवं युगीन पृष्ठभूमि– रामधारी सिंह दिनकर का जन्म 23 सितंबर 1908 को बिहार के बेगूसराय जिले के सिमरिया गाँव में हुआ। उनका बचपन आर्थिक कठिनाइयों में बीता, किंतु उन्होंने स्वाध्याय और परिश्रम के बल पर व्यापक ज्ञान अर्जित किया।

इतिहास, दर्शन, राजनीति और भारतीय संस्कृति का गहन अध्ययन उनके व्यक्तित्व की महत्वपूर्ण विशेषता थी।

दिनकर ऐसे समय में साहित्य क्षेत्र में आए जब भारत स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए संघर्ष कर रहा था। देश में असहयोग आंदोलन, सविनय अवज्ञा आंदोलन और भारत छोड़ो आंदोलन जैसी घटनाएँ राष्ट्रीय जीवन को प्रभावित कर रही थीं। इन परिस्थितियों का प्रभाव दिनकर के काव्य पर स्पष्ट रूप से दिखाई देता है।

उनकी प्रमुख कृतियों मेंरेणुका, हुंकार, कुरुक्षेत्र, रश्मिरथी, उर्वशी, परशुराम की प्रतीक्षातथासंस्कृति के चार अध्यायविशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। उन्हेंउर्वशीके लिए ज्ञानपीठ पुरस्कार तथा भारत सरकार द्वारा पद्मभूषण से सम्मानित किया गया।

दिनकर की काव्य प्रतिभा का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष उनकी ओजस्वी अभिव्यक्ति है। उनकी कविताएँ केवल भावनात्मक आवेग की अभिव्यक्ति नहीं हैं, बल्कि उनमें गहन वैचारिकता भी विद्यमान है। उन्होंने कविता को समाज परिवर्तन का प्रभावी माध्यम माना।[3]

रेणुका में राष्ट्रीय चेतना– दिनकर की प्रारंभिक काव्य कृतियों में रेणुका का विशेष महत्व है। इस संग्रह का प्रकाशन ऐसे समय में हुआ जब भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन नई गति प्राप्त कर रहा था।रेणुकामें राष्ट्रीय चेतना अपने प्रारंभिक किंतु प्रभावशाली रूप में दिखाई देती है।

इस संग्रह में कवि ने भारत के गौरवशाली अतीत का स्मरण करते हुए वर्तमान पीढ़ी को प्रेरणा देने का प्रयास किया है। दिनकर का विश्वास था कि कोई भी राष्ट्र अपने इतिहास से कटकर प्रगति नहीं कर सकता। इसलिए वे भारतीय संस्कृति और परंपरा की उपलब्धियों को राष्ट्रीय आत्मविश्वास का आधार मानते हैं।

रेणुका में मातृभूमि के प्रति गहरा प्रेम व्यक्त हुआ है। कवि के लिए राष्ट्र केवल भूभाग नहीं, बल्कि एक जीवंत सांस्कृतिक सत्ता है। विदेशी शासन के कारण भारतीय समाज में जो हीन भावना उत्पन्न हुई थी, दिनकर उसे दूर करना चाहते हैं। वे जनता में आत्मसम्मान और स्वाधीनता की चेतना जागृत करने का प्रयास करते हैं।[4]

Yet, this psychological siege weakens democracy. Solidified vote banks prioritize loyalty over merit, enabling populist demagogues. In MP's post-poll Shivpuri violence over "fake voting," feuds turned deadly, fracturing local coalitions. Globally, it erodes trust: Edelman's 2023 barometer showed news distrust at 57%, correlating with populist surges.

Countering requires **prebunking**—inoculating minds against tactics via education—and boosting **metacognition** (thinking about thinking). Taiwan's approach curbed Chinese fakes; India could scale fact-checkers like BOOM. Democracies must foster media literacy to loosen fake news's grip on psyches, lest vote banks become misinformation fortresses.

The reason why major politicians are worried about their image on social media and how they are fulfilling public promises is because the programming in a voter's mind would be accordingly affected. Public Relation agencies and the other digital marketing firms are gaining surplus business because of the propaganda that surrounds

multiple world leaders and their portraits. Leaders like Donald Trump, Narendra Modi, Kim Jong Ungh are all in traps of their identity and maintenance of a falsehood light. The case of the Epstein files has charred the image of major politicians and now the ground breaking task of rebranding and reimaging has begun. This ultimately will impact their vote banks and how they stay in power.

In democratic politics, a leader's public image serves as the emotional glue binding vote banks—cohesive blocs of supporters defined by caste, region, ideology, or class. Crafted through speeches, media, and symbolism, this image influences voter loyalty by evoking trust, aspiration, or fear. Positive portrayals expand vote banks by attracting swing voters, while negatives erode them, fragmenting support. Fake news amplifies these dynamics, weaponizing perceptions to fabricate scandals or heroes overnight. Public image acts as a cognitive shortcut for voters overwhelmed by policy details. Psychological research shows voters evaluate leaders on traits like competence, empathy, and integrity, often prioritizing these over platforms. A strong image—think Narendra Modi's "Vikas Purush" (development man) persona—resonates with aspirational middle-class and rural Hindu vote banks, promising stability and growth. Surveys like Lokniti-CSDS post-2019 reveal Modi's 45% approval drove BJP's sweep, pulling OBCs and upper castes into a consolidated Hindu nationalist bloc. Conversely, Rahul Gandhi's image as "Pappu" (foolish) has shrunk Congress's dynastic vote bank, with satirical memes reinforcing perceptions of inauthenticity among youth.Media mediation intensifies this. Newspapers and TV shape "mediated leader effects," where positive coverage boosts party support by 5-10% during campaigns, per European studies. In India, Shivraj Singh Chouhan's "Mama" (maternal uncle) image in Madhya Pradesh welfare schemes like LadliBehna cemented women and tribal vote banks, securing BJP's 2023 win. Regional leaders like Mamata Banerjee leverage "Didi" (sister) empathy to hold Bengal's Muslim-Bengali vote bank against BJP incursions. Image builds through rituals: Modi's yoga poses signal cultural revivalism, fusing Hindu pride with personal branding to retain 80% core supporters.Vote banks solidify via identity fusion. Social identity theory posits leaders embodying group values trigger loyalty; Yogi Adityanath's monk-warrior image galvanizes upper-caste and aggressive Hindutva voters in UP, evident in 2022 assembly gains. Charisma expands peripheries: Arvind Kejriwal's "common man" in muffler endeared Delhi's poor, flipping AAP into a Dalit-urban vote bank. Negative images reverse this—Manmohan Singh's "silent PM" caricature alienated Congress's middle-class base by 2014, halving seats.

Yet, fake news turbocharges vulnerabilities, exploiting psychological frailties like illusory truth and confirmation bias. It crafts alternate realities, harming leaders by eroding trust instantaneously. In MP's 2023 polls, AI voice clones falsely depicted Kamal Nath scrapping Ladli Behna, sparking outrage among 1.3 crore women beneficiaries—BJP's key vote bank. Repetition via WhatsApp made the lie "feel true," costing Congress Chhindwara despite Nath's legacy.

Deepfakes and edits amplify scandals. A fabricated 2024 Lok Sabha clip showed Rahul Gandhi "singing" mockingly, shared by BJP handles, reinforcing his inept image and depressing urban youth turnout. Conversely, Congress-altered Modi speeches criticizing "crony capitalists" backfired, hardening business vote banks against them. Pizzagate-style hoaxes, like 2019 claims of Congress paying Pulwama bomber's kin, fused patriotism with BJP loyalty, polarizing Muslims further into opposition camps.

Emotional warfare ensues. Fear-mongering fakes—like doctored Delhi riot videos portraying Hindus as victims—bolstered BJP's 2020 narrative, retaining Hindu vote banks amid 53 deaths. Anger spreads sixfold faster, per MIT; leaders smeared as "anti-national" hemorrhage neutrals. Backfire effects doom corrections: debunkings entrench biases, as with Nath's "fake voters" claims post-MP loss, alienating even moderates.

Quantitatively devastating, fake news slashes approval by 15-20% overnight. Cambridge Analytica-style microtargeting tailors attacks: rural WhatsApp blasts hit low-literacy vote banks hardest. In Shivpuri's 2023 post-poll clash, "fake voting" rumors ignited caste feuds, fracturing local BJP alliances.

Harm extends beyond polls. Sustained fakes foster cynicism, shrinking vote banks via disengagement—Edelman data shows 57% media distrust correlates with 5% turnout dips. Leaders pivot defensively: Modi dismisses critiques as "fake news," preserving his strongman image but risking overreach.

Mitigation demands proactive image armor: prebunking via influencers, rapid fact-checks (e.g., BOOM), and authentic counter-narratives. Taiwan's resilience against Chinese fakes offers lessons; India's IT Rules mandate traceability.

Ultimately, public image is vote banks' lifeblood—fluid yet fragile. Fake news doesn't just dent reputations; it reprograms loyalties, turning assets into liabilities. Leaders mastering authentic branding while navigating digital minefields thrive; others watch empires crumble pixel by pixel.

Ultimately, fake news doesn't steal votes; it reprograms minds, turning fluid electorates into psychological silos. Breaking these demands understanding the brain's frailties—not just tech fixes.

Fake News Analysis: Fake news inundates India's political landscape, with NCRB data showing 1,087 reported cases in 2023—a 27% surge from 858 in 2022—primarily under IPC Section 505 for spreading alarming rumors. This proliferation, amplified by social media's 535 million users (80% accessing news via WhatsApp/Facebook), erodes

electoral integrity, polarizes vote banks, and fuels violence, backed by stark statistics.

India generates 1 in 6 global fake news pieces, per UNESCO-Ipsos, with a 214% misinformation spike during COVID-19. Statista's 2023 survey of 86,000 respondents found 85% of urban Indians encounter "suspicious" news weekly, 38% from verified pages, and 70% via one verified handle (NewsChecker). PIB busted 1,116 fakes by 2023 (up from 704 in 2022), mostly political. States lead: Telangana (275 cases, +4%), UP (198, +35%), Maharashtra (136, +106%). ISB study pins X/Facebook as top spreaders across politics/religion.

Deepfakes peaked: BOOM fact-checked 584 AI-misinfos, including BJP's Rahul Gandhi "singing" parody and Congress-altered Modi speeches. 93% urban Indians want platforms regulated during polls (Ipsos-UNESCO). WhatsApp's 300M+ users forward unchecked content 5x more than globally, swaying 20-30% undecideds per Lokniti-CSDS.

Fake child-kidnap rumors triggered 30+ lynchings (2018), 81% WhatsApp-linked. NCRB's 27% case rise correlates with communal clashes: Delhi 2020 riots (53 deaths) from doctored videos; MP 2023 Shivpuri (3 killed) over "fake voting." 85% face online hate, blaming social media (64%).

Misinfo widens divides: 57% distrust news (Edelman 2023), dropping turnout 5% in affected areas. Partisan fakes boost loyalty—BJP WhatsApp groups (20K+ in UP 2019) hardened Hindu banks; Muslim blocs consolidated anti-BJP post-CAA hoaxes. MP 2023: AI clones cost Congress women voters (1.3cr Ladli Behna fears).

Metric	2022	2023	% Change
NCRB Fake News Cases newslaundry	858	1,087	+27%
Telangana Cases newslaundry	264	275	+4%
UP Cases newslaundry	147	198	+35%
PIB Busted Fakes data	704	1,116	+59%
Urban Suspicious News Encounter statista	-	85% weekly	-

Fake news rigs perceptions: Kamal Nath's 55L "fake voters" claim post-MP 2023 fueled ECI distrust, galvanizing opposition. 2019 polls: Bomber payoff hoax herded Hindus to BJP. Deepfakes sway 10-15% swing votes (GNET 2024). Polarization entrenches: *Nature* models show 20% partisan gap widening.

Lynchings cost Rs 100cr+ policing (2018); riots billions in damages. Distrust hampers policy—vaccine hesitancy from microchip myths delayed India's herd immunity.

India's infodemic demands action: IT Rules trace origins, but enforcement lags. Fact-checkers like BOOM debunk 100s weekly, yet 70% persists via forwards. Statistical escalation signals crisis—without curbs, politics devolves to post-truth battles.

Measures Taken By Indian Government To Curb Fake News: The Indian government has implemented a multi-pronged strategy to combat fake news in politics, blending legal frameworks, institutional mechanisms, and tech interventions while balancing free speech under Article 19(1). These measures target digital platforms, media, and government-related disinformation, with heightened focus during elections.

Key Legal Frameworks

1. **IT Rules 2021**: Mandates a Code of Ethics for digital news publishers, requiring self-regulation and grievance redressal. Intermediaries (e.g., WhatsApp, X) lose safe-harbour immunity if they fail to remove misinformation swiftly or trace originators. Section 69A empowers blocking content threatening sovereignty, public order, or elections.
2. **IPC Section 505**: Criminalizes statements causing public alarm or enmity; NCRB logged 1,087 cases in 2023 (up 27%).
3. **Proposed Updates**: Parliamentary panels recommend defining "fake news," mandatory fact-checking units in media houses, higher fines, and AI content labeling/licensing.

Institutional Bodies

1. **PIB Fact Check Unit (FCU)**: Debunks Central Government-related fakes; busted 1,116 in 2023 (up 59% from 2022). Operates on "Find, Assess, Create, Target" (FACT) principle.
2. **Press Council of India (PCI)**: Enforces Norms of Journalistic Conduct against defamatory/misleading print content via inquiries and censure.
3. Election Commission of India launched "Myth v/s reality register" for 2024 Lok Sabha pollsto proactively counter election misinfo. They run awareness campaigns and monitors social media.

Platform-Specific Actions

1. **Electronic/Print Media**: NBSA/CBFC issues advisories, warnings, apology scrolls, or off-air bans for Programme Code violations.
2. **Social Media Directives**: Platforms must appoint India-based compliance officers, remove harmful content within 36 hours, and enable traceability during probes. 2024 advisories targeted deepfakes in polls.

Recent Developments (2024-2025)

1. November 2025 Rajya Sabha statement by Minister Ashwini Vaishnaw affirmed strengthened frameworks against AI deepfakes impacting democracy.
2. State-level pushes, like Karnataka's draft bill (up to 7 years jail, Rs 10L fine), though criticized for vagueness and press curbs.

These have curbed some spread—e.g., ECI's interventions debunked 100s of 2024 deepfakes—but critics note selective enforcement, vague definitions risking censorship, and lag against WhatsApp virality (70% fakes persist via forwards).[from prior] Ongoing reforms

emphasize transparency over blanket bans.

Conclusion: Fake news has evolved from fringe nuisance to existential threat for Indian democracy, weaponizing psychological vulnerabilities to fracture vote banks, tarnish leaders, and erode institutional trust. As explored—from WhatsApp lynchings in Madhya Pradesh to AI deepfakes in 2024 Lok Sabha polls—its proliferation (1,087 NCRB cases in 2023, up 27%) exploits confirmation bias, illusory truth, and emotional outrage, polarizing castes, religions, and regions into rigid blocs. Leaders' images crumble under fabricated scandals, while unchecked social media virality sways 20-30% of undecided voters. Yet, this crisis underscores democracy's resilience: structured accountability via elections, courts, and fact-checkers like PIB's 1,116 busts offers antidotes where autocracies falter. Looking ahead to 2026-2030, the trajectory hinges on technology's double-edged sword. AI deepfakes will surge—BOOM's 584 election fact-checks pale against generative models churning personalized psy-ops at scale. By 2027 Lok Sabha polls, quantum leaps in voice/video synthesis could fabricate "live" leader speeches, microtargeted via voter data, amplifying MP-style hoaxes (e.g., Kamal Nath's welfare scrap lies) to flip 10-15% swing seats. WhatsApp's 500M+ users, 70% forwarding unverified content, will remain ground zero, but X/Facebook algorithms may prioritize outrage further, per ISB findings. Rural low-literacy vote banks—OBCs, tribals—face highest risk, with 85% weekly "suspicious news" exposure fueling vigilantism over ballots.

Positive shifts loom if proactive. Government measures—IT Rules 2021's traceability, ECI's Myth vs Reality Register—must scale with AI labeling mandates and blockchain provenance for political ads. Prebunking campaigns, inoculating via "SIFT" (Stop, Investigate, Find, Trace), could cut belief by 30%, as Taiwan halved Chinese disinfo. Digital literacy in schools, targeting 300M youth, might halve rural susceptibility by 2030, loosening echo chambers. Platforms face reckoning: EU-style Digital Services Act equivalents could fine non-compliant giants 6% revenues, forcing demonetization of fakes.

Psychologically, future-proofing demands metacognition training—apps gamifying bias detection to counter emotional hijacks. Public image management evolves: authentic holograms, VR townhalls for leaders like Modi or Kejriwal rebuild trust, outpacing smears. Vote banks may fragment positively, with data-savvy millennials (40% electorate by 2029) prioritizing policy over tribe, diluting caste polarizers.

Challenges persist: selective enforcement risks weaponizing laws against opposition, as Karnataka's draft bill hints. Global headwinds—U.S. midterms' deepfake floods—will export tactics. Economic fallout mounts: riots cost billions; distrust stalls reforms like CAA or farm laws. Optimistically, India's 1.4B democracy, battle-tested through 2019/2024 upheavals, holds unique strengths. Diverse media (500+ channels), 900M voters, and cultural skepticism ("sadak pe aao") foster organic corrections. By 2030, hybrid human-AI fact-checkers could process 1M claims daily, restoring 20% eroded trust (Edelman 57% low). Leaders embracing transparency—e.g., ECI live voter roll audits—reclaim narrative control.

Delhi currently is facing high rates of crimes and abandonment issues, a fake news has been floating on the kidnapping of 500 girls which became a major concern in most Indian families wherein girls were not even allowed to return to their colleges. After the total floating fiasco, the entire thing came out to be fake, facts were unchecked and it came to be promotional event for a Bollywood movie. This is how Indian citizens are impacted and can

Ultimately, fake news thrives in cynicism's shadow; combating it revives democracy's essence: informed deliberation. India must lead—pioneering "truth infrastructure" blending regulation, tech, and education—to ensure 2047 centenary dawns on empowered, not manipulated, citizens. The marketplace of ideas can flourish anew, turning misinformation's chaos into democratic renewal.

References:-

1. Gnan Ganga Alliance. (2025, March 24). *Impact of fake news: An Indian electoral perspective*. https://gnanaganga.alliance.edu.in/entities/publication/321645fb-2c93-45b4-8dd4-f5b89df297df
2. Internet Just Society. (2021, February 6). *India's struggle against fake news*. https://www.internetjustsociety.org/indias-struggle-against-fakenews
3. India Today. (2025, August 1). *Lok Sabha poll rigged, we've proof: Rahul Gandhi's big charge at Congress event*. https://www.indiatoday.in/india/story/lok-sabha-polls-were-rigged-weve-documents-rahul-gandhis-big-charge-at-congress-event-2765
4. BBC News. (2018, July 19). *India lynchings: WhatsApp sets new rules after mob killings*. https://www.bbc.com/news/world-asia-india-44897714
5. Global Network on Extremism & Technology. (2024, September 10). *Deep fakes, deeper impacts: AI's role in the 2024 Indian general election and beyond*. https://gnet-research.org/2024/09/11/deep-fakes-deeper-impacts-ais-role-in-the-2024-indian-general-election-and-beyond/
6. Research and Reviews: Journal of Medical Sciences. (2025, March 30). *Examining the gaps in India's legal accountability https://rrijm.com/index.php/RRIJM/article/view/146*
7. Pulitzer Center. (2018, December 12). *How WhatsApp fuels fake news and violence in India*. https://pulitzercenter.org/stories/how-whatsapp-fuels-fake-news-and-violence-india
8. National Public Radio. (2018, July 16). *How the spread of fake stories in India has led to violence*. https://

www.npr.org/2018/07/17/629896525/how-the-spread-of-fake-stories-in-india-has-led-to-violence

9. NDTV. (2023, November 19). *1 burnt alive, 2 shot dead: Madhya Pradesh families clash over fake voting*. https://www.ndtv.com/india-news/1-burnt-alive-2-shot-dead-madhya-pradesh-families-clash-over-fake-voting-4589808
10. Times of India. (2025, July 12). *Kamal Nath claims 2023 assembly poll results influenced by 8 fake voters*. https://timesofindia.indiatimes.com/city/bhopal/kamal-nath-claims-2023-assembly-poll-results-influenced-by-8-fake-voters/article
11. Hindustan Times Tech. (2018, June 24). *Inside WhatsApp's fake news problem in India: When rumours lead to killings*. https://tech.hindustantimes.com/amp/tech/news/inside-whatsapp-s-fake-news-problem-in-india-when-rumours-lead-to-killings-story-3
12. BOOM Live. (2023, November 21). *Madhya Pradesh polls: Fake edited videos target Shivraj Singh Chouhan, Kamal Nath*. https://www.boomlive.in/fact-check/madhya-pradesh-elections-fake-news-edited-videos-shivraj-singh-chouhan-kamal-nath-23563
13. The Hindu. (2025, October 18). *Congress leader slams detention of two journalists from M.P. over publication of 'fake news'*. https://www.thehindu.com/news/national/madhya-pradesh/congress-leader-slams-detention-of-two-journalists-from-mp-over-publicatio
14. News18. (2019, July 29). *Fake WhatsApp message of child kidnaps causing mob violence in Madhya Pradesh*. https://www.news18.com/news/tech/fake-whatsapp-message-of-child-kidnaps-causing-mob-violence-in-madhya-pradesh-2252015.html
15. The India Forum. (2021, December 17). *Disinformation: A new type of state-sponsored violence*. https://www.theindiaforum.in/article/disinformation-new-type-state-sponsored-violence
16. National Herald India. (2018, June 26). *Fake social media messages fuel latest mob lynchings in India*. https://www.nationalheraldindia.com/opinion/fake-social-media-messages-fuel-latest-mob-lynchings-in-india
17. Vhora, M. (n.d.). *The impact of fake news on well-being: A psychological and philosophical perspective* [PDF]. University of Warwick. https://warwick.ac.uk/research/spotlights/digital/fundedprojects/mahek_vhora.pdf
18. Frontiers in Psychology. (2024, August 29). *Processing of misinformation as motivational and cognitive factors*. https://www.frontiersin.org/journals/psychology/articles/10.3389/fpsyg.2024.1430953/full
19. Martel, C., Pennycook, G., & Rand, D. G. (2020, October 6). Reliance on emotion promotes belief in fake news. *PubMed*. https://pubmed.ncbi.nlm.nih.gov/33026546/
20. National Center for Biotechnology Information. (2024, November 17). *Findings and discussion*. https://pmc.ncbi.nlm.nih.gov/articles/PMC11575416/

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2026, E-Journal, Vol. I, Issue LIV (54), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

ग्रामीण भारत में पलायन और उसके सामाजिक परिणाम : एक समाजशास्त्रीय अध्ययन

पंकज कुमार मीणा*

* सहायक आचार्य (समाजशास्त्र) समाजशास्त्र, एमएलवी, राजकीय महाविद्यालय, भीलवाड़ा (राज.) भारत

शोध सारांश – भारत को प्राय: गाँवों का देश कहा जाता है, क्योंकि देश की अधिकांश जनसंख्या ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है। ग्रामीण समाज भारतीय सामाजिक संरचना की आधारशिला रहा है। किन्तु आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक तथा पर्यावरणीय कारणों से ग्रामीण जनसंख्या का एक बड़ा वर्ग निरंतर ग्रामीण क्षेत्रों से नगरों तथा अन्य राज्यों की ओर पलायन कर रहा है। पलायन की यह प्रक्रिया केवल जनसंख्या के स्थान परिवर्तन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सामाजिक संरचना, पारिवारिक व्यवस्था, आर्थिक गतिविधियों, सांस्कृतिक मूल्यों तथा सामुदायिक जीवन को भी प्रभावित करती है। ग्रामीण भारत में बढ़ते पलायन ने एक ओर लोगों को रोजगार, शिक्षा तथा बेहतर जीवन स्तर के अवसर उपलब्ध कराए हैं, वहीं दूसरी ओर पारिवारिक विघटन, कृषि संकट, महिलाओं पर बढ़ते दायित्व, बच्चों के समाजीकरण में परिवर्तन तथा सामाजिक असंतुलन जैसी समस्याओं को भी जन्म दिया है। प्रस्तुत शोध लेख में ग्रामीण भारत में पलायन की प्रवृत्ति, उसके कारणों तथा सामाजिक परिणामों का समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण से विश्लेषण किया गया है।

शब्द कुंजी – पलायन, ग्रामीण समाज, सामाजिक परिवर्तन, नगरीकरण, कृषि संकट, परिवार, प्रवासी श्रमिक।

प्रस्तावना – सामाजिक गतिशीलता मानव समाज की एक महत्वपूर्ण विशेषता है। व्यक्ति और समूह बेहतर जीवन, रोजगार, शिक्षा, सुरक्षा तथा संसाधनों की उपलब्धता के उद्देश्य से एक स्थान से दूसरे स्थान की ओर गमन करते हैं। समाजशास्त्र में इस प्रक्रिया को पलायन कहा जाता है।[1]

भारत में पलायन की प्रक्रिया प्राचीन काल से विद्यमान रही है, किन्तु औद्योगिकीकरण, नगरीकरण तथा वैश्वीकरण के प्रभाव से इसमें उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों से नगरीय क्षेत्रों की ओर होने वाला पलायन भारतीय समाज के समक्ष एक महत्वपूर्ण सामाजिक एवं आर्थिक चुनौती के रूप में उभरकर सामने आया है।[2]

ग्रामीण भारत में भूमि जोतों का विखंडन, कृषि आय में कमी, बेरोजगारी, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं की सीमित उपलब्धता तथा प्राकृतिक संसाधनों पर बढ़ता दबाव लोगों को गाँव छोड़ने के लिए प्रेरित कर रहा है। दूसरी ओर नगरों में रोजगार के अवसर, उच्च शिक्षा, आधुनिक सुविधाएँ तथा बेहतर जीवन शैली लोगों को आकर्षित करती हैं।[3]

पलायन की प्रक्रिया ने ग्रामीण समाज के सामाजिक संगठन, पारिवारिक संरचना तथा सामुदायिक जीवन को प्रभावित किया है। इसने पारंपरिक सामाजिक संबंधों में परिवर्तन उत्पन्न किया है तथा ग्रामीण एवं नगरीय संस्कृतियों के मध्य अंत:क्रिया को बढ़ावा दिया है।[4]

पलायन की अवधारणा एवं प्रकार – पलायन सामाजिक जनांकिकी का एक महत्वपूर्ण विषय है। सामान्यत: पलायन से आशय किसी व्यक्ति अथवा समूह द्वारा स्थायी या अस्थायी रूप से अपने निवास स्थान को छोड़कर किसी अन्य स्थान पर निवास स्थापित करने से है।[5]

जनसंख्या वैज्ञानिकों के अनुसार पलायन केवल भौगोलिक परिवर्तन नहीं है, बल्कि यह सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक परिवर्तन की प्रक्रिया भी है।[6]

1. **आंतरिक पलायन–** जब व्यक्ति किसी देश की भौगोलिक सीमाओं के भीतर एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाता है, तो उसे आंतरिक पलायन कहा जाता है। भारत में ग्रामीण से नगरीय क्षेत्रों की ओर होने वाला पलायन इसका प्रमुख उदाहरण है।[7]
2. **बाह्य पलायन–** जब व्यक्ति अपने देश को छोड़कर किसी अन्य देश में निवास स्थापित करता है, तो उसे अंतरराष्ट्रीय अथवा बाह्य पलायन कहा जाता है।
3. **मौसमी पलायन–** कृषि कार्यों की समाप्ति के बाद सीमित अवधि के लिए रोजगार की तलाश में अन्य स्थानों पर जाने की प्रक्रिया को मौसमी पलायन कहा जाता है। राजस्थान, बिहार, झारखंड तथा ओडिशा के अनेक श्रमिक इस प्रकार के पलायन में संलग्न पाए जाते हैं।[8]
4. **अस्थायी एवं स्थायी पलायन–** कुछ लोग सीमित अवधि के लिए रोजगार या शिक्षा प्राप्त करने हेतु पलायन करते हैं, जबकि कुछ लोग स्थायी रूप से अपने मूल निवास स्थान को छोड़ देते हैं। यह स्थायी पलायन ग्रामीण समाज की जनसंख्या संरचना को प्रभावित करता है।

ग्रामीण भारत में पलायन का ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य– भारत में ग्रामीण पलायन की प्रक्रिया औपनिवेशिक काल से ही प्रारम्भ हो गई थी। ब्रिटिश शासन के दौरान चाय बागानों, रेल निर्माण परियोजनाओं तथा औद्योगिक प्रतिष्ठानों में श्रमिकों की आवश्यकता के कारण बड़ी संख्या में ग्रामीण जनसंख्या का स्थानांतरण हुआ।[9]

स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात औद्योगिकीकरण की नीतियों तथा महानगरों के विकास ने ग्रामीण पलायन को और अधिक गति प्रदान की। मुंबई, दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई तथा बेंगलुरु जैसे महानगर रोजगार के प्रमुख केंद्र बन

गए।[10]

आर्थिक उदारीकरण के बाद सेवा क्षेत्र के विस्तार तथा निर्माण उद्योग में वृद्धि के कारण ग्रामीण युवाओं के लिए शहरों में रोजगार के अवसर बढ़े। परिणामस्वरूप ग्रामीण से नगरीय क्षेत्रों की ओर पलायन की दर में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।[11]

कोविड-19 महामारी के दौरान प्रवासी श्रमिकों की समस्याएँ राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय बनीं। महामारी के कारण बड़ी संख्या में श्रमिकों को पुन: अपने गाँवों की ओर लौटना पड़ा, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था एवं सामाजिक जीवन पर गहरा प्रभाव पड़ा।[12]

ग्रामीण पलायन के प्रमुख कारण- ग्रामीण क्षेत्रों से पलायन के पीछे अनेक आर्थिक, सामाजिक एवं पर्यावरणीय कारण उत्तारदायी हैं।

1. **कृषि संकट-** भारत की अधिकांश ग्रामीण आबादी कृषि पर निर्भर है, किन्तु कृषि क्षेत्र अनेक समस्याओं से जूझ रहा है। भूमि जोतों का छोटा आकार, सिंचाई सुविधाओं का अभाव, उत्पादन लागत में वृद्धि तथा कृषि उत्पादों के अस्थिर मूल्य किसानों की आय को प्रभावित करते हैं।[13]

बार-बार होने वाले सूखे, बाढ़ तथा जलवायु परिवर्तन के प्रभावों ने भी कृषि को जोखिमपूर्ण बना दिया है। परिणामस्वरूप अनेक किसान एवं कृषि श्रमिक रोजगार की तलाश में नगरों की ओर पलायन करने लगे हैं।

2. **बेरोजगारी एवं अल्परोजगार-** ग्रामीण क्षेत्रों में गैर-कृषि रोजगार के अवसर सीमित हैं। कृषि कार्य भी वर्ष के कुछ महीनों तक ही उपलब्ध रहता है। ऐसी स्थिति में युवा वर्ग वैकल्पिक रोजगार की खोज में शहरों की ओर प्रस्थान करता है।[14]

3. **शिक्षा एवं कौशल विकास-** उच्च शिक्षा संस्थानों, तकनीकी प्रशिक्षण केंद्रों तथा व्यावसायिक शिक्षा सुविधाओं का अधिकांश भाग नगरीय क्षेत्रों में केंद्रित है। बेहतर शिक्षा प्राप्त करने के उद्देश्य से बड़ी संख्या में विद्यार्थी शहरों की ओर जाते हैं और बाद में वहीं रोजगार प्राप्त कर स्थायी रूप से बस जाते हैं।[15]

4. **औद्योगिकीकरण एवं नगरीकरण-** औद्योगिक विकास ने नगरों में रोजगार की संभावनाओं को बढ़ाया है। निर्माण उद्योग, परिवहन, होटल व्यवसाय, सूचना प्रौद्योगिकी तथा सेवा क्षेत्र में श्रमिकों की बढ़ती मांग ग्रामीण युवाओं को आकर्षित करती है।[16]

5. **प्राकृतिक आपदाएँ एवं जलवायु परिवर्तन-** सूखा, बाढ़, भूकंप तथा अन्य प्राकृतिक आपदाएँ ग्रामीण जीवन को प्रतिकूल रूप से प्रभावित करती हैं। जलवायु परिवर्तन के कारण कृषि उत्पादन में गिरावट आने से लोग वैकल्पिक आजीविका की तलाश में पलायन करने के लिए विवश हो जाते हैं।[17]

ग्रामीण परिवार व्यवस्था पर पलायन का प्रभाव- पलायन का सबसे अधिक प्रभाव परिवार संस्था पर पड़ता है। ग्रामीण क्षेत्रों में संयुक्त परिवार व्यवस्था पारंपरिक सामाजिक संगठन का महत्वपूर्ण अंग रही है। किन्तु रोजगार की तलाश में परिवार के युवा सदस्यों के बाहर चले जाने से संयुक्त परिवारों का विघटन होने लगा है।[18]

पलायन के कारण पति-पत्नी के मध्य भौगोलिक दूरी बढ़ जाती है, जिससे पारिवारिक संबंधों में तनाव उत्पन्न होने की संभावना रहती है। वृद्ध माता-पिता प्राय: गाँवों में अकेले रह जाते हैं, जिसके कारण उनकी देखभाल की समस्या उत्पन्न होती है।

दूसरी ओर प्रवासी सदस्यों द्वारा भेजी गई धनराशि से परिवारों की आर्थिक स्थिति में सुधार भी होता है। बेहतर आवास, शिक्षा तथा स्वास्थ्य सुविधाओं पर व्यय करने की क्षमता बढ़ती है।

महिलाओं की स्थिति एवं बदलती भूमिकाएँ- पुरुषों के पलायन के परिणामस्वरूप ग्रामीण महिलाओं की भूमिका में महत्वपूर्ण परिवर्तन देखने को मिलता है। अब महिलाएँ केवल घरेलू कार्यों तक सीमित नहीं रह गई हैं, बल्कि कृषि कार्यों, पशुपालन, बच्चों की शिक्षा तथा पारिवारिक निर्णयों में भी सक्रिय भागीदारी निभा रही हैं।[19]

महिलाओं की जिम्मेदारियों में वृद्धि होने से उनमें आत्मविश्वास तथा निर्णय क्षमता का विकास हुआ है। कई स्थानों पर महिलाएँ स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आर्थिक गतिविधियों में भी भागीदारी कर रही हैं।[20]

हालाँकि कार्यभार में वृद्धि, सामाजिक सुरक्षा का अभाव तथा आर्थिक संसाधनों तक सीमित पहुँच जैसी समस्याएँ आज भी ग्रामीण महिलाओं के समक्ष विद्यमान हैं।

बच्चों की शिक्षा एवं समाजीकरण पर प्रभाव- पलायन की प्रक्रिया बच्चों के जीवन तथा उनके समाजीकरण को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करती है। परिवार समाजीकरण का प्रथम एवं सर्वाधिक प्रभावशाली अभिकरण माना जाता है। जब परिवार का कोई सदस्य अथवा दोनों अभिभावक रोजगार की तलाश में अन्य स्थानों पर चले जाते हैं, तब बच्चों के पालन-पोषण एवं व्यक्तित्व विकास की प्रक्रिया प्रभावित होने लगती है।[21]

ग्रामीण क्षेत्रों में अनेक ऐसे परिवार पाए जाते हैं जिनमें पिता अथवा माता लंबे समय तक घर से दूर रहते हैं। ऐसी स्थिति में बच्चों का पालन-पोषण प्राय: दादा-दादी अथवा अन्य परिजनों द्वारा किया जाता है। इससे बच्चों के भावनात्मक विकास पर प्रभाव पड़ सकता है। कई बार बच्चों में अकेलेपन, असुरक्षा तथा आत्मविश्वास की कमी जैसी समस्याएँ भी देखने को मिलती हैं।

दूसरी ओर, प्रवासी श्रमिकों द्वारा भेजी गई धनराशि के कारण परिवारों की आर्थिक स्थिति में सुधार होता है, जिससे बच्चों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा सकती हैं। निजी विद्यालयों में प्रवेश, कोचिंग संस्थानों में अध्ययन तथा तकनीकी शिक्षा तक पहुँच आसान हो जाती है।[22]

हालाँकि बार-बार स्थान परिवर्तन करने वाले प्रवासी परिवारों के बच्चों की शिक्षा निरंतरता के अभाव से प्रभावित होती है। विद्यालय परिवर्तन, भाषा संबंधी कठिनाइयाँ तथा सामाजिक समायोजन की समस्याएँ उनके शैक्षणिक प्रदर्शन को प्रभावित कर सकती हैं।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था एवं कृषि पर प्रभाव- ग्रामीण पलायन का ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर मिश्रित प्रभाव पड़ता है। एक ओर प्रवासी श्रमिकों द्वारा भेजी गई धनराशि ग्रामीण परिवारों की आय में वृद्धि करती है, वहीं दूसरी ओर कृषि कार्यों के लिए श्रमिकों की कमी उत्पन्न हो जाती है।[23]

युवा एवं सक्षम श्रमिकों के पलायन के कारण कृषि गतिविधियाँ प्रभावित होती हैं। अनेक क्षेत्रों में खेती योग्य भूमि परती छोड़ी जाने लगी है अथवा वृद्धजन एवं महिलाएँ कृषि कार्यों का दायित्व संभालने के लिए विवश हो जाती हैं।

पलायन के फलस्वरूप ग्रामीण क्षेत्रों में मजदूरी दरों में वृद्धि भी देखी गई है। इससे भूमिहीन कृषक एवं छोटे किसानों की उत्पादन लागत बढ़ जाती है। दूसरी ओर, प्रवासी आय के माध्यम से ग्रामीण परिवार आधुनिक कृषि उपकरण, सिंचाई साधन तथा उन्नत बीज खरीदने में सक्षम होते हैं।

कई अध्ययनों से यह भी ज्ञात हुआ है कि प्रवासी आय का उपयोग

आवास निर्माण, उपभोक्ता वस्तुओं की खरीद तथा बच्चों की शिक्षा पर अधिक किया जाता है, जबकि कृषि निवेश पर अपेक्षाकृत कम व्यय किया जाता है।[24]

नगरीय क्षेत्रों पर पलायन का प्रभाव– ग्रामीण क्षेत्रों से होने वाला पलायन केवल गाँवों को ही प्रभावित नहीं करता, बल्कि नगरीय समाज पर भी इसका व्यापक प्रभाव पड़ता है।

नगरों में बड़ी संख्या में प्रवासी श्रमिकों के आगमन से सस्ते श्रम की उपलब्धता बढ़ती है, जिससे निर्माण उद्योग, परिवहन, होटल व्यवसाय, घरेलू कार्य तथा अन्य सेवा क्षेत्रों को लाभ मिलता है।[25]

किन्तु अनियंत्रित पलायन के कारण महानगरों में आवास संकट, झुग्गी–झोपड़ियों का विस्तार, यातायात दबाव, पेयजल की कमी तथा पर्यावरण प्रदूषण जैसी समस्याएँ भी उत्पन्न होती हैं।

प्रवासी श्रमिकों को प्राय: असंगठित क्षेत्र में कार्य करना पड़ता है, जहाँ सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य बीमा तथा न्यूनतम मजदूरी जैसी सुविधाएँ पर्याप्त रूप से उपलब्ध नहीं होती हैं। कोविड–19 महामारी के दौरान प्रवासी श्रमिकों की कठिनाइयों ने इस समस्या को और अधिक स्पष्ट किया।[26]

सामाजिक एवं सांस्कृतिक परिणाम– पलायन सामाजिक परिवर्तन की एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। इसके परिणामस्वरूप ग्रामीण समाज के पारंपरिक मूल्य, व्यवहार प्रतिमान तथा सांस्कृतिक अभिव्यक्तियाँ प्रभावित होती हैं।

नगरों में कार्यरत प्रवासी व्यक्ति जब अपने गाँव लौटते हैं, तो वे अपने साथ नए विचार, जीवन शैली, उपभोग संबंधी आदतें तथा सांस्कृतिक अनुभव भी लेकर आते हैं। इससे ग्रामीण समाज में आधुनिकता एवं नवीन सामाजिक चेतना का प्रसार होता है।[27]

जातिगत बंधनों तथा रूढ़िवादी मान्यताओं में भी परिवर्तन देखा जा रहा है। नगरीय जीवन में विभिन्न सामाजिक समूहों के साथ संपर्क स्थापित होने के कारण सामाजिक सहिष्णुता एवं बहुलतावादी दृष्टिकोण को बढ़ावा मिलता है।

इसके विपरीत कुछ विद्वानों का मत है कि अत्यधिक पलायन से ग्रामीण समुदायों की सामुदायिक एकता कमजोर होती है। पारंपरिक लोक कलाएँ, स्थानीय त्योहार तथा सांस्कृतिक गतिविधियाँ प्रभावित होने लगती हैं।

सामाजिक नियंत्रण की पारंपरिक संस्थाओं की भूमिका में भी परिवर्तन देखा जा रहा है। पंचायत, जातीय संगठन तथा पारिवारिक बुजुर्गों का प्रभाव अपेक्षाकृत कम हुआ है तथा व्यक्तिवादी प्रवृत्तियों को प्रोत्साहन मिला है।[28]

पलायन से संबंधित चुनौतियाँ एवं सरकारी प्रयास– ग्रामीण पलायन को पूर्णत: रोकना संभव नहीं है, क्योंकि यह विकास की प्रक्रिया का एक स्वाभाविक अंग है। तथापि अनियंत्रित एवं विवशतापूर्ण पलायन को कम करने के लिए प्रभावी नीतियों की आवश्यकता है।

भारत सरकार द्वारा ग्रामीण रोजगार सृजन तथा आजीविका संवर्धन हेतु विभिन्न कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं।[29] इनमें प्रमुख हैं–

1. **महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा)–** यह योजना ग्रामीण परिवारों को प्रतिवर्ष 100 दिनों के रोजगार की गारंटी प्रदान करती है।
2. **दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना–** इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार योग्य बनाना है।
3. **राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन–** महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए यह योजना संचालित की जा रही है।
4. **प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना–** कृषि उत्पादकता में वृद्धि तथा किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से इस योजना को लागू किया गया है।

इन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाए जा सकते हैं तथा विवशतापूर्ण पलायन को कम किया जा सकता है।

निष्कर्ष – ग्रामीण भारत में पलायन एक बहुआयामी सामाजिक प्रक्रिया है, जिसके सकारात्मक एवं नकारात्मक दोनों प्रकार के परिणाम सामने आते हैं। यह प्रक्रिया एक ओर रोजगार, शिक्षा, आय वृद्धि तथा सामाजिक गतिशीलता के अवसर प्रदान करती है, वहीं दूसरी ओर पारिवारिक विघटन, कृषि संकट, महिलाओं पर बढ़ते कार्यभार तथा बच्चों के समाजीकरण में परिवर्तन जैसी समस्याओं को जन्म देती है।

पलायन को केवल समस्या के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि इसे सामाजिक परिवर्तन एवं आर्थिक विकास के एक महत्वपूर्ण साधन के रूप में समझना आवश्यक है। आवश्यकता इस बात की है कि ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएँ, कृषि आधारित उद्योग तथा स्थानीय रोजगार के अवसर विकसित किए जाएँ, जिससे लोग विवश होकर पलायन करने के बजाय अपनी इच्छानुसार आजीविका के विकल्प चुन सकें।

संतुलित क्षेत्रीय विकास, समावेशी आर्थिक नीतियाँ तथा सामाजिक सुरक्षा उपाय ग्रामीण पलायन की चुनौतियों का प्रभावी समाधान प्रस्तुत कर सकते हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. किंग्सलेडेविस, मानव समाज (Human Society), मैकमिलन कंपनी, न्यूयॉर्क, 1949।
2. एम. एन. श्रीनिवास, आधुनिक भारत में सामाजिक परिवर्तन (Social Change in Modern India), ओरिएंटलॉन्गमैन, नई दिल्ली, 1995।
3. भारत की जनगणना, पलायन सारणियाँ (Migration Tables), भारत सरकार, 2011।
4. ए. आर. देसाई, भारत में ग्रामीण समाजशास्त्र (Rural Sociology in India), पॉपुलर प्रकाशन, मुंबई, 2012।
5. एवरट एस. ली, 'पलायन का सिद्धांत' (Theory of Migration), डेमोग्राफी, खंड–3, अंक–1, 1966।
6. एस. के. जैन, जनसंख्या अध्ययन (Population Studies), रावत पब्लिकेशन्स, जयपुर, 2005।
7. भारत की जनगणना, पलायन संबंधी आँकड़े (Migration Data), भारत सरकार, 2011।
8. जान ब्रेमन, अस्थायी श्रम (Footloose Labour), कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय प्रेस, 1996।
9. बिपिन चंद्र, भारत का स्वतंत्रता संग्राम (India's Struggle for Independence), पेंगुइनबुक्स, नई दिल्ली, 1989।
10. राम आहूजा, भारतीय सामाजिक व्यवस्था (Indian Social System), रावत पब्लिकेशन्स, जयपुर, 2014।
11. भारत सरकार, आर्थिक सर्वेक्षण 2023–24, वित्त मंत्रालय, नई दिल्ली, 2024।
12. अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO), भारत में कोविड–19 एवं श्रम पलायन

(COVID-19 and Labour Migration in India), 2021।
13. कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, वार्षिक प्रतिवेदन2024, भारत सरकार, नई दिल्ली।
14. राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (NSSO), रोजगार एवं बेरोजगारी प्रतिवेदन, 2023।
15. शिक्षा मंत्रालय, अखिल भारतीय उच्च शिक्षा सर्वेक्षण (AISHE), भारत सरकार, 2024।
16. भारत सरकार, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, वार्षिक प्रतिवेदन, 2024।
17. जलवायु परिवर्तन पर अंतर-सरकारी पैनल (IPCC), जलवायु परिवर्तन मूल्यांकन प्रतिवेदन, जिनेवा, 2023।
18. आई. पी. देसाई, महुवा में परिवार के कुछ पक्ष (Some Aspects of Family in Mahuva), एशिया पब्लिशिंग हाउस, बंबई, 1964।
19. संयुक्त राष्ट्र महिला संगठन (UN Women), भारत में महिलाएँ और पलायन (Women and Migration in India), 2022।
20. नाबार्ड, भारत में स्वयं सहायता समूह (Self Help Groups in India), मुंबई, 2023।
21. यूनिसेफ इंडिया, पलायन से प्रभावित बच्चे (Children Left Behind by Migration), नई दिल्ली, 2021।
22. यूनेस्को, वैश्विक शिक्षा निगरानी प्रतिवेदन (Global Education Monitoring Report), पेरिस, 2022।
23. राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड), वार्षिक प्रतिवेदन2024, मुंबई।
24. ए. कुंडू, भारत में पलायन और नगरीकरण (Migration and Urbanisation in India), सेज पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली, 2018।
25. आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, वार्षिक प्रतिवेदन2024, भारत सरकार, नई दिल्ली।
26. अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन (IOM), विश्व प्रवासन प्रतिवेदन2024 (World Migration Report), 2024।
27. एंथनीगिडेन्स, समाजशास्त्र (Sociology), पॉलिटी प्रेस, लंदन, 2013।
28. योगेन्द्र सिंह, भारतीय परंपरा का आधुनिकीकरण (Modernization of Indian Tradition), रावत पब्लिकेशन्स, जयपुर, 2010।
29. ग्रामीण विकास मंत्रालय, वार्षिक प्रतिवेदन2024, भारत सरकार, नई दिल्ली।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2026, E-Journal, Vol. I, Issue LIV (54), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

डिजिटल भारत और ग्रामीण समाज में सामाजिक परिवर्तन : एक समाजशास्त्रीय अध्ययन

रविन्द्र सिंह राव*

* सहायक आचार्य (समाजशास्त्र) एमएलवी, राजकीय महाविद्यालय, भीलवाड़ा (राज.) भारत

शोध सारांश – भारत एक ग्रामप्रधान देश है जहाँ आज भी लगभग दो–तिहाई जनसंख्या ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है। ग्रामीण समाज भारतीय सामाजिक संरचना की आधारभूत इकाई रहा है। परंपरागत रूप से ग्रामीण जीवन कृषि, जाति व्यवस्था, सामुदायिक संबंधों तथा सीमित संसाधनों पर आधारित रहा है। किन्तु इक्कीसवीं सदी में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के तीव्र विकास ने ग्रामीण जीवन के विविध आयामों को प्रभावित किया है। भारत सरकार द्वारा वर्ष 2015 में प्रारम्भ किए गए डिजिटल भारत कार्यक्रम ने ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशासनिक सेवाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, बैंकिंग तथा संचार व्यवस्था में व्यापक परिवर्तन उत्पन्न किए हैं। डिजिटल तकनीकों के प्रसार से ग्रामीण समुदायों की सूचनाओं तक पहुँच बढ़ी है, आर्थिक गतिविधियों में विविधता आई है तथा सामाजिक चेतना के स्तर में वृद्धि हुई है। इसके साथ ही डिजिटल असमानता, तकनीकी अशिक्षा तथा साइबर सुरक्षा जैसी चुनौतियाँ भी उभरकर सामने आई हैं। प्रस्तुत शोध लेख में डिजिटल भारत कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण समाज में हुए सामाजिक परिवर्तनों का समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण से विश्लेषण किया गया है।

शब्द कुंजी –डिजिटल भारत, ग्रामीण समाज, सामाजिक परिवर्तन, ई–गवर्नेंस, डिजिटल साक्षरता, सूचना प्रौद्योगिकी।

प्रस्तावना – समाज परिवर्तनशील है तथा परिवर्तन समाज की एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। समाजशास्त्रियों ने सामाजिक परिवर्तन को सामाजिक संरचना, सामाजिक संबंधों, सांस्कृतिक मूल्यों तथा संस्थाओं में समय के साथ होने वाले परिवर्तन के रूप में परिभाषित किया है। तकनीकी प्रगति को सामाजिक परिवर्तन के प्रमुख कारकों में सम्मिलित किया जाता है।[1]

भारत जैसे विकासशील देश में सूचना प्रौद्योगिकी का विस्तार केवल आर्थिक विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सामाजिक पुनर्गठन की प्रक्रिया को भी प्रभावित कर रहा है। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल साधनों की उपलब्धता ने लोगों के जीवन स्तर, कार्य पद्धतियों तथा सामाजिक संबंधों में परिवर्तन उत्पन्न किया है।[2]

डिजिटल भारत कार्यक्रम भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी पहल है जिसका उद्देश्य देश को डिजिटल रूप से सशक्त समाज तथा ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था में परिवर्तित करना है।ङ यह कार्यक्रम ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के मध्य विद्यमान डिजिटल विभाजन को कम करने का प्रयास करता है।

ग्रामीण भारत लंबे समय तक संचार सुविधाओं, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं तथा वित्तीय संसाधनों की कमी से जूझता रहा है। डिजिटल प्रौद्योगिकी ने इन चुनौतियों को कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। आज ग्रामीण नागरिक स्मार्टफोन के माध्यम से सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर रहे हैं, ऑनलाइन बैंकिंग सेवाओं का उपयोग कर रहे हैं तथा डिजिटल माध्यम से शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच बना रहे हैं।[3]

डिजिटल भारत की अवधारणा एवं उद्देश्य– डिजिटल भारत कार्यक्रम का शुभारम्भ 1 जुलाई 2015 को किया गया। इसका उद्देश्य भारत को तकनीकी रूप से सक्षम बनाना तथा नागरिकों को डिजिटल माध्यम से सशक्त करना है।[4]

इस कार्यक्रम के तीन प्रमुख स्तंभ निर्धारित किए गए हैं–

(1) प्रत्येक नागरिक के लिए डिजिटलअवसंरचना की उपलब्धता।

(2) मांग के अनुरूप शासन एवं सेवाओं की डिजिटल उपलब्धता।

(3) नागरिकों का डिजिटलसशक्तिकरण।

डिजिटल भारत कार्यक्रम के अंतर्गत अनेक योजनाएँ संचालित की गई हैं जिनमें भारतनेट, डिजिलॉकर, उमंग पोर्टल, कॉमन सर्विस सेंटर, प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान तथा ई–हॉस्पिटल परियोजना प्रमुख हैं।[5]

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट सेवाओं का विस्तार करना, डिजिटल भुगतान प्रणाली को प्रोत्साहित करना तथा सरकारी सेवाओं को सरल एवं पारदर्शी बनाना है। इसके अतिरिक्त डिजिटलसाक्षरता के माध्यम से नागरिकों को नई तकनीकों के उपयोग के लिए प्रशिक्षित करना भी इसका एक महत्वपूर्ण उद्देश्य है।

ग्रामीण समाज : अवधारणा एवं विशेषताएँ– ग्रामीण समाज एक ऐसी सामाजिक इकाई है जहाँ जनसंख्या का अधिकांश भाग कृषि तथा उससे संबंधित व्यवसायों में संलग्न रहता है। ग्रामीण जीवन की सामाजिक संरचना नगरीय समाज की अपेक्षा अधिक परंपरागत तथा सामुदायिक होती है।[6]

ग्रामीण समाज की प्रमुख विशेषताएँ निम्नलिखित हैं–

1. **कृषि आधारित अर्थव्यवस्था–** ग्रामीण क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था मुख्यत: कृषि, पशुपालन, बागवानी तथा डेयरी व्यवसाय पर आधारित होती है। किसानों की आय प्राकृतिक परिस्थितियों पर निर्भर रहती है।

2. **प्राथमिक संबंधों की प्रधानता–** ग्रामीण समाज में व्यक्ति–व्यक्ति के बीच प्रत्यक्ष एवं आत्मीय संबंध पाए जाते हैं। परिवार, पड़ोस तथा जातीय समूह सामाजिक जीवन को प्रभावित करते हैं।[7]

3. **परंपरागत मूल्यों का प्रभाव–** ग्रामीण क्षेत्रों में धार्मिक मान्यताओं, सामाजिक रीति–रिवाजों तथा सांस्कृतिक परंपराओं का महत्वपूर्ण स्थान होता है। सामाजिक नियंत्रण अनौपचारिक संस्थाओं के माध्यम से संचालित होता है।[8]

4. **सीमित संसाधन–** स्वास्थ्य, शिक्षा, बैंकिंग तथा संचार सेवाओं की सीमित उपलब्धता ग्रामीण विकास में बाधा उत्पन्न करती रही है। किन्तु डिजिटल तकनीकों के विस्तार ने इन परिस्थितियों में परिवर्तन लाना प्रारम्भ कर दिया है।

ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटलअवसंरचना का विकास– डिजिटल भारत कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटलअवसंरचना के विकास पर विशेष बल दिया गया है। भारतनेट परियोजना के माध्यम से लाखों ग्राम पंचायतों को ऑप्टिकलफाइबर नेटवर्क से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया।[9]

इंटरनेट सेवाओं के विस्तार के कारण ग्रामीण नागरिकों को वैश्विक सूचनाओं तक पहुँच प्राप्त होने लगी है। स्मार्टफोन की कीमतों में कमी तथा दूरसंचार सेवाओं के सस्ते होने से ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या निरंतर बढ़ रही है।[10]

कॉमन सर्विस सेंटरों ने ग्रामीण समाज में डिजिटल परिवर्तन को गति प्रदान की है। इन केंद्रों के माध्यम से नागरिक जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार सेवाएँ, बैंकिंग सुविधाएँ, पेंशन आवेदन तथा अन्य प्रशासनिक सेवाएँ प्राप्त कर रहे हैं।[11]

प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान के माध्यम से लाखों ग्रामीण परिवारों को कंप्यूटर एवं इंटरनेट के उपयोग का प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। इससे डिजिटल जागरूकता में वृद्धि हुई है तथा ग्रामीण नागरिक नई तकनीकों को अपनाने के प्रति अधिक उत्साहित हुए हैं।

शिक्षा के क्षेत्र में सामाजिक परिवर्तन– डिजिटल तकनीकों के विस्तार ने ग्रामीण शिक्षा व्यवस्था में व्यापक परिवर्तन उत्पन्न किए हैं। पूर्व में ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षकों, पुस्तकालयों तथा अध्ययन सामग्री का अभाव पाया जाता था। डिजिटल शिक्षा के माध्यम से इन समस्याओं को काफी हद तक दूर किया गया है।[12]

दीक्षा पोर्टल, स्वयं पोर्टल, ई–पाठशाला तथा अन्य ऑनलाइन मंचों के माध्यम से विद्यार्थियों को नि:शुल्क अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। इससे ग्रामीण विद्यार्थियों को महानगरों में उपलब्ध शैक्षिक संसाधनों के समान अवसर प्राप्त होने लगे हैं।

कोविड–19 महामारी के दौरान ऑनलाइन शिक्षा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के बंद होने की स्थिति में मोबाइल फोन, व्हाट्सएप तथा वीडियोकॉन्फ्रेंसिंगप्लेटफॉर्म के माध्यम से शिक्षण कार्य संचालित किया गया।[13]

डिजिटल शिक्षा ने विद्यार्थियों के ज्ञानार्जन के तरीकों को बदल दिया है। अब विद्यार्थी ऑनलाइन व्याख्यान सुन सकते हैं, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकते हैं तथा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के पाठ्यक्रमों का अध्ययन कर सकते हैं।

हालाँकि डिजिटल शिक्षा के क्षेत्र में अनेक चुनौतियाँ भी विद्यमान हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट की कमजोर गति, बिजली आपूर्ति की अनियमितता तथा आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों में स्मार्टफोन की अनुपलब्धता शिक्षा के डिजिटलीकरण में बाधा उत्पन्न करती है।

कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था में परिवर्तन– कृषि भारतीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार है। डिजिटल तकनीकों ने कृषि क्षेत्र में आधुनिकता को बढ़ावा दिया है। किसान अब मोबाइल एप्लीकेशनों के माध्यम से मौसम पूर्वानुमान, फसल बीमा, उन्नत बीज, उर्वरकों के उपयोग तथा बाजार मूल्यों की जानकारी प्राप्त कर रहे हैं।[14]

ई–नाम प्लेटफॉर्म ने किसानों को राष्ट्रीय स्तर के बाजारों से जोड़ने का कार्य किया है। इसके माध्यम से किसान अपनी उपज का उचित मूल्य प्राप्त कर सकते हैं तथा बिचौलियों पर निर्भरता कम कर सकते हैं।[15]

डिजिटल भुगतान प्रणाली के विस्तार से किसानों को सरकारी सहायता राशि सीधे उनके बैंक खातों में प्राप्त होने लगी है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना इसका प्रमुख उदाहरण है।[16]

इसके अतिरिक्त ग्रामीण क्षेत्रों में ई–कॉमर्स गतिविधियों के विस्तार से स्वरोजगार के नए अवसर उत्पन्न हुए हैं। ग्रामीण युवा ऑनलाइन व्यापार, डिजिटल सेवा केंद्रों तथा फ्रीलांस कार्यों के माध्यम से आय अर्जित कर रहे हैं।

स्वास्थ्य सेवाओं में डिजिटल हस्तक्षेप– ग्रामीण भारत में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता लंबे समय से एक गंभीर चुनौती रही है। चिकित्सकों की कमी, स्वास्थ्य केंद्रों की अपर्याप्त संख्या तथा विशेषज्ञ सेवाओं का अभाव ग्रामीण समुदायों के समक्ष प्रमुख समस्याएँ रही हैं। डिजिटल भारत कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य सेवाओं के डिजिटलीकरण ने इस स्थिति में सुधार लाने का प्रयास किया है।[17]

टेलीमेडिसिन सेवाओं के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के रोगियों को दूरस्थ स्थानों पर स्थित विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध हुई है। इससे यात्रा व्यय और समय दोनों की बचत हुई है। ई–संजीवनी पोर्टल ने विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच को सुदृढ़ किया है।[18]

डिजिटल स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत प्रत्येक नागरिक को डिजिटल स्वास्थ्य पहचान पत्र उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इससे स्वास्थ्य संबंधी अभिलेखों का सुरक्षित संधारण संभव हो सकेगा।[19]

कोविड–19 महामारी के दौरान डिजिटल स्वास्थ्य प्लेटफार्मों की उपयोगिता स्पष्ट रूप से सामने आई। ऑनलाइन पंजीकरण, टीकाकरण प्रमाण पत्र तथा स्वास्थ्य संबंधी परामर्श सेवाओं ने महामारी नियंत्रण में महत्वपूर्ण योगदान दिया।[20]

महिला सशक्तिकरण एवं डिजिटलसमावेशन– डिजिटल तकनीक ने ग्रामीण महिलाओं के जीवन में भी महत्वपूर्ण परिवर्तन उत्पन्न किए हैं। पूर्व में महिलाएँ सामाजिक, आर्थिक तथा शैक्षणिक दृष्टि से अपेक्षाकृत सीमित अवसरों तक ही पहुँच बना पाती थीं। डिजिटल साक्षरता कार्यक्रमों ने उन्हें नई संभावनाओं से परिचित कराया है।

महिलाएँ अब मोबाइल बैंकिंग, डिजिटल भुगतान, ऑनलाइन विपणन तथा ई–कॉमर्स गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभा रही हैं। स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों की ऑनलाइन बिक्री से महिलाओं की आय में वृद्धि हुई है।[21]

डिजिटल माध्यमों के द्वारा महिलाएँ सरकारी योजनाओं, स्वास्थ्य

कार्यक्रमों तथा शिक्षा संबंधी सूचनाओं तक आसानी से पहुँच प्राप्त कर रही हैं। इससे उनकी सामाजिक चेतना तथा निर्णय लेने की क्षमता में वृद्धि हुई है। हालाँकि ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के मध्य डिजिटल साक्षरता का स्तर अभी भी अपेक्षाकृत कम है। अनेक परिवारों में महिलाओं को मोबाइल फोन के स्वतंत्र उपयोग की अनुमति नहीं मिल पाती, जिससे डिजिटलसमावेशन की प्रक्रिया प्रभावित होती है।[22]

पंचायत राज एवं ई-गवर्नेंस- डिजिटल भारत कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण पक्ष ई-गवर्नेंस है। इसका उद्देश्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल, पारदर्शी तथा जवाबदेह बनाना है।

ई-पंचायत प्रणाली के माध्यम से ग्राम पंचायतों के कार्यों का डिजिटलीकरण किया जा रहा है। पंचायतों की योजनाएँ, बजट, विकास कार्य तथा वित्तीय विवरण ऑनलाइन उपलब्ध कराए जा रहे हैं।[23]

ग्रामीण नागरिक अब जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र तथा अन्य प्रशासनिक सेवाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इससे कार्यालयों के चक्कर लगाने की आवश्यकता कम हुई है तथा भ्रष्टाचार की संभावनाओं में भी कमी आई है।

डिजिटल भुगतान व्यवस्था ने पंचायत स्तर पर वित्तीय लेन-देन को अधिक पारदर्शी बनाया है। मनरेगा जैसी योजनाओं के अंतर्गत मजदूरी की राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में हस्तांतरित की जा रही है।

ई-गवर्नेंस ने प्रशासन और नागरिकों के मध्य संबंधों को अधिक सुदृढ़ बनाया है तथा शासन व्यवस्था के प्रति लोगों के विश्वास में वृद्धि की है।

सामाजिक एवं सांस्कृतिक परिवर्तन- डिजिटल तकनीकों ने ग्रामीण समाज के सामाजिक एवं सांस्कृतिक जीवन को भी प्रभावित किया है।

सोशल मीडिया प्लेटफार्मों ने ग्रामीण समुदायों को राष्ट्रीय एवं वैश्विक स्तर पर जोड़ने का कार्य किया है। फेसबुक, व्हाट्सएप, यूट्यूब तथा इंस्टाग्राम जैसे माध्यमों के द्वारा लोग विभिन्न प्रकार की सूचनाओं, विचारों तथा सांस्कृतिक गतिविधियों से जुड़ रहे हैं।[24]

डिजिटल संचार के कारण पारंपरिक सामाजिक संबंधों में परिवर्तन देखा जा रहा है। जहाँ पूर्व में सामूहिक बैठकों तथा व्यक्तिगत संवादों का महत्व अधिक था, वहीं अब डिजिटल संचार माध्यमों के उपयोग में वृद्धि हुई है।

ग्रामीण युवाओं की जीवन शैली, पहनावा, उपभोग संबंधी आदतें तथा कैरियर संबंधी आकांक्षाएँ भी डिजिटल संस्कृति से प्रभावित हुई हैं। वैश्वीकरण और डिजिटलीकरण ने ग्रामीण एवं शहरी जीवन के मध्य की दूरी को कम करने का कार्य किया है।

हालाँकि सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव भी सामने आए हैं। अफवाहों का प्रसार, साइबर अपराध, सामाजिक तनाव तथा सांस्कृतिक मूल्यों का क्षरण जैसी समस्याएँ भी डिजिटल विस्तार के साथ उभरकर सामने आई हैं।[25]

डिजिटल भारत कार्यक्रम की चुनौतियाँ- डिजिटल भारत कार्यक्रम की उपलब्धियों के बावजूद अनेक चुनौतियाँ अभी भी विद्यमान हैं।

1. **डिजिटल विभाजन-** ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के मध्य इंटरनेट की उपलब्धता तथा उपयोग के स्तर में अभी भी पर्याप्त अंतर विद्यमान है।
2. **डिजिटल अशिक्षा -** ग्रामीण जनसंख्या का एक बड़ा वर्ग आधुनिक डिजिटल उपकरणों के उपयोग में दक्ष नहीं है।
3. **तकनीकी अवसंरचना का अभाव-** कई दूरस्थ क्षेत्रों में इंटरनेट सेवाओं की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं है तथा बिजली आपूर्ति भी नियमित नहीं रहती।
4. **साइबर सुरक्षा संबंधी समस्याएँ-** ऑनलाइन धोखाधड़ी, बैंकिंग फ्रॉड तथा व्यक्तिगत सूचनाओं की चोरी जैसी समस्याएँ डिजिटल विस्तार के साथ बढ़ी हैं।
5. **आर्थिक असमानता-** आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए स्मार्टफोन, कंप्यूटर तथा इंटरनेट सेवाओं का नियमित उपयोग अभी भी चुनौतीपूर्ण है।

निष्कर्ष - डिजिटल भारत कार्यक्रम ने ग्रामीण समाज में सामाजिक परिवर्तन की प्रक्रिया को तीव्र गति प्रदान की है। शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, प्रशासन तथा आर्थिक गतिविधियों के क्षेत्र में डिजिटल तकनीकों के सकारात्मक परिणाम देखने को मिले हैं। डिजिटल प्रौद्योगिकी ने ग्रामीण समुदायों को नई सूचनाओं, अवसरों तथा संसाधनों तक पहुँच प्रदान की है।

Sustainable Forest Resource Management: Government agencies should actively involve tribal women in Joint Forest Management Committees, biodiversity conservation programmes, and community forest management initiatives. Traditional ecological knowledge should be documented and incorporated into forest management policies. Training on scientific harvesting, value addition of minor forest produce, and sustainable forest-based enterprises should be provided.

Climate-Resilient Agriculture: Climate variability has increased the vulnerability of tribal livelihoods. Therefore, climate-resilient agricultural practices such as drought-resistant crop varieties, integrated farming systems, rainwater harvesting, organic farming, agroforestry, and soil conservation should be promoted. Women farmers should receive regular agricultural extension services and technical guidance.

Improved Healthcare and Nutrition: Healthcare facilities in tribal areas should be strengthened by improving primary health centres, maternal healthcare services, nutritional programmes, and awareness regarding sanitation and hygiene. Mobile health units should be introduced in remote villages to improve accessibility.

Women's Participation in Local Governance: Greater representation of tribal women in Gram Sabhas, Panchayati Raj Institutions, Forest Rights Committees, and village development committees should be encouraged. Capacity-building programmes should enhance leadership skills, legal awareness, and decision-making abilities.

Integration of Indigenous Knowledge: The indigenous knowledge possessed by Gond and Kawar women regarding biodiversity conservation, medicinal plants, seed preservation, and sustainable agriculture should be scientifically documented and integrated into rural development planning. Such integration will strengthen both environmental sustainability and cultural preservation.

Conclusion: The present study demonstrates that Gond and Kawar tribal women play a central role in promoting sustainable development in the rural regions of Raigarh district, Chhattisgarh. Their contribution extends far beyond household responsibilities and encompasses agriculture, forest resource management, livestock rearing, biodiversity conservation, food security, environmental protection, and community development. Through their extensive participation in productive activities, tribal women significantly contribute to household income, nutritional security, and sustainable livelihood systems.

The comparative analysis indicates that although both Gond and Kawar women share similar socio-economic characteristics, certain differences exist in their livelihood strategies and resource utilization patterns. Gond women exhibit stronger dependence on forests and traditional ecological knowledge, whereas Kawar women demonstrate relatively greater participation in settled agriculture, Self-Help Groups, and government livelihood programmes. Despite these differences, both communities possess valuable indigenous knowledge that supports sustainable management of natural resources.

The study also highlights the increasing importance of government initiatives such as MGNREGA, National Rural Livelihood Mission (NRLM), Pradhan Mantri Awas Yojana-Gramin, Jal Jeevan Mission, Swachh Bharat Mission, and the Forest Rights Act in improving women's socio-economic conditions. Participation in these programmes has enhanced employment opportunities, financial inclusion, institutional participation, and community development. Nevertheless, significant challenges continue to exist in the form of limited education, inadequate healthcare, poor infrastructure, climate variability, restricted market access, and gender-based inequalities.

One of the major findings of the study is the crucial role of indigenous knowledge in achieving sustainable development. Traditional farming practices, seed preservation, biodiversity conservation, medicinal plant utilization, and sustainable harvesting of forest resources represent valuable assets that should be recognized within mainstream development planning. Modern development strategies should complement rather than replace these traditional knowledge systems.

From a geographical perspective, the interaction between physical environment, natural resources, settlement patterns, and livelihood activities significantly influences the contribution of tribal women towards sustainable development. Therefore, location-specific planning approaches are essential for designing effective development interventions.

The study concludes that sustainable rural development in tribal regions cannot be achieved without recognizing women as active agents of social, economic, and environmental transformation. Strengthening women's education, livelihood opportunities, institutional participation, financial inclusion, and leadership capacities will not only improve their socio-economic status but also contribute substantially towards achieving the Sustainable Development Goals (SDGs). Empowering Gond and Kawar tribal women is therefore not merely a matter of social justice but a prerequisite for environmentally sustainable, economically inclusive, and culturally sensitive rural development.

References :-

1. Agarwal, B. (1994). *A Field of One's Own: Gender and Land Rights in South Asia*. Cambridge University Press.
2. Census of India. (2011). *Primary Census Abstract*. Office of the Registrar General and Census Commissioner, Government of India.
3. Government of Chhattisgarh. (2024). *Economic Survey of Chhattisgarh 2023–24*. Directorate of Economics and Statistics.
4. Government of Chhattisgarh. (2024). *Statistical Abstract of Chhattisgarh*. Directorate of Economics and Statistics.
5. Ministry of Rural Development. (2023). *Annual Report 2022–23*. Government of India.
6. Ministry of Tribal Affairs. (2023). *Annual Report 2022–23*. Government of India.
7. Planning Commission. (2008). *Eleventh Five Year Plan (2007–2012): Volume III – Agriculture, Rural Development and Environment*. Government of India.
8. Shiva, V. (1988). *Staying Alive: Women, Ecology and Survival in India*. Kali for Women.
9. Singh, K. S. (1994). *People of India*. Anthropological Survey of India.
10. United Nations. (2015). *Transforming Our World: The 2030 Agenda for Sustainable Development*. United Nations.
11. World Commission on Environment and Development. (1987). *Our Common Future*. Oxford University Press.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2026, E-Journal, Vol. I, Issue LIV (54), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

समान नागरिक संहिता भारत में: एक चर्चा: एक शैक्षणिक शोध पत्र

डॉ. नाजनीन खान* डॉ. निर्मल कुमार पगारिया**

* एपीएसयू विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.) भारत
** सेवानिवृत्त प्रोफेसर, इंदौर लॉ कॉलेज, इंदौर (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – प्रस्तुत शोध पत्र समान नागरिक संहिता (Uniform Civil Code - UCC) की भारतीय संवैधानिक, सामाजिक एवं न्यायिक परिप्रेक्ष्य में विस्तृत विवेचना प्रस्तुत करता है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 में राज्य के नीति निदेशक तत्त्वों के अंतर्गत समान नागरिक संहिता का उल्लेख किया गया है, जिसका उद्देश्य विवाह, तलाक, उत्तराधिकार एवं गोद लेने जैसे व्यक्तिगत कानूनों को एकीकृत करना है। यह शोध पत्र UCC के पक्ष एवं विपक्ष में विद्यमान तर्कों, न्यायपालिका के दृष्टिकोण, विभिन्न धर्मों के व्यक्तिगत कानूनों की तुलनात्मक स्थिति, उत्तराखंड समान नागरिक संहिता अधिनियम 2024, सांख्यिकीय आंकड़ों एवं अंतर्राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य का विश्लेषण करता है। शोध से यह निष्कर्ष प्राप्त होता है कि UCC के लागू होने के लिए व्यापक सामाजिक सहमति, संवेदनशील राजनीतिक इच्छाशक्ति एवं संविधान के मूल मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता अनिवार्य है।

शब्द कुंजी – समान नागरिक संहिता, अनुच्छेद 44, व्यक्तिगत कानून, धर्मनिरपेक्षता, लैंगिक न्याय, संवैधानिक विधि।

प्रस्तावना – भारत एक विविधताओं से परिपूर्ण देश है, जहाँ अनेक धर्मों, जातियों एवं सांस्कृतिक परम्पराओं का सहअस्तित्व है। स्वतंत्रता-पूर्व भारत में ब्रिटिश शासनकाल के दौरान विभिन्न धर्मों के लिए पृथक-पृथक व्यक्तिगत कानून लागू थे। इन कानूनों ने धार्मिक समुदायों को उनके रीति-रिवाजों के अनुसार विवाह, तलाक, उत्तराधिकार एवं गोद लेने के मामलों को नियंत्रित करने की स्वायत्तता प्रदान की। स्वतंत्रता के पश्चात् संविधान सभा में इस प्रश्न पर गहन वाद-विवाद हुआ कि क्या नवनिर्मित भारत में एक समान नागरिक कानून होना चाहिए अथवा विभिन्न धार्मिक समूहों के व्यक्तिगत कानूनों को बनाए रखा जाए।

संविधान सभा में डॉ. भीमराव अंबेडकर, डॉ. कृष्णस्वामी अय्यर एवं मिनू मसानी जैसे नेताओं ने समान नागरिक संहिता का समर्थन किया, जबकि नजीरुद्दीन अहमद और मुहम्मद इस्माईल जैसे नेताओं ने मुस्लिम व्यक्तिगत कानूनों की रक्षा का आग्रह किया। अंतत: समझौते के रूप में UCC को राज्य के नीति निदेशक तत्त्वों (भाग IV) के अंतर्गत अनुच्छेद 44 में रखा गया, जो न्यायालय द्वारा प्रवर्तनीय नहीं है, परंतु राज्य के लिए मार्गदर्शक है।

समान नागरिक संहिता का अर्थ है एक ऐसी एकीकृत कानूनी संहिता जो सभी नागरिकों पर उनके धर्म, जाति, लिंग एवं सम्प्रदाय के भेद के बिना समान रूप से लागू हो। यह शोध पत्र UCC की संवैधानिक पृष्ठभूमि, वर्तमान व्यक्तिगत कानूनों की स्थिति, न्यायिक दृष्टिकोण, पक्ष-विपक्ष के तर्क, उत्तराखंड की पहल, सांख्यिकीय विश्लेषण एवं अंतर्राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य का समग्र अध्ययन प्रस्तुत करता है।

संवैधानिक प्रावधान एवं पृष्ठभूमि – भारतीय संविधान में समान नागरिक संहिता से संबंधित अनेक प्रावधान हैं। मूल अधिकारों (भाग III) के अंतर्गत अनुच्छेद 14 (विधि के समक्ष समानता), अनुच्छेद 15 (धर्म, जाति, लिंग के आधार पर भेदभाव का निषेध), अनुच्छेद 25 (धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार) एवं अनुच्छेद 29 (अल्पसंख्यकों के हितों का संरक्षण) ऐसे प्रावधान हैं जो UCC की बहस को केंद्रीय बनाते हैं। दूसरी ओर, राज्य के नीति निदेशक तत्त्वों (भाग IV) का अनुच्छेद 44 स्पष्टत: कहता है: 'राज्य, भारत के समस्त राज्यक्षेत्र में नागरिकों के लिए एक समान सिविल संहिता प्राप्त करने का प्रयास करेगा।'

संविधान निर्माताओं ने धार्मिक स्वतंत्रता (अनुच्छेद 25-28) एवं समानता के अधिकार (अनुच्छेद 14-15) के बीच संतुलन बनाने के उद्देश्य से ब्ब को नीति निदेशक तत्त्वों में रखा। नेहरू सरकार के कार्यकाल में हिंदू कोड बिल के माध्यम से हिंदू व्यक्तिगत कानूनों का आंशिक सुधार किया गया, परंतु मुस्लिम एवं अन्य अल्पसंख्यक समुदायों के व्यक्तिगत कानूनों में तत्काल सुधार का प्रयास नहीं किया गया।

तालिका 1 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

भारत में व्यक्तिगत कानूनों की वर्तमान स्थिति – भारत में विभिन्न धर्मों के व्यक्तिगत कानून पृथक-पृथक विधानों द्वारा शासित होते हैं। हिंदू (जिसमें सिख, बौद्ध एवं जैन भी सम्मिलित हैं) हिंदू कोड (हिंदू विवाह अधिनियम 1955, हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम 1956 आदि) से शासित होते हैं। मुस्लिम शरीयत एप्लीकेशन एक्ट 1937 के अधीन हैं। ईसाई भारतीय ईसाई विवाह अधिनियम 1872 एवं तलाक अधिनियम 1869 से नियंत्रित होते हैं। पारसियों के लिए पारसी विवाह एवं तलाक अधिनियम 1936 लागू है। इन पृथक कानूनों के कारण अनेक विसंगतियाँ उत्पन्न होती हैं, विशेषत: लैंगिक समानता के संदर्भ में।

वर्तमान में विशेष विवाह अधिनियम, 1954 एक धर्मनिरपेक्ष विकल्प के रूप में उपलब्ध है, जो किसी भी दो व्यक्तियों को उनके धर्म की परवाह किए बिना विवाह करने की अनुमति देता है। परंतु इस विकल्प का उपयोग सीमित रूप में ही होता है क्योंकि सामाजिक दबाव एवं जागरूकता की कमी इसके प्रसार में बाधा डालती है।

तालिका 2,3 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

न्यायिक दृष्टिकोण एवं महत्त्वपूर्ण निर्णय – भारत के उच्चतम न्यायालय ने

विभिन्न अवसरों पर समान नागरिक संहिता के संदर्भ में महत्त्वपूर्ण टिप्पणियाँ की हैं। 1985 में शाह बानो प्रकरण सर्वाधिक चर्चित रहा, जिसमें न्यायालय ने मुस्लिम तलाकशुदा महिला के भरण-पोषण के अधिकार को बरकरार रखते हुए UCC लागू करने की अपील की। इस निर्णय के विरोध में तत्कालीन सरकार ने मुस्लिम महिला (तलाक पर अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 1986 पारित कर दिया।

सरला मुद्गल (1995), जॉन वल्लमट्टम (2003) एवं शायरा बानो (2017) जैसे महत्त्वपूर्ण मामलों में उच्चतम न्यायालय ने बार-बार UCC की आवश्यकता पर बल दिया है। 2017 में तीन तलाक को असंवैधानिक घोषित करना इस दिशा में एक ऐतिहासिक कदम माना गया। 2018 में 22वें विधि आयोग ने अपनी परामर्श पत्र में कहा कि UCC 'न तो आवश्यक है और न वांछनीय' - यह एक महत्त्वपूर्ण परिवर्तन था।

तालिका 4 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

समान नागरिक संहिता के पक्ष और विपक्ष में तर्क - समान नागरिक संहिता पर भारत में दशकों से वाद-विवाद जारी है। इस बहस में संविधानवादी, धर्मशास्त्री, समाजशास्त्री, न्यायविद् एवं राजनीतिक दल सभी की अपनी-अपनी राय है। समर्थकों का मानना है कि UCC राष्ट्रीय एकता को मजबूत करेगा और महिलाओं को समान अधिकार देगा, जबकि विरोधी इसे धार्मिक स्वतंत्रता एवं सांस्कृतिक विविधता पर आघात मानते हैं।

पक्ष में तर्क देने वाले विद्वानों का कहना है कि भारत का संविधान स्वयं अनुच्छेद 44 के माध्यम से UCC को एक राज्य लक्ष्य के रूप में मान्यता देता है। इसके अलावा, वर्तमान व्यक्तिगत कानूनों में महिलाओं के साथ भेदभाव, विशेषत: संपत्ति एवं तलाक के मामलों में, एक गंभीर समस्या है। गोवा का उदाहरण सिद्ध करता है कि एक बहु-धार्मिक समाज में भी समान नागरिक संहिता सफलतापूर्वक लागू की जा सकती है।

विपक्ष में तर्क देने वाले विद्वानों का कहना है कि भारत की सांस्कृतिक विविधता एक संपत्ति है, एकरूपता नहीं। धार्मिक अल्पसंख्यकों को यह आशंका है कि UCC उनकी धार्मिक पहचान को मिटाने का प्रयास है। 22वाँ विधि आयोग भी इस दृष्टिकोण का समर्थन करते हुए कहता है कि भेदभावपूर्ण प्रावधानों को हटाना समान नागरिक संहिता थोपने से अधिक कारगर उपाय है।

तालिका 5,6 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

उत्तराखंड समान नागरिक संहिता अधिनियम, 2024 - उत्तराखंड भारत में गोवा के बाद दूसरा राज्य बन गया है जहाँ समान नागरिक संहिता लागू की गई है। उत्तराखंड सरकार ने फरवरी 2024 में समान नागरिक संहिता अधिनियम पारित किया और इसे राष्ट्रपति की स्वीकृति भी प्राप्त हुई। इस अधिनियम को तैयार करने के लिए सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में एक विशेषज्ञ समिति गठित की गई थी, जिसने व्यापक जन-परामर्श के बाद अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की।

इस अधिनियम की प्रमुख विशेषताएँ हैं: विवाह पंजीकरण अनिवार्य, बहुविवाह पर पूर्ण प्रतिबंध (सभी धर्मों के लिए), तलाक की एकसमान प्रक्रिया, लिव-इन रिलेशनशिप का पंजीकरण अनिवार्य, पुत्र-पुत्री को समान उत्तराधिकार अधिकार। हालाँकि, अनुसूचित जनजातियों को इस अधिनियम के कुछ प्रावधानों से छूट दी गई है, जो संविधान के अनुच्छेद 342 के तहत उनके विशेष अधिकारों की रक्षा करती है।

आलोचकों का कहना है कि लिव-इन रिलेशनशिप के पंजीकरण की अनिवार्यता निजता के अधिकार (अनुच्छेद 21) का उल्लंघन है। मुस्लिम संगठनों ने धार्मिक स्वतंत्रता के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए इसे न्यायालय में चुनौती दी है। यह अधिनियम अन्य राज्यों में भी UCC की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण उदाहरण प्रस्तुत करता है।

तालिका 7 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

सांख्यिकीय विश्लेषण- समान नागरिक संहिता की आवश्यकता को समझने के लिए न्यायालयों में लम्बित व्यक्तिगत कानून संबंधी मामलों, महिलाओं के विरुद्ध अपराधों एवं जन-मत सर्वेक्षणों के आंकड़े महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। NCRB (राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो) के आंकड़े स्पष्ट करते हैं कि महिलाओं के विरुद्ध घरेलू हिंसा एवं दहेज उत्पीड़न के मामले निरंतर बढ़ रहे हैं। इसका एक कारण विभिन्न धर्मों के व्यक्तिगत कानूनों में महिलाओं की अपेक्षाकृत कमजोर कानूनी स्थिति भी है।

22वें विधि आयोग के पास प्राप्त 57 लाख से अधिक सुझावों में लगभग 65% लोगों ने UCC के पक्ष में मत व्यक्त किया। विभिन्न स्वतंत्र सर्वेक्षणों में भी UCC के समर्थन में आंशिक बहुमत देखा गया है, यद्यपि मुस्लिम समुदाय में विरोध अधिक प्रबल है।

तालिका 8,9,10 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

अंतर्राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य- विश्व के अनेक देशों में नागरिक संहिता की विभिन्न प्रणालियाँ लागू हैं। फ्रांस 1804 में नेपोलियन कोड लागू करने वाला पहला आधुनिक राष्ट्र था, जो एक धर्मनिरपेक्ष एकीकृत नागरिक संहिता का उत्कृष्ट उदाहरण है। तुर्की ने 1926 में एक इस्लामी बहुसंख्यक देश होते हुए भी धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता अपनाई, जो मुस्तफा कमाल अतातुर्क के आधुनिकीकरण सुधारों का हिस्सा था। इजराइल, मलेशिया एवं इंडोनेशिया जैसे देश मिश्रित प्रणाली अपनाते हैं।

भारत के संदर्भ में गोवा एकमात्र ऐसा राज्य था जहाँ पुर्तगाली शासनकाल से चली आ रही समान नागरिक संहिता (गोवा सिविल कोड) लागू थी। गोवा का यह अनुभव यह सिद्ध करता है कि एक धर्मनिरपेक्ष समान नागरिक संहिता एक बहु-धार्मिक समाज में भी सफलतापूर्वक कार्य कर सकती है। हालाँकि, आलोचक यह भी बताते हैं कि गोवा का सिविल कोड पूर्णत: सभी के लिए समान नहीं है, क्योंकि उसमें भी कुछ धर्म-आधारित प्रावधान हैं।

तालिका 11 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

निष्कर्ष एवं सुझाव- समान नागरिक संहिता का प्रश्न भारत के राजनीतिक, सामाजिक एवं कानूनी जीवन में सबसे संवेदनशील एवं जटिल विषयों में से एक है। इस शोध पत्र के विश्लेषण से निम्नलिखित प्रमुख निष्कर्ष निकलते हैं:

1. संवैधानिक दृष्टि से: अनुच्छेद 44 UCC को राज्य का लक्ष्य घोषित करता है, परंतु यह न्यायालय द्वारा प्रवर्तनीय नहीं है। साथ ही, अनुच्छेद 25-29 धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्वतंत्रता की गारंटी देते हैं, जिनके साथ संतुलन बनाना अनिवार्य है।
2. न्यायिक दृष्टि से: सर्वोच्च न्यायालय ने बार-बार UCC की आवश्यकता दोहराई है, परंतु 22वें विधि आयोग ने एकमुश्त UCC की बजाय भेदभावपूर्ण प्रावधानों को समाप्त करने की सिफारिश की है।
3. लैंगिक न्याय की दृष्टि से: व्यक्तिगत कानूनों में महिलाओं के साथ भेदभाव एक ठोस वास्तविकता है। NCRB आंकड़े बताते हैं कि घरेलू

हिंसा एवं दहेज संबंधी अपराध बढ़ रहे हैं, जिन्हें रोकने में एकीकृत कानून सहायक हो सकता है।

4. उत्तराखंड प्रयोग: उत्तराखंड का UCC अधिनियम 2024 भारत में राज्य स्तर पर एक महत्त्वपूर्ण प्रयोग है, जिसके दीर्घकालिक परिणामों की प्रतीक्षा है।
5. अंतर्राष्ट्रीय उदाहरण: फ्रांस, तुर्की एवं गोवा के उदाहरण सिद्ध करते हैं कि समान नागरिक संहिता लागू की जा सकती है, परंतु इसके लिए पर्याप्त सामाजिक तैयारी एवं राजनीतिक सहमति आवश्यक है।

सुझाव :

1. व्यापक जन-संवाद: UCC लागू करने से पूर्व सभी धार्मिक समुदायों, महिला संगठनों, जनजातीय समूहों एवं नागरिक समाज के साथ व्यापक परामर्श होना चाहिए।
2. चरणबद्ध कार्यान्वयन: एकमुश्त UCC थोपने की बजाय विभिन्न व्यक्तिगत कानूनों में भेदभावपूर्ण प्रावधानों को चरणबद्ध तरीके से समाप्त किया जाए।
3. महिला अधिकारों को प्राथमिकता: किसी भी UCC का केंद्र बिंदु महिला समानता एवं सुरक्षा होना चाहिए, न कि धार्मिक एकरूपता।
4. जनजातीय छूट: अनुसूचित जनजातियों की विशेष सांस्कृतिक परम्पराओं का सम्मान करते हुए उन्हें उचित छूट दी जाए।
5. राष्ट्रीय सहमति: UCC को राजनीतिक एजेंडे से अलग रखकर व्यापक राष्ट्रीय सहमति के आधार पर लागू किया जाए, ताकि यह भारत की विविधता में एकता के मूल सिद्धांत को चरितार्थ करे।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

क. संवैधानिक प्रावधान एवं विधान

1. भारत का संविधान (The Constitution of India), 1950 - अनुच्छेद 14, 15, 21, 25, 26, 29, 37, 44.
2. हिंदू विवाह अधिनियम (Hindu Marriage Act), 1955.
3. हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम (Hindu Succession Act), 1956.
4. मुस्लिम पर्सनल लॉ (शरीयत) एप्लीकेशन एक्ट (Muslim Personal Law Application Act), 1937.
5. मुस्लिम विवाह विघटन अधिनियम (Dissolution of Muslim Marriages Act), 1939.
6. भारतीय ईसाई विवाह अधिनियम (Indian Christian Marriage Act), 1872.
7. विशेष विवाह अधिनियम (Special Marriage Act), 1954.
8. मुस्लिम महिला (तलाक पर अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 1986.
9. मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अधिनियम, 2019.
10. उत्तराखंड समान नागरिक संहिता अधिनियम, 2024.

ख. न्यायिक निर्णय

1. मोहम्मद अहमद खान बनाम शाह बानो बेगम (1985) 2 SCC 556.
2. सरला मुद्गल बनाम भारत संघ (1995) 3 SCC 635.
3. जॉन वल्लमट्टम बनाम भारत संघ (2003) 6 SCC 611.
4. शायरा बानो बनाम भारत संघ (2017) 9 SCC 1.
5. जोस पाउलो कॉटिन्हो बनाम मारिया लुईजा (2019) 11 SCC 18.

ग. विधि आयोग रिपोर्ट एवं सरकारी दस्तावेज:

1. Law Commission of India, Consultation Paper on Reform of Family Law, 21st Law Commission, 2018.
2. 22nd Law Commission of India, Consultative Paper on UCC 2023-24.
3. National Crime Records Bureau (NCRB), Crime in India Report, 2022, New Delhi: Ministry of Home Affairs.
4. Census of India, 2011, Office of the Registrar General and Census Commissioner, India.
5. National Family Health Survey (NFHS-5), 2019-21, Ministry of Health and Family Welfare.

घ. पुस्तकें एवं शोध पत्र:

1. Seervai, H.M. (1993). Constitutional Law of India (4th ed.). N.M. Tripathi.
2. Parashar, Archana (1992). Women and Family Law Reform in India. SAGE Publications.
3. Desai, Satyajeet A. (2007). Mulla's Principles of Hindu Law (21st ed.). LexisNexis.
4. Saxena, Poonam Pradhan (2011). Family Law II. LexisNexis Butterworths.
5. Agarwala, R.K. (2015). Hindu Law (23rd ed.). Central Law Agency, Allahabad.
6. Mahmood, Tahir (1977). Muslim Personal Law: Role of the State in the Subcontinent. Vikas Publishing.
7. Agnes, Flavia (2011). Family Law: Family Laws and Constitutional Claims. Oxford University Press.
8. Lokniti-CSDS Survey on Uniform Civil Code, 2024. Centre for the Study of Developing Societies, New Delhi.

तालिका 1: समान नागरिक संहिता से संबंधित संवैधानिक प्रावधान

अनुच्छेद	भाग	प्रावधान	UCC से संबंध
अनुच्छेद 14	भाग III – मौलिक अधिकार	विधि के समक्ष समानता	सभी नागरिकों को समान कानूनी स्थिति
अनुच्छेद 15	भाग III – मौलिक अधिकार	धर्म, जाति, लिंग के आधार पर भेदभाव का निषेध	लैंगिक समानता का आधार
अनुच्छेद 25	भाग III – मौलिक अधिकार	धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार	UCC के विरोध का प्रमुख आधार
अनुच्छेद 26	भाग III – मौलिक अधिकार	धार्मिक मामलों के प्रबंधन की स्वतंत्रता	धार्मिक संस्थाओं की स्वायत्तता
अनुच्छेद 29	भाग III – मौलिक अधिकार	अल्पसंख्यकों के हितों का संरक्षण	सांस्कृतिक विविधता की रक्षा
अनुच्छेद 44	भाग IV – DPSP	राज्य समान नागरिक संहिता लागू करने का प्रयास करेगा	UCC का प्रत्यक्ष संवैधानिक आधार
अनुच्छेद 37	भाग IV – DPSP	DPSP न्यायालय द्वारा प्रवर्तनीय नहीं	UCC अनिवार्य नहीं, केवल मार्गदर्शक

तालिका 2: भारत में विभिन्न धर्मों के व्यक्तिगत कानून

विषय	हिंदू कानून	मुस्लिम कानून	ईसाई कानून	विशेष विवाह अधिनियम
विवाह	हिंदू विवाह अधिनियम, 1955	मुस्लिम पर्सनल लॉ (शरीयत), 1937	भारतीय ईसाई विवाह अधिनियम, 1872	विशेष विवाह अधिनियम, 1954
तलाक	हिंदू विवाह अधिनियम, 1955	मुस्लिम विवाह विघटन अधिनियम, 1939	तलाक अधिनियम, 1869	विशेष विवाह अधिनियम, 1954
उत्तराधिकार	हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956	मुस्लिम पर्सनल लॉ (शरीयत)	भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम, 1925	भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम, 1925
गोद लेना	हिंदू दत्तक ग्रहण अधिनियम, 1956	अनुमति नहीं (केवल कफालत)	संरक्षक एवं प्रतिपाल्य अधिनियम, 1890	संरक्षक एवं प्रतिपाल्य अधिनियम, 1890
भरण-पोषण	हिंदू दत्तक एवं भरण-पोषण अधिनियम, 1956	CrPC धारा 125; मुस्लिम महिला अधिनियम, 1986	CrPC धारा 125	CrPC धारा 125

तालिका 3: भारत में धार्मिक जनसंख्या एवं व्यक्तिगत कानूनों का प्रभाव (जनगणना 2011 आधारित)

धर्म	जनसंख्या (करोड़)	प्रतिशत (%)	लागू व्यक्तिगत कानून	प्रमुख विवाद बिंदु
हिंदू	96.63	79.8%	हिंदू कोड (संशोधित)	संपत्ति अधिकार, HUF
मुस्लिम	17.22	14.2%	शरीयत एप्लीकेशन एक्ट	बहुविवाह, तलाक, उत्तराधिकार
ईसाई	2.78	2.3%	भारतीय ईसाई विवाह अधिनियम	तलाक की जटिल प्रक्रिया
सिख	2.08	1.7%	हिंदू कोड लागू	आनंद मैरिज एक्ट
बौद्ध	0.84	0.7%	हिंदू कोड लागू	–
जैन	0.45	0.4%	हिंदू कोड लागू	–
पारसी	0.006	0.006%	पारसी विवाह एवं तलाक अधिनियम	अंतर-धार्मिक विवाह
अन्य/धर्महीन	0.87	0.7%	विशेष विवाह अधिनियम	

तालिका 4: समान नागरिक संहिता पर प्रमुख न्यायिक निर्णय

वाद (Case)	वर्ष	मुख्य मुद्दा	न्यायालय का निर्णय/टिप्पणी
मोहम्मद अहमद खान बनाम शाह बानो बेगम	1985	मुस्लिम तलाकशुदा महिला का भरण-पोषण	सर्वोच्च न्यायालय ने UCC लागू करने की अपील की
सरला मुद्गल बनाम भारत संघ	1995	धर्म परिवर्तन कर दूसरा विवाह	UCC की आवश्यकता पर बल दिया
जॉन वल्लमट्टम बनाम भारत संघ	2003	ईसाई उत्तराधिकार में भेदभाव	अनुच्छेद 44 के कार्यान्वयन पर जोर
शायरा बानो बनाम भारत संघ	2017	तीन तलाक (तलाक-ए-बिद्दत)	तीन तलाक असंवैधानिक घोषित
जोस पाउलो कॉटिन्हो बनाम मारिया लुईजा	2019	गोवा नागरिक संहिता	गोवा की समान संहिता की सराहना
सर्वोच्च न्यायालय (22वाँ विधि आयोग)	2018	UCC पर विचार	'UCC न तो आवश्यक है न वांछनीय' – विधि आयोग

तालिका 5: समान नागरिक संहिता – पक्ष एवं विपक्ष

पक्ष में तर्क (For UCC)	**विपक्ष में तर्क** (Against UCC)
राष्ट्रीय एकता और अखंडता को बढ़ावा	धार्मिक स्वतंत्रता (अनुच्छेद 25–28) का उल्लंघन
लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण	भारत की सांस्कृतिक विविधता को खतरा
संवैधानिक आदेश (अनुच्छेद 44) का पालन	अल्पसंख्यकों के अधिकारों पर प्रभाव
कानूनी प्रणाली का सरलीकरण	सहमति के बिना लागू करना अलोकतांत्रिक
धर्मनिरपेक्षता का सच्चा अर्थ	व्यावहारिक कठिनाइयाँ – विविध प्रथाओं का एकीकरण
गोवा का सफल उदाहरण	राजनीतिक ध्रुवीकरण का खतरा
आधुनिकीकरण और प्रगतिशील समाज	जनजातीय समुदायों की विशेष प्रथाओं पर प्रभाव

तालिका 6: विधि आयोग की रिपोर्ट – UCC पर सिफारिशें (कालक्रम)

विधि आयोग	**वर्ष**	**अध्यक्ष**	**मुख्य सिफारिश**
प्रथम विधि आयोग (ब्रिटिश काल)	1840	Lord Macaulay	व्यक्तिगत कानूनों को एकीकरण से बाहर रखा
15वाँ विधि आयोग	1960	A.K. Sarkar	हिंदू कानून सुधार पर ध्यान
21वाँ विधि आयोग	2018	न्यायमूर्ति B.S. Chauhan	UCC 'न आवश्यक, न वांछनीय'; भेदभावपूर्ण प्रावधान हटाने पर बल
22वाँ विधि आयोग	2023–24	न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) Ritu Raj Awasthi	UCC पर जनता से सुझाव आमंत्रितय विचाराधीन

तालिका 7: उत्तराखंड UCC अधिनियम 2024 – मुख्य प्रावधान

विषय	**प्रावधान**	**पूर्व स्थिति**	**परिवर्तन**
विवाह पंजीकरण	60 दिनों के भीतर अनिवार्य	स्वैच्छिक	अनिवार्य
विवाह की न्यूनतम आयु	पुरुष 21, महिला 18 वर्ष	समान	कोई परिवर्तन नहीं
बहुविवाह	पूर्णत: प्रतिबंधित (सभी धर्मों के लिए)	मुस्लिम पुरुषों को 4 विवाह की अनुमति	एकसमान प्रतिबंध
तलाक	एकसमान प्रक्रिया द न्यायालय द्वारा	धर्म–आधारित भिन्न प्रक्रियाएँ	एकीकृत
उत्तराधिकार	पुत्र–पुत्री को समान अधिकार (सभी धर्मों में)	धर्म–आधारित भिन्नता	एकसमान
लिव–इन रिलेशनशिप	पंजीकरण अनिवार्य (30 दिन के भीतर)	कोई कानूनी मान्यता नहीं	नई व्यवस्था
गोद लेना	सभी धर्मों के लिए समान प्रक्रिया	धर्म–आधारित भिन्नता	एकीकृत
भरण–पोषण	पति–पत्नी दोनों का अधिकार	मुख्यत: पत्नी का अधिकार	लैंगिक समानता

तालिका 8: व्यक्तिगत कानूनों से संबंधित न्यायालय में लम्बित मामले (2023)

न्यायालय स्तर	**कुल लम्बित मामले**	**पारिवारिक/व्यक्तिगत कानून मामले**	**प्रतिशत**
सर्वोच्च न्यायालय	80,439	~5,200	~6.5%
उच्च न्यायालय	61,17,846	~8,50,000	~13.9%
जिला न्यायालय	4,43,70,154	~1,15,00,000	~25.9%
पारिवारिक न्यायालय	11,34,286	11,34,286	100%

तालिका 9: महिलाओं के विरुद्ध अपराध – NCRB डेटा (2022)

अपराध श्रेणी	**दर्ज मामले (2022)**	**2021 से परिवर्तन (%)**	**दोषसिद्धि दर (%)**
क्रूरता/दहेज उत्पीड़न (498A)	1,36,234	5.4%	14.3%
दहेज हत्या (304B)	6,450	–2.1%	34.7%
बलात्कार (376 IPC)	31,516	4.3%	27.8%
अपहरण	57,532	3.8%	22.1%
घरेलू हिंसा (DV Act)	16,234	8.2%	12.5%
कार्यस्थल यौन उत्पीड़न	1,221	12.4%	18.6%
कुल (महिलाओं के विरुद्ध)	4,45,256	4.0%	20%

तालिका 10: UCC पर जनमत सर्वेक्षण (विभिन्न स्रोत)

सर्वेक्षण/स्रोत	वर्ष	पक्ष में (%)	विपक्ष में (%)	कोई राय नहीं (%)
22वाँ विधि आयोग (प्राप्त सुझाव)	2023	~65%	~30%	~5%
C-Voter Survey	2023	44%	31%	25%
India Today-Axis My India	2023	51%	28%	21%
Lokniti-CSDS Survey	2024	47%	33%	20%

तालिका 11: विभिन्न देशों में नागरिक संहिता की स्थिति

देश	नागरिक संहिता की स्थिति	वर्ष	विशेषता
फ्रांस	नेपोलियन कोड	1804	विश्व की पहली आधुनिक नागरिक संहिता
तुर्की	तुर्की नागरिक संहिता	1926	इस्लामी देश में धर्मनिरपेक्ष संहिता
जापान	जापानी नागरिक संहिता	1898	जर्मन-फ्रेंच मॉडल पर आधारित
गोवा (भारत)	गोवा नागरिक संहिता	1867 (पुर्तगाली)	भारत में एकमात्र राज्य जहाँ UCC लागू था
इजराइल	मिश्रित प्रणाली	1948	व्यक्तिगत कानून धार्मिक, अन्य कानून समान
मलेशिया	द्वैध प्रणाली	1957	मुस्लिमों के लिए शरीयत, अन्य के लिए सिविल लॉ
इंडोनेशिया	मिश्रित प्रणाली	1945	आदत, इस्लामिक और सिविल कानून
मिस्र	मिश्रित प्रणाली	1949	फ्रेंच मॉडल शरीयत (पारिवारिक कानून)

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2026, E-Journal, Vol. I, Issue LIV (54), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

Women's Legal Status & Rights in the Indian Constitution: A Constitutional and Legislative Analysis

Dr. Najneen Khan* Dr. Nirmal Kumar Pagariya**

***APSU University, Rewa (M.P.) INDIA**
**** Retd. Professor, Indore Law College, Indore (M.P.) INDIA**

Abstract: The Indian Constitution, adopted on 26 November 1949, stands as one of the most progressive constitutional documents in the world with respect to gender equality. This paper examines the constitutional and legislative framework governing the legal status and rights of women in India, tracing the provisions embedded in the Fundamental Rights (Part III), the Directive Principles of State Policy (Part IV), and the Fundamental Duties (Part IVA). It analyses key parliamentary legislation enacted to give effect to constitutional guarantees, including the Protection of Women from Domestic Violence Act 2005, the Sexual Harassment of Women at Workplace Act 2013, the Hindu Succession (Amendment) Act 2005, and the Nari Shakti Vandan Adhiniyam 2023. The paper further surveys landmark Supreme Court judgments that have progressively expanded the scope of women's rights through creative constitutional interpretation. A critical assessment of challenges encompassing socio-cultural barriers, implementation gaps, economic dependence, and intersecting disadvantages of caste and class reveals that despite a robust de jure framework, de facto equality remains elusive for millions of Indian women. The paper concludes with targeted recommendations for bridging the enduring gap between constitutional promise and social reality.
Keywords: Indian Constitution, women's rights, gender equality, Fundamental Rights, Directive Principles, landmark judgments, women's reservation, implementation gap.

Introduction - The history of women in India is one of paradox: goddesses venerated alongside women subjugated. For centuries prior to independence, women in India were largely denied legal personhood. They were excluded from property ownership, constrained by personal laws that sanctioned polygamy and unilateral divorce, barred from public office, and rendered almost entirely dependent on male guardians for their social and economic existence. The colonial period, while it introduced reformist legislation such as the Hindu Widows' Remarriage Act of 1856 and the Child Marriage Restraint Act of 1929, left the fundamental structures of patriarchal subordination largely intact.

It was therefore a moment of profound historical significance when the Constituent Assembly of India, which included notable women members such as Sarojini Naidu, Hansa Mehta, Amrit Kaur, Durgabai Deshmukh, and Vijaya Lakshmi Pandit, deliberated the shape of an independent nation's foundational law. These women advocated successfully for the inclusion of explicit equality provisions, resisting proposals that would have relegated women's rights to mere policy aspirations. The result was a Constitution that, from its very Preamble, promised Justice, Liberty, Equality, and Fraternity to all its citizens irrespective of sex.

This research paper undertakes a comprehensive examination of women's legal status and rights under the Indian constitutional and statutory order. It proceeds in seven parts: an analysis of the constitutional framework including Fundamental Rights, Directive Principles, and Fundamental Duties; a survey of the principal legislative measures enacted for women's protection and empowerment; a review of landmark judicial interpretations that have shaped the contemporary understanding of gender rights; an assessment of women's political participation and representation; a critical evaluation of persistent challenges and implementation gaps; and finally, a set of conclusions and recommendations directed toward realising the Constitution's egalitarian vision in practice.

The thesis central to this paper is that the Indian Constitution provides one of the most robust de jure frameworks for gender equality in the world, yet a profound and troubling gap persists between constitutional aspiration and social reality, a gap that demands urgent attention from lawmakers, courts, civil society, and citizens alike.

Constitutional Framework for Women's Rights: The Indian Constitution addresses the question of women's rights and gender equality across multiple Parts, adopting a comprehensive approach that combines justiciable Fundamental Rights with directive policy principles and

citizen duties. Together, these provisions create a multi-layered normative architecture designed to eliminate historical disadvantages faced by women and to create conditions for substantive equality.

Fundamental Rights (Part III)

Part III of the Constitution, comprising Articles 12 to 35, enumerates the Fundamental Rights enforceable against the State. Several of these provisions have direct and critical relevance to women's equality and protection.

Article 14 — Equality Before Law: This Article guarantees that "the State shall not deny to any person equality before the law or the equal protection of the laws within the territory of India." For women, Article 14 has been the constitutional anchor for challenging laws and executive actions that arbitrarily discriminate on the basis of gender. The Supreme Court has consistently held that laws targeting women without rational justification violate Article 14.

Article 15 — Prohibition of Discrimination: Article 15(1) prohibits the State from discriminating against any citizen on grounds only of religion, race, caste, sex, or place of birth. However, the provision most transformative for women is Article 15(3), which creates an enabling exception: "Nothing in this article shall prevent the State from making any special provision for women and children." This clause is the constitutional foundation for affirmative action and reservation policies benefiting women, including reservations in local government and Parliament.

Article 16 — Equality of Opportunity in Public Employment: Article 16 guarantees equality of opportunity for all citizens in matters relating to employment or appointment to any office under the State. It prohibits discrimination on grounds that include sex, thereby ensuring women's equal access to public employment, and has been relied upon extensively in litigation challenging gender-based exclusions from government service and promotions.

Article 21 — Right to Life and Personal Liberty: Perhaps the most expansively interpreted fundamental right, Article 21 declares that "no person shall be deprived of his life or personal liberty except according to procedure established by law." Through landmark decisions, the Supreme Court has given Article 21 rich and evolving content with profound implications for women: the right to live with dignity, the right to privacy and bodily autonomy (K.S. Puttaswamy v. Union of India, 2017), the right to livelihood, the right to health, and the right to be free from sexual harassment at the workplace.

Article 23 — Prohibition of Trafficking: Article 23 prohibits traffic in human beings and forced labour, declaring any contravention to be a punishable offence. Since women constitute the overwhelming majority of victims of trafficking for sexual exploitation and bonded labour, this provision, coupled with the Immoral Traffic (Prevention) Act 1956, forms a critical part of the protective constitutional architecture.

Directive Principles of State Policy (Part IV)

Part IV of the Constitution (Articles 36-51) contains the Directive Principles of State Policy, which, while not enforceable in courts, are "fundamental in the governance of the country" and obligate the State to apply them in making laws (Article 37). Several Directive Principles are of direct relevance to women's economic, social, and legal equality.

Article 39(a) mandates that the State shall direct its policy towards securing the right to an adequate means of livelihood for both men and women citizens. Article 39(d) directs equal pay for equal work for both men and women, a principle given statutory expression in the Equal Remuneration Act 1976. Article 42 mandates the State to make provision for just and humane conditions of work and for maternity relief, forming the constitutional basis of the Maternity Benefit Act. Article 44 envisages a Uniform Civil Code for citizens across India, a still-contested provision with significant implications for women subject to discriminatory personal laws in matters of marriage, divorce, and succession. Article 46 requires the State to promote the educational and economic interests of the weaker sections, which has been interpreted to encompass gender as a dimension of structural disadvantage.

Fundamental Duties (Part IVA)

The Forty-Second Constitutional Amendment (1976) inserted Part IVA containing Fundamental Duties. Article 51A(e) specifically imposes on every citizen of India the duty "to renounce practices derogatory to the dignity of women." Though non-justiciable, this duty is constitutionally significant as a statement of civic obligation and has been relied upon by courts in shaping the content of other rights, including the right to dignity under Article 21.

Table 1 (see in last page)

Legislative Measures for Women's Protection: The constitutional framework described above has been supplemented by an extensive body of parliamentary legislation that seeks to translate constitutional guarantees into enforceable legal norms. These statutes operate across criminal law, civil remedy, labour rights, property rights, political empowerment, and workplace safety, reflecting the multi-dimensional nature of gender inequality in India.

Criminal Law Protections: The Indian Penal Code 1860, now substantially replaced by the Bharatiya Nyaya Sanhita 2023, has long contained provisions targeting crimes against women, including rape (Section 376), cruelty by husband or his relatives (Section 498A), dowry death (Section 304B), and kidnapping or abduction for marriage (Section 366). The Criminal Law (Amendment) Act 2013, enacted in the wake of the December 2012 Delhi gang-rape case, substantially overhauled the legal response to sexual offences. The amended law expanded the definition of rape to include non-penetrative acts, created new offences of stalking, voyeurism, acid attack, and trafficking, enhanced minimum sentences, and introduced fast-track courts for sexual offence cases.

The Dowry Prohibition Act 1961 prohibits the giving and taking of dowry, with penalties extending to imprisonment of up to five years and a fine of no less than fifteen thousand rupees or the value of dowry, whichever is higher. The Act has been strengthened through successive amendments, and its violation is treated as a cognisable, non-bailable offence under the Code of Criminal Procedure.

Protection of Women from Domestic Violence Act, 2005: Enacted in fulfilment of India's obligations under the Convention on the Elimination of All Forms of Discrimination Against Women (CEDAW), the Protection of Women from Domestic Violence Act 2005 (PWDVA) represents a landmark legislative achievement. For the first time, the Act provided a comprehensive civil law remedy for domestic violence, covering physical, sexual, emotional, verbal, and economic abuse within domestic relationships.

The Act provides for a range of reliefs including protection orders (restraining the respondent from committing acts of violence), residence orders (securing the aggrieved woman's right to reside in the shared household), monetary relief (for medical expenses, loss of earnings, and maintenance), custody orders for children, and compensation orders. It created a new institutional architecture including Protection Officers, Service Providers, and Magistrate Courts with jurisdiction to grant emergency relief within 60 days. Since its enactment, the PWDVA has been used by hundreds of thousands of women across India and has been progressively interpreted by courts to extend protection to women in live-in relationships.

Sexual Harassment of Women at Workplace Act, 2013: The Sexual Harassment of Women at Workplace (Prevention, Prohibition and Redressal) Act 2013 (POSH Act) was enacted sixteen years after the Supreme Court's Vishaka Guidelines (discussed in Section 4) to provide a statutory framework for preventing and addressing sexual harassment in the workplace. The Act defines sexual harassment broadly to encompass unwelcome physical contact, demand for sexual favours, sexually coloured remarks, showing pornography, and any other unwelcome physical, verbal, or non-verbal conduct of a sexual nature. Every employer is required to constitute an Internal Complaints Committee (ICC) at each workplace with ten or more employees, with a woman presiding officer and at least half of the members being women. A Local Complaints Committee (LCC) at the district level covers unorganised sector workers and cases against employers themselves. The Act imposes penalties for non-compliance including cancellation of business licences.

Property and Succession Rights: The Hindu Succession (Amendment) Act 2005 effected a transformative change in inheritance law by amending the Hindu Succession Act 1956 to grant daughters equal coparcenary rights in joint family property. Prior to this amendment, daughters could claim a share only upon partition and lost their rights upon marriage. The amended Section 6 confers on daughters the same rights and liabilities as sons in respect of coparcenary property, a right that inheres by birth. In Vineeta Sharma v. Rakesh Sharma (2020), a three-judge bench of the Supreme Court affirmed that this right is available to daughters born before the 2005 amendment as well, provided the coparcener father was alive at the time of the amendment.

Maternity Benefit (Amendment) Act, 2017: The Maternity Benefit (Amendment) Act 2017 amended the Maternity Benefit Act 1961 to significantly enhance protections for working mothers. The most significant change was the increase in paid maternity leave from twelve to twenty-six weeks for working women with fewer than two surviving children. The Act additionally mandates creche facilities for establishments employing fifty or more employees, requires employers to permit women four visits to the creche per day, and provides for work-from-home options where the nature of work permits. These provisions reflect a growing recognition that workplace accommodation for maternal responsibilities is a component of the right to equal participation in the labour force.

Women's Reservation Act, 2023: The Constitution (One Hundred and Sixth Amendment) Act 2023, also known as the Nari Shakti Vandan Adhiniyam, reserves not less than one-third of all seats in the Lok Sabha, State Legislative Assemblies, and the Delhi Legislative Assembly for women. The reserved seats are to be allocated by rotation to different constituencies in each general election. Critically, the reservation is linked to the completion of the next delimitation exercise and the subsequent census, meaning its implementation is expected in the general elections scheduled for 2029 at the earliest. The Act also reserves one-third of the seats reserved for Scheduled Castes and Scheduled Tribes for women from those communities.

Table 2 (see in last page)

Judicial Interpretation and Landmark Judgments: The Indian judiciary, and in particular the Supreme Court of India, has played a transformative role in expanding the constitutional rights of women far beyond what a literal reading of the text might suggest. Through the technique of progressive constitutional interpretation, often described as a "living constitutionalism," courts have consistently read gender equality and women's dignity into the broad provisions of Parts III and IV.

Workplace Sexual Harassment: Vishaka and Its Legacy: Vishaka v. State of Rajasthan (1997) is perhaps the most celebrated women's rights judgment in Indian constitutional history. The case arose from the brutal gang rape of Bhanwari Devi, a social worker in Rajasthan who had been trying to prevent a child marriage. Confronted with the absence of legislation on workplace sexual harassment, a three-judge bench of the Supreme Court exercised its extraordinary power under Article 32 to lay down binding guidelines for the prevention, prohibition, and redressal of

sexual harassment at the workplace. The Vishaka Guidelines, drawing on CEDAW and international human rights standards, remained in force as binding law for sixteen years until replaced by the POSH Act 2013.

Triple Talaq: Shayara Bano v. Union of India (2017): In Shayara Bano v. Union of India (2017), a five-judge Constitution Bench of the Supreme Court addressed the constitutionality of the practice of talaq-e-biddat (triple talaq), by which a Muslim husband could instantly and irrevocably dissolve a marriage by pronouncing "talaq" three times. By a majority of 3:2, the Court declared the practice unconstitutional as violating Articles 14 and 21. The minority held that it was a matter of personal law beyond constitutional challenge. Following the judgment, Parliament enacted the Muslim Women (Protection of Rights on Marriage) Act 2019, which criminalises the practice of instant triple talaq.

Adultery Law: Joseph Shine v. Union of India (2018): In Joseph Shine v. Union of India (2018), a five-judge Constitution Bench unanimously struck down Section 497 of the Indian Penal Code, which criminalised adultery. The Court held that the provision was unconstitutional on multiple grounds: it treated women as the property of their husbands, denied women agency over their sexual choices, and discriminated on the basis of sex. Chief Justice Dipak Misra observed that "a wife is not the chattel of the husband" and that any law premised on that assumption violated the core constitutional guarantee of dignity under Article 21.

Right to Worship: Sabarimala Temple Case (2018): Indian Young Lawyers Association v. State of Kerala (2018) presented the Supreme Court with the question whether a centuries-old tradition of excluding women between the ages of ten and fifty from the Sabarimala temple was constitutionally valid. By a 4:1 majority, the Court held that the exclusion violated Articles 14, 15, and 25, ruling that the right to religious practice did not extend to discriminating against women on the basis of physiological characteristics. The lone dissenting judge held that the practice constituted an "essential religious practice" protected under Article 26. The judgment sparked significant public controversy and subsequent litigation.

Armed Forces: Secretary, Ministry of Defence v. Babita Puniya (2020): In Babita Puniya v. Union of India (2020), the Supreme Court directed that women officers in the Indian Army be granted permanent commission and made eligible for command appointments, rejecting the government's argument that women were physiologically unsuitable for command roles. The Court held that denial of permanent commission to women officers violated Articles 14 and 16 and was premised on "outdated and paternalistic" stereotypes about women's capabilities that had no place in constitutional law.

Table 3 (see in last page)

Political Participation and Representation: The Constitution of India grants women the right to vote and to stand for election on terms identical to men, making the principle of political equality a foundational guarantee. Article 326 confers adult suffrage on all citizens without discrimination, and Article 325 prohibits any person from being ineligible for inclusion in electoral rolls on grounds of sex, among others. However, the translation of these formal guarantees into meaningful political representation has been a slow and contested process.

Local Self-Government: The 73rd and 74th Amendments: The Constitution (Seventy-Third Amendment) Act 1992 and the Constitution (Seventy-Fourth Amendment) Act 1992 introduced mandatory reservation of not less than one-third of seats for women in Panchayati Raj institutions and Urban Local Bodies respectively, under Articles 243D and 243T. These amendments are rightly regarded as one of the most successful affirmative action measures in Indian constitutional history. By 2023, more than 1.4 million elected women representatives occupied positions in gram panchayats, panchayat samitis, and zila parishads across India.

The practical impact of local-level reservation has been significant. Studies by the World Bank and the International Centre for Research on Women have documented that women sarpanchs (village heads) in reserved constituencies show measurable improvements in public goods provision, particularly in areas of water supply, sanitation, and girls' education. Several states, including Bihar, Jharkhand, Uttarakhand, Maharashtra, and Rajasthan, have increased their reservation quota to fifty percent.

National Legislature: Women's Reservation Act, 2023

The enactment of the Nari Shakti Vandan Adhiniyam 2023 marked the culmination of three decades of legislative effort to extend reservation to Parliament. The Women's Reservation Bill was first introduced in 1996 and was repeatedly stalled due to demands for sub-reservation for OBC women and other political disagreements. The 2023 Act, passed with near-unanimous support in both Houses, reserves not less than one-third of seats in the Lok Sabha, State Assemblies, and the Delhi Legislative Assembly for women through rotation across constituencies.

However, the Act's implementation is contingent on the completion of the delimitation exercise following the first census conducted after the Act's commencement. Given that the 2021 Census was delayed and has not yet been concluded, the reservation is expected to come into effect no earlier than the 2029 general elections. Critics have argued that this built-in delay represents a failure of political will, while proponents maintain that linking reservation to delimitation is constitutionally necessary to ensure equitable distribution.

Table 4 (see in last page)

Challenges and Implementation Gaps: Despite the constitutional and legislative framework described in the preceding sections, the realisation of substantive gender

equality in India remains a work profoundly in progress. A persistent and troubling gap separates the aspirational architecture of the law from the lived experience of millions of Indian women. This section examines the principal dimensions of that gap.

The De Jure-De Facto Divide: India's de jure legal framework for women's rights is, by global standards, remarkably comprehensive. Yet the country's performance on comparative gender equality indices tells a sobering story. In the World Economic Forum's Global Gender Gap Report 2023, India ranked 127th out of 146 countries. The country performs particularly poorly on the economic participation and opportunity sub-index, where it ranks 142nd, reflecting the stark gap between constitutional guarantees of equal opportunity and the reality of female labour force participation.

Similarly, despite the Dowry Prohibition Act having been on the statute book since 1961, the National Crime Records Bureau (NCRB) Data for 2022 recorded 6,450 dowry deaths across India. Reported crimes against women including rape, kidnapping, assault, and cruelty by husbands continued at a rate of over 4,45,000 cases per year. These figures, while significant, are widely regarded by experts as substantial undercounts given the barriers to reporting.

Socio-Cultural Barriers and Patriarchal Norms: One of the deepest structural obstacles to the realisation of women's constitutional rights is the enduring power of patriarchal norms, caste hierarchies, and religious customs that operate as de facto legal systems in large parts of India, particularly in rural areas. Khap panchayats and caste councils have continued to issue diktats restricting women's freedom of movement, clothing, and choice of marriage partner, often with impunity. Honour-based violence remains a significant threat to women who exercise their constitutional rights.

Female foeticide and infanticide, though prohibited under the Pre-Conception and Pre-Natal Diagnostic Techniques (PC-PNDT) Act 1994, have contributed to severely skewed sex ratios in many districts, particularly in the states of Haryana, Punjab, and Rajasthan. The 2011 Census recorded a child sex ratio of 914 girls per 1000 boys nationally, with some districts falling as low as 774, reflecting deep-seated son preference that no law has yet fully eradicated.

Access to Justice: The formal legal system, while offering significant protections on paper, remains inaccessible to large numbers of women due to multiple overlapping barriers. Geographic distance from courts, legal aid offices, and police stations disproportionately affects rural women. The financial cost of litigation, even where legal aid is available, creates deterrent effects. Police attitudes — characterised in research by the National Law School as "victim-blaming" in a significant proportion of cases — deter reporting of crimes ranging from rape to domestic violence. The under-representation of women in the legal profession, particularly at the higher judiciary, further affects access. As of 2024, only three of thirty-four judges of the Supreme Court of India are women, and no woman has yet served as Chief Justice of India. In district and sessions courts, female judges constitute approximately 30 percent of the judiciary, a figure that, while improving, reflects the persistence of structural barriers in legal education and appointment.

Economic Dependence: Economic dependence remains one of the most powerful impediments to women's ability to exercise their legal rights. A woman who is financially dependent on her husband or in-laws faces severe practical barriers to invoking the Domestic Violence Act, seeking divorce, or reporting crimes. India's female labour force participation rate, at approximately 37 percent in 2023 (International Labour Organization data), though showing improvement from a historic low of 23 percent in 2018, remains well below the male rate of 77 percent and the global average of 47 percent.

The gender wage gap further compounds this problem. Despite the Equal Remuneration Act 1976 and the mandate of Article 39(d), the International Labour Organization estimates that Indian women earn approximately 34 percent less than men for comparable work, one of the widest gender wage gaps in the Asia-Pacific region. Women's ownership of productive assets, including land and housing, remains far below that of men, limiting their collateral for credit and their resilience in the face of family breakdown.

Intersectionality: Caste, Class, Religion, and Gender

The concept of intersectionality — the interaction of multiple dimensions of identity and disadvantage — is particularly salient for Indian women. Dalit women face a compounded burden of caste discrimination and gender discrimination that is qualitatively distinct from either form of discrimination experienced alone. Data from the NCRB indicates that Dalit women are disproportionately represented among the victims of rape, sexual assault, and atrocity offences.

Adivasi (tribal) women face similar compounded disadvantages, including threats to their land rights, vulnerability to displacement from development projects, and restricted access to healthcare and education. Muslim women navigating the intersection of religious personal law and constitutional equality rights occupy a particularly complex legal space, as demonstrated by the decade-long constitutional litigation over triple talaq and related practices. A rights framework that addresses only gender, without attending to these intersecting structures of disadvantage, will inevitably fail to protect the most vulnerable women.

Table 5, 6 (see in lst page)

Conclusion: This paper has traced the architecture of women's legal rights and status across the constitutional, legislative, and judicial dimensions of the Indian legal order. The picture that emerges is one of remarkable normative ambition: a Constitution that, at its founding, embedded gender equality as a non-negotiable principle; a body of

legislation that has expanded and deepened protections over seven decades; and a judiciary that has, in its best moments, served as a courageous champion of women's constitutional rights, reading dignity, privacy, and equality generously into the fundamental rights provisions.

And yet, the paper has also documented the persistent and deep failure of these de jure guarantees to translate into de facto equality for the majority of Indian women. The Global Gender Gap Report, NCRB crime data, female labour force participation rates, and the representation of women in Parliament and the judiciary all tell a consistent story: the gap between constitutional promise and social reality is wide, measurable, and morally unacceptable.

The causes of this gap are multiple and mutually reinforcing. They include the structural inadequacy of enforcement mechanisms; the persistence of socio-cultural norms that treat women as subordinate; the economic dependence that prevents women from exercising formal rights; the intersecting disadvantages of caste, class, religion, and gender; and the insufficient representation of women in the institutions that make, interpret, and enforce the law. Closing this gap requires action on all of these fronts simultaneously.

Recommendations

1. **Early Implementation of Political Reservation:** The Nari Shakti Vandan Adhiniyam 2023 should be operationalised at the earliest feasible opportunity. Parliament should consider expediting the census and delimitation exercises to enable implementation by 2029. States should simultaneously increase local body reservation to fifty percent, following the lead of Bihar and Rajasthan.
2. **Uniform Civil Code:** Serious, consultative engagement on the Uniform Civil Code as envisioned by Article 44 should be undertaken, with specific attention to ensuring that any such code ensures at minimum equal rights in marriage, divorce, maintenance, and succession for women of all religious communities, without targeting or stigmatising any particular community.
3. **Strengthening Access to Justice:** The number of Fast Track Special Courts for sexual offence cases should be significantly increased. Legal aid services for women, including mobile legal aid clinics in rural areas, should be expanded. Mandatory gender sensitisation training for police officers, magistrates, and public prosecutors should be institutionalised and rigorously monitored.
4. **Economic Empowerment:** Interventions to increase female labour force participation, including expanded childcare infrastructure, enforcement of the POSH Act, and skill development programmes for rural women, should be treated as constitutional imperatives. The gender wage gap should be monitored systematically and addressed through both legislation and enforcement.
5. **Intersectional Approach:** Data collection on crimes against women and social indicators should be routinely disaggregated by caste, religion, and tribal status to enable targeted interventions for the most disadvantaged groups. Specific programmes for Dalit women, Adivasi women, and women from religious minorities should be designed in consultation with the communities concerned.
6. **Increasing Women in Judiciary and Legal Profession:** The Supreme Court Collegium and High Court Collegiums should adopt and publish transparent gender targets for judicial appointments. Law schools should actively recruit women students from underrepresented communities and create mentorship pathways to senior advocacy and judicial careers.

Ultimately, the realisation of women's constitutional rights in India is not a project confined to the legal domain. It requires a fundamental cultural transformation in how women are valued, heard, and empowered across Indian society. The Constitution has provided the roadmap. The task of every generation is to walk the distance between the promise of the text and the reality of lives lived under it.

References:-

Constitutional Provisions:

1. Constitution of India (1950). Articles 14, 15, 16, 19, 21, 23, 39, 42, 44, 46, 51A. Government of India.

Statutes and Legislation:

1. Dowry Prohibition Act, 1961 (Act No. 28 of 1961). Parliament of India.
2. Equal Remuneration Act, 1976 (Act No. 25 of 1976). Parliament of India.
3. Protection of Women from Domestic Violence Act, 2005 (Act No. 43 of 2005). Parliament of India.
4. Hindu Succession (Amendment) Act, 2005 (Act No. 39 of 2005). Parliament of India.
5. Sexual Harassment of Women at Workplace (Prevention, Prohibition and Redressal) Act, 2013 (Act No. 14 of 2013). Parliament of India.
6. Criminal Law (Amendment) Act, 2013 (Act No. 13 of 2013). Parliament of India.
7. Maternity Benefit (Amendment) Act, 2017 (Act No. 6 of 2017). Parliament of India.
8. Constitution (One Hundred and Sixth Amendment) Act, 2023 [Nari Shakti Vandan Adhiniyam]. Parliament of India.
9. Muslim Women (Protection of Rights on Marriage) Act, 2019 (Act No. 20 of 2019). Parliament of India.

Judicial Decisions:

1. Vishaka v. State of Rajasthan, (1997) 6 SCC 241. Supreme Court of India.
2. Lata Singh v. State of Uttar Pradesh, (2006) 5 SCC 475. Supreme Court of India.
3. Shayara Bano v. Union of India, (2017) 9 SCC 1. Supreme Court of India.
4. Joseph Shine v. Union of India, (2019) 3 SCC 39. Supreme Court of India.
5. Indian Young Lawyers Association v. State of Kerala, (2019) 11 SCC 1. Supreme Court of India.

6. Vineeta Sharma v. Rakesh Sharma, (2020) 9 SCC 1. Supreme Court of India.
7. Secretary, Ministry of Defence v. Babita Puniya, (2020) 7 SCC 469. Supreme Court of India.
8. Justice K.S. Puttaswamy (Retd.) v. Union of India, (2017) 10 SCC 1. Supreme Court of India.

Secondary Sources:

1. Austin, G. (1966). The Indian Constitution: Cornerstone of a Nation. Oxford University Press.
2. Basu, S. (2012). She Comes to Take Her Rights: Indian Women, Property, and Propriety. SUNY Press.
3. Baxi, U. (2002). The Future of Human Rights. Oxford University Press.
4. International Labour Organization. (2023). World Employment and Social Outlook: Trends for Women 2023. ILO.
5. National Crime Records Bureau. (2022). Crime in India 2022. Ministry of Home Affairs, Government of India.
6. Pathak, Z., & Sengupta, R. S. (1992). Shahbano. Signs: Journal of Women in Culture and Society, 14(3), 558-582.
7. Subramanian, N. (2014). Nation and Family: Personal Law, Cultural Pluralism, and Gendered Citizenship in India. Stanford University Press.
8. United Nations Entity for Gender Equality and the Empowerment of Women. (2023). Progress on the Sustainable Development Goals: The Gender Snapshot 2023. UN Women.
9. World Economic Forum. (2023). Global Gender Gap Report 2023. WEF.

Table 1: Key Constitutional Provisions for Women's Rights

Article	Part	Provision	Relevance to Women
Art. 14	Part III	Equality before law	Guarantees equal legal status to all persons including women
Art. 15(1)	Part III	Prohibition of discrimination on grounds of sex	Prevents gender-based State discrimination
Art. 15(3)	Part III	Special provisions for women and children	Enables affirmative action and reservations for women
Art. 16	Part III	Equality of opportunity in public employment	Equal access to government jobs for women
Art. 21	Part III	Right to life and personal liberty	Expanded to include dignity, privacy, and bodily autonomy
Art. 23	Part III	Prohibition of trafficking and forced labour	Directly protects women from trafficking and exploitation
Art. 39(a)	Part IV	Right to adequate means of livelihood	Economic security and livelihood for women
Art. 39(d)	Part IV	Equal pay for equal work	Wage equality between men and women
Art. 42	Part IV	Maternity relief	Just conditions of work and maternity benefits
Art. 44	Part IV	Uniform Civil Code	Aims to eliminate discriminatory personal laws
Art. 46	Part IV	Promotion of weaker sections	Educational and economic upliftment of women
Art. 51A(e)	Part IVA	Renounce practices derogatory to dignity of women	Civic duty imposed on every citizen of India

Table 2: Key Legislation for Women's Protection in India

Legislation	Year	Key Provisions	Objective
Dowry Prohibition Act	1961	Prohibits giving/taking dowry; penalty up to 5 years imprisonment	Eliminate dowry-related violence and extortion
Equal Remuneration Act	1976	Equal pay for equal work regardless of gender	Achieve wage parity between men and women
Protection of Women from Domestic Violence Act	2005	Protection, residence, monetary relief, and custody orders	Comprehensive civil remedy for all forms of domestic abuse
Hindu Succession (Amendment) Act	2005	Equal coparcenary rights to daughters in joint family property	Eliminate gender discrimination in property succession
Sexual Harassment of Women at Workplace Act (POSH)	2013	Mandates ICC; broad definition of sexual harassment	Ensure safe and dignified workplace for women
Criminal Law (Amendment) Act	2013	Expanded rape definition; new offences of stalking, acid attack, voyeurism	Stronger criminal deterrence post-Nirbhaya case
Maternity Benefit (Amendment) Act	2017	26 weeks paid maternity leave; mandatory creche facility	Support working mothers and reduce career penalties
Nari Shakti Vandan Adhiniyam (Women's Reservation Act)	2023	33% reservation in Lok Sabha and State Legislatures	Political empowerment and representative governance

Table 3: Landmark Supreme Court Judgments on Women's Rights

Case	Year	Key Issue	Outcome / Significance
Vishaka v. State of Rajasthan	1997	Workplace sexual harassment	Laid down binding Vishaka Guidelines; foundation of POSH Act
Lata Singh v. State of U.P.	2006	Inter-caste marriage / honour killing	Affirmed woman's right to marry person of her own choice
Shayara Bano v. Union of India	2017	Triple talaq (instant divorce)	Declared unconstitutional; led to Muslim Women Act 2019
Joseph Shine v. Union of India	2018	Adultery law (S.497 IPC)	Struck down as unconstitutional; women not chattel of husband
Indian Young Lawyers Assn. v. State of Kerala	2018	Women's entry into Sabarimala temple	Exclusion held unconstitutional; equal right to worship upheld
Vineeta Sharma v. Rakesh Sharma	2020	Daughters' coparcenary rights	Rights available regardless of date of birth or father's death
Secy., Min. of Defence v. Babita Puniya	2020	Permanent commission for women in Army	Women officers entitled to permanent commission and command posts

Table 4: Women's Political Representation in India — Timeline of Key Milestones

Year / Instrument	Development	Impact
1950 - Constitution	Universal adult suffrage under Articles 325 and 326	Women gained equal voting rights at Independence
1992 - 73rd Amendment	33% reservation for women in Panchayati Raj institutions	Over 1.4 million women now serve as elected local body representatives
1992 - 74th Amendment	33% reservation in Urban Local Bodies (municipalities)	Increased women's participation in urban governance
2009 - Rajya Sabha	Women's Reservation Bill (108th Amendment) passed in Rajya Sabha	Proposed 33% seats in Parliament; lapsed due to Lok Sabha non-passage
2023 - 106th Amendment	Nari Shakti Vandan Adhiniyam: 33% in Lok Sabha and State Legislatures	Historic step; implementation awaits delimitation and census
2024 - 18th Lok Sabha	74 women elected to Lok Sabha	~13.6% representation; below South Asian and global averages

Table 5: Key Challenges in Implementation of Women's Rights in India

Challenge Area	Description	Impact
Access to Justice	Low legal literacy; costly litigation; police attitudes; geographic barriers	Many women unable to seek or receive legal remedies
Socio-Cultural Barriers	Patriarchal norms, khap panchayat diktats, honour-based violence, son preference	Constitutional rights undermined by parallel social enforcement systems
Economic Dependence	Female LFPR ~37%; gender wage gap ~34%; low asset ownership	Financial dependence limits autonomy and ability to exercise legal rights
Political Under-Representation	Women hold ~13.6% of Lok Sabha seats; below South Asian average	Policy-making and legislation lack adequate gender perspective
Intersectionality	Dalit, Adivasi, and minority women face compounded discrimination	One-size approach fails the most vulnerable women
Enforcement Gaps	Understaffed police, low conviction rates, delayed trials in crimes against women	Deterrence effect of criminal law significantly weakened
Personal Law Discrimination	Divergent personal laws on marriage, divorce, maintenance, and succession	Women from minority communities may lack equal rights in family matters

Table 6: Selected Gender Equality Indicators — India (2022-2024)

Indicator	India (Data Point)	Global / Regional Benchmark
Global Gender Gap Index Rank (WEF 2023)	127th out of 146 countries	Global average: ~68% parity achieved
Female Labour Force Participation Rate (ILO 2023)	~37%	Global average: ~47%; male LFPR India: ~77%
Gender Wage Gap (ILO estimate)	Women earn ~34% less than men	Global average gap: ~20%; Asia-Pacific: ~17%
Women in Lok Sabha (2024 elections)	74 of 543 MPs (~13.6%)	Global average: ~26.9% (IPU 2024)
Women in State Cabinets (national average)	~9% of cabinet ministers	Global average: ~22.8% (UN Women 2023)
Crimes Against Women (NCRB 2022)	4,45,256 cases reported	Estimated actual incidence significantly higher due to under-reporting
Women Judges — Supreme Court of India (2024)	3 of 34 judges (~8.8%)	Global average: ~30% (IDLO 2024)
Child Sex Ratio (Census 2011)	914 girls per 1,000 boys (0-6 yrs)	Natural ratio: 943-954 girls per 1,000 boys

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2026, E-Journal, Vol. I, Issue LIV (54), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

प्राथमिक विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा: न्यूनतम अधिगम स्तर से निपुण भारत मिशन के लक्ष्यो की ओर संक्रमण: एक विश्लेषण

शबाना परवीन* डॉ. संजीव कुमार**

* रिसर्च स्कॉलर, शिक्षा विभाग, हिंदू कॉलेज, मुरादाबाद (उ.प्र.) भारत
** असिस्टेंट प्रोफेसर, शिक्षा विभाग, हिंदू कॉलेज, मुरादाबाद (उ.प्र.) भारत

शोध सारांश – गुणवत्तापूर्ण शिक्षा आज के युग की सबसे बड़ी आवश्यकता है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने सतत विकास लक्ष्यों के माध्यम से 2030 तक सभी बच्चों के लिए समावेशी एवं न्याय संगत गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने का वैश्विक एवं महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया हुआ है। विश्व भर में विश्व बैंक एवं यूनिसेफ जैसी अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं निरंतर रूप से इस बात पर जोर दे रही है कि शिक्षा विद्यालयों में बच्चों के नामांकन तक ही सीमित नहीं होनी चाहिए बल्कि इसे अधिगम परिणामों पर केंद्रित होना चाहिए। भारत के संदर्भ में प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है, जहां स्वतंत्रता प्राप्ति के आधी शताब्दी बीत जाने के पश्चात इस दिशा में ध्यान दिये जाने की शुरुआत न्यूनतम अधिगम स्तर की अवधारणा से हुई जो अब शिक्षा के अधिकार अधिनियम, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं निपुण भारत मिशन के अति महत्वकांक्षी योजनाओं एवं कार्यक्रमों तक विस्तारित है। शिक्षा की गुणवत्ता के संदर्भ में देखें तो इन सभी योजनाओं एवं कार्यक्रमों का सीमित प्रभाव होता रहा है, यद्यपि विद्यालय नामांकन, आधारभूत संरचना के विकास एवं पहुंच की दृष्टि से लगभग सभी लक्ष्य प्राप्त हो गए हैं, जो इन कार्यक्रमों की एक बड़ी उपलब्धि कहीं जा सकती है। परंतु शिक्षा की गुणवत्ता के प्रश्न अभी बाकी हैं। स्वयंसेवी संस्था प्रथम द्वारा प्रतिवर्ष जारी की जाने वाली रिपोर्ट 'असर' ग्रामीण भारत की प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता की बजरंग तस्वीर प्रस्तुत करती है। रिपोर्ट के अनुसार भारत में प्राथमिक स्तर पर शिक्षा की गुणवत्ता की स्थिति अच्छी नहीं है, जहां कक्षा 5 के लगभग 40% छात्र कक्षा तीन की पाठ्यपुस्तक पढ़ने एवं गणितीय संकल्पनाओं को समझने में असमर्थ हैं। प्रस्तुत आलेख में शोधार्थीनी द्वारा प्राथमिक स्तर पर शिक्षा की गुणवत्ता पर विभिन्न कार्यक्रमों के प्रभाव का विश्लेषण किया गया है।

शब्द कुंजी –गुणवत्तापूर्ण, शिक्षा, न्यूनतम अधिगम स्तर, निपुण भारत मिशन।

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा–भारतीय शिक्षा व्यवस्था में प्राथमिक स्तर पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा या शिक्षा की गुणवत्ता हमेशा से ही एक चुनौती रही है स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात 1991 में न्यूनतम अधिगम स्तर की अवधारणा से पूर्व जहां प्राथमिक शिक्षा की प्रमुख समस्या विद्यालयों में नामांकन बढ़ाना,विद्यालय पहुंच एवं अपव्यय अथवा अवरोधन थी, वहीं न्यूनतम अधिगम की अवधारणा से यह गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की ओर केंद्रित हो गई। अब प्राथमिक स्तर पर शिक्षा की गुणवत्ता या गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की उपलब्धता सुनिश्चित करना योजनाओं का केंद्रीय बिंदु बन गया है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए देश में अनेक योजनाओं का निर्माण एवं कार्यक्रमो का संचालन किया गया जो न्यूनतम अधिगम स्तर से शुरू होकर निपुण भारत मिशन के लक्ष्यो तक देश में शैक्षिक दर्शन के बदलाव के सफर को दर्शाते है। प्राथमिक स्तर पर शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार पर केंद्रित प्रमुख योजनाएं एवं कार्यक्रमों का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है–

सारणी– 01: प्राथमिक स्तर पर गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा पर केन्द्रित प्रमुख कार्यक्रम

कार्यक्रम	प्रमुख तत्व	गुणवत्ता सेधार हेतु प्रमुख मानक
MLL 1991	पाठ्यवस्तु भाषा एवं गणितीय संकल्पनाऐं	न्यूनतम दक्षता
DPEP 1994	प्राथमिक शिक्षा का विकेन्द्रीकरण एवं आधारभूत अव संरचना में	स्थानीय आवश्यकता के अनुरूप शिक्षक प्रशिक्षण एवं बाल केन्द्रित
	सुधार	शिक्षा
SSA 2001	आधारभूत अवसंरचना एवं शिक्षकों का सेवाकालीन प्रशिक्षण अनिवार्य	विद्यालय नामांकन एवं अवधारण
RTE 2009	कानूनी/मौलिक अधिकार	समग्र व सतत मूल्यांकन एवं समावेशी शिक्षा
PBBB 2014	विषयवस्तु	कक्षा 1 व 2 के लिए पढ़ने–लिखने एवं गणितीय कौशल में सुधार पर बल
NIPUN 2021	आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता	स्पष्ट 'सीखने के परिणाम'

1. न्यूनतम अधिगम स्तर–राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 की प्रमुख सिफारिश के आधार पर 1991 में प्रो.आर.एच.ढवे समिति ने न्यूनतम अधिगम स्तर की अवधारणा को प्रस्तुत किया था। यह देश में प्राथमिक स्तर की शिक्षा की गुणवत्ता को सुनिश्चित करने का प्रथम संगठित एवं विशिष्ट प्रयास था। समिति ने प्रस्तावित किया कि 'शिक्षा में समानता तब तक नहीं आ सकती जब तक कि देश के प्रत्येक बच्चे को कम से कम एक निश्चित निश्चित स्तर की शिक्षा प्राप्त न हो जाए'। इसी आधार पर समिति ने कक्षा 1 से 5 तक के लिए गणित,भाषा एवं पर्यावरण अध्ययन विषयों के विशिष्ट मानक प्रस्तुत किए, जिनके द्वारा रटने की प्रवृत्ति से हटकर कौशल या दक्षता आधारित शिक्षण पर बल दिया गया। समिति ने यह स्पष्ट किया कि देश के

काम से कम 80% बच्चों द्वारा कम से कम 80% दक्षताओं को प्राप्त करना सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

न्यूनतम अधिगम स्तर, ऐतिहासिक पृष्ठभूमि–भारतीय शिक्षा में स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद तीव्र गति से परिवर्तन हुए इनमें से एक प्राथमिक विद्यालयों की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि होना था। इससे पहुंच एवं नामांकन में वृद्धि हुई परंतु धीरे–धीरे यह स्पष्ट होने लगा कि नामांकन में वृद्धि के साथ–साथ बच्चों के सीखने में वृद्धि नहीं हो रही है। इससे शिक्षा का 'मात्रात्मक विकास' बनाम 'गुणात्मक उपलब्धि' की समस्या उत्पन्न हुई जिसके परिणामस्वरुप न्यूनतम अधिगम स्तर के संप्रत्यय का उदय हुआ।

न्यूनतम अधिगम स्तर के संप्रत्यय कि देश में स्वीकृति के पीछे विश्व पटल पर हो रहे परिवर्तनों की भूमिका थी। विश्व भर में गुणवत्तापूर्ण प्राथमिक शिक्षा पर बल दिया जा रहा था जिस कारण भारत की गुणवत्ताहीन प्राथमिक शिक्षा की आलोचना देश एवं देश के बाहर होने लगी थी। परिणामस्वरुप सरकार का ध्यान प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता पर केंद्रित होने लगा। इस समय एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा 1978 में यूनिसेफ के सहयोग से 'मिनिमम लर्निंग कॉन्टिन्म' (न्यूनतम अधिगम की सतत प्रगति)पर एक कार्य योजना तैयार की गई थी जिसमें यह निर्धारित किया गया की प्राथमिक स्तर पर कक्षा 2 से कक्षा 5 तक के बच्चों को क्या–क्या आवश्यक कौशल एवं ज्ञान आना चाहिए। यूनिसेफ के सहयोग से एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा प्रस्तुत की गई है यह कार्ययोजना ही देश में न्यूनतम अधिगम स्तर के संप्रत्यय का आधार बनी।

तत्पश्चात राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 में यह स्पष्ट किया गया कि देश के सभी बच्चों को समान स्तर की शिक्षा प्रदान की जानी चाहिए तथा शिक्षा में गुणवत्ता एवं समानता दोनों ही आवश्यक होने चाहिए। इसी आधार पर देश में न्यूनतम अधिगम स्तर को नीतिगत दृष्टि से स्वीकृति मिली। भारत सरकार उस समय चाहती थी कि विद्यालय त्याग करने वाले बालक कम से कम पढ़ने, लिखने एवं गणित के कुछ बुनियादी कौशल को सीख सकें जिससे वे बाद के जीवन में उनका प्रयोग कर सके। इसके साथ ही प्राथमिक शिक्षा प्रणाली में एक समस्या यह थी कि 'लर्निंग आउटकम' की स्पष्ट परिभाषा नहीं थी। इन्हीं समस्याओं के समाधान हेतु न्यूनतम अधिगम का संप्रत्य देश में एक रणनीति के रूप में सामने आया। इसी के दृष्टिगत भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा 5 जनवरी 1990 को प्रो. आर.एच.दवे की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया। इस समिति ने प्राथमिक स्तर की शिक्षा के लिए कई सिफारिशें दी, जिनमें से प्रमुख सिफारिश से निम्नलिखित हैं–

1. **न्यूनतम अधिगम स्तर का निर्धारण**–समिति की सबसे प्रमुख एवं युग परिवर्तन कार्य सिफारिश जिसे आगे चलकर प्राथमिक शिक्षा के परिदृश्य को पूरी तरह से बदलकर रख दिया थी कि 'प्राथमिक स्तर पर कक्षा 1 से कक्षा 5 तक के बच्चों के लिए स्पष्ट एवं मापनीय अधिगम स्तर का निर्धारण किया जाए जो मुख्य रूप से भाषा,गणित एवं पर्यावरण अध्ययन इन तीन विषयों में लागू किए जाएं।'

2. **आधारभूत विषयों में दक्षताओं का निर्धारण**–समिति की एक और प्रमुख सिफारिश थी की कक्षा 1 से कक्षा 5 तक के प्रत्येक स्तर पर तीन मुख्य विषयों भाषा,गणित एवं पर्यावरण अध्ययन में न्यूनतम अधिगम स्तर का क्रियान्वयन किया जाए क्योंकि ये विषय व्यावहारिक जीवन में अनिवार्य कौशल प्रदान करते हैं। भाषा द्वारा पढ़ने लिखने एवं समझने की दक्षता आती है, जो व्यक्ति के जीवन को सरल बनाती है। गणित द्वारा बच्चा गणना करने एवं तार्किक सोच की दक्षता प्राप्त करता है जो जीवन में दैनिक क्रियाकलापों में प्रयुक्त होती है तथा पर्यावरण का अध्ययन समाज एवं राष्ट्र के प्रति सकारात्मक समझ का विकास करता है। क्योंकि इससे पूर्व शिक्षा प्रणाली में यह स्पष्ट नहीं किया गया था कि किसी भी कक्षा को उत्तीर्ण करने के पश्चात बच्चों को क्या–क्या दक्षता अथवा ज्ञान आना चाहिए। इस समस्या के समाधान के रूप में समिति ने नवीन संप्रत्यय दिया कि प्रत्येक कक्षा के लिए अधिगम परिणाम निश्चित किए जाने चाहिए जो रटने की प्रवृत्ति के स्थान पर कौशल एवं दक्षता आधारित हो। जैसे –कक्षा 2 का बच्चा गणित में कम से कम दो अंकों को जोड़ सके, घटा सके। इसी प्रकार भाषा में कक्षा 2 का बच्चा कम से कम सरल वाक्य को आसानी से पढ़ सके। इससे यह स्पष्ट हो गया कि विद्यालय में अध्ययन का लक्ष्य क्या है। इसका परिणाम यह हुआ कि प्राथमिक शिक्षा अस्पष्ट स्थिति से स्पष्ट एवं परिणाम आधारित बन गई।

3. **दक्षता पर आधारित कक्षा शिक्षण–**समिति की यह तीसरी सबसे प्रमुख सिफारिश थी। इसमें समिति ने पारंपरिक पुस्तक/पाठ्यवस्तु पर आधारित शिक्षण के स्थान पर दक्षता पर आधारित शिक्षण की प्रणाली अपनाने पर बल दिया। समिति ने दक्षता का अर्थ 'ज्ञान+कौशल+व्यवहार के समन्वय' के रूप में स्पष्ट किया। अर्थात बच्चों के लिए केवल जोड़ के नियम को जानना ही पर्याप्त नहीं है वरन बच्चों को वास्तविक जीवन में जोड़ करना आना चाहिए तभी शिक्षा वास्तव में जीवन में उपयोगी है।

इसके अतिरिक्त समिति द्वारा सतत एवं समग्र मूल्यांकन (CCE) का संप्रत्यय दिया जिसके अनुसार मूल्यांकन वार्षिक परीक्षा पर आधारित न होकर हर अध्याय के बाद छोटे–छोटे परीक्षण के रूप में पूरे वर्ष चलता रहना चाहिए। साथ ही मूल्यांकन समग्र होना चाहिए अर्थात केवल लिखित परीक्षा पर ही आधारित नहीं होना चाहिए बल्कि कौशल, रचनात्मकता ,व्यवहार एवं सहभागिता पर आधारित होना चाहिए। समिति ने न्यूनतम अधिगम स्तर की सफलता के लिए नई प्रणाली के अनुसार शिक्षकों के प्रशिक्षण की सिफारिश की जिसमें दक्षता आधारित शिक्षण, सतत एवं समग्र मूल्यांकन एवं बच्चों की व्यक्तिगत भिन्नता के अंतर को समझा जा सके।

समिति की सिफारिश ने भारत में प्राथमिक स्तर की शिक्षा प्रणाली को नई दिशा प्रदान की। इसी का परिणाम है कि आज शिक्षा लक्ष्य आधारित हो गई है जिसमें पढाने से अधिक सीखने पर बल दिया जाता है। दवे समिति के प्रभाव के कारण ही आज अधिगम परिणाम, सतत एवं समग्र मूल्यांकन जैसे लक्ष्यों पर ध्यान दिया जा रहा है। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि आधुनिक 'निपुण भारत मिशन' का प्रमुख आधार 'न्यूनतम अधिगम स्तर' का संप्रत्य ही है।

2. **जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम (डी.पी.ई.पी.) 1994–**प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में 1994 में शुरू किया गया यह कार्यक्रम उस समय तक देश का सबसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम था। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 एवं उसके संशोधित 'प्रोग्राम ऑफ एक्शन 1992' के आधार पर इस कार्यक्रम की रूपरेखा निर्धारित की गई थी। डी.पी.ई.पी. द्वारा मूल रूप से प्राथमिक शिक्षा के विकेंद्रीकरण पर बल दिया गया, इस हेतु प्राथमिक शिक्षा के जिला स्तरीय नियोजन पर जोर दिया गया था। यह कार्यक्रम प्राथमिक शिक्षा में पहुंच, अवधारण एवं शैक्षिक गुणवत्ता को सुनिश्चित करने हेतु लाया गया था। परंतु इसका सबसे महत्वपूर्ण पक्ष गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को सुनिश्चित करना

था। इसके लिए न्यूनतम अधिगम स्तर के सिद्धांतों के आधार पर पाठ्यक्रम का निर्धारण इस प्रकार किया गया जिससे प्रत्येक बालक कक्षा के लिए निर्धारित बुनियादी कौशलों पढ़ना, लिखना एवं गणितीय संकल्पनाओं को सीख सके एवं शिक्षक आधुनिक शिक्षण विधियां को प्रयोग कर सके। इसके लिए सेवाकालीन प्रशिक्षण को अनिवार्य कर दिया गया, जिसने प्राथमिक शिक्षा तंत्र की रीढ के रूप में कार्य किया और यह व्यवस्था आज भी समग्र शिक्षा अभियान का अंग है। इस कार्यक्रम द्वारा शिक्षकों के निरंतर मार्गदर्शन हेतु बी.आर.सी.एवं सी.आर.सी.की स्थापना की गई, रटने की प्रवृत्ति को समाप्त करके खेल विधि एवं क्रिया आधारित शिक्षण पर बल दिया गया।

पिछली सदी के 90 वे दशक के प्रारंभ में भारत में प्राथमिक शिक्षा की दशा दयनीय थी, साक्षरता दर निम्न थी, विद्यालय परित्याग अधिक था। डी.पी.ई.पी. द्वारा पहली बार जनपद स्तर पर शैक्षिक योजना बनाई गई जिससे स्थानीय स्तर पर शैक्षिक समस्याओं का समाधान संभव हो सका। इस कार्यक्रम द्वारा यह स्पष्ट हुआ कि केवल विद्यालय भवन बनाकर शिक्षा की स्थिति में सुधार संभव नहीं है, अपितु विद्यालय में शिक्षण अधिगम प्रक्रिया की गुणवत्ता में सुधार करना अधिक महत्वपूर्ण है। 2001 में इस कार्यक्रम को सर्व शिक्षा अभियान में समाहित कर दिया गया। इस कार्यक्रम ने प्राथमिक शिक्षा को आधुनिक बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

3. सर्व शिक्षा अभियान 2001–सर्व शिक्षा अभियान डी.पी.ई.पी. के अनुभवो एवं सफलताओं की अगली कड़ी था। यह देश में प्राथमिक शिक्षा के सार्वभौमीकरण हेतु चलाया गया अब तक का सर्वाधिक प्रभावी एवं व्यापक अभियान था। सर्व शिक्षा अभियान का मुख्य उद्देश्य प्राथमिक शिक्षा में पहुंच, शून्य विद्यालय परित्याग, समानता आधारिक शिक्षा एवं विद्यालय प्रबंध समिति को विद्यालय संचालन के लिए समर्थ बनाना आदि लक्ष्यों को समयबद्धता के साथ प्राप्त करना था। यह अभियान विद्यालयों में केवल नामांकन बढ़ाने तक ही सीमित नहीं था वरन गुणवत्तापूर्ण शिक्षा इसके केंद्र में थी, इसी कारण 'लर्निंग आउटकम' पर अभियान में बल दिया गया तथा इसके लिए न्यूनतम अधिगम स्तर के मानकों को स्वीकार किया गया एवं उनके अनुरूप पाठ्यवस्तु और पाठ्यक्रम में सुधार किया गया जिससे शिक्षा को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रखकर उसे बुनियादी समझ एवं जीवन कौशलों से जोडा जा सके। सर्व शिक्षा अभियान में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सतत एवं व्यापक मूल्यांकन पर बल दिया गया जिससे शिक्षा की गुणवत्ता का स्पष्ट रूप से मापन किया जा सके।

इस अभियान द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की सुनिश्चितता करने के लिए छात्र शिक्षक अनुपात 30:1(कक्षा एक से पांच तक) तथा 35:1 (कक्षा 6 से 8 तक) निर्धारित किया गया। सेवारत शिक्षकों के लिए प्रतिवर्ष 20 दिनों का प्रशिक्षण अनिवार्य किया गया साथ ही विद्यालय के बुनियादी ढांचे एवं सुविधाओं का विकास किया गया। शिक्षा की गुणवत्ता एवं आधारभूत तथ्यों की समझ हेतु अभियान द्वारा 'पढ़े भारत बढ़े भारत कार्यक्रम' शुरू किया गया जिसके द्वारा बच्चों की भाषा एवं गणितीय समझ को मजबूत करने पर बल दिया गया।

सर्व शिक्षा अभियान ने प्राथमिक शिक्षा को व्यापक रूप से प्रभावित एवं परिवर्तित किया। डी.पी.ई.पी.द्वारा जनपद स्तरीय विकेंद्रीकरण की नींव रखी थी तो वहीं इस अभियान द्वारा इसे राष्ट्रव्यापी आंदोलन बना दिया गया तथा शिक्षा को केवल 'साक्षरता' से आगे बढ़कर 'सीखने की प्रक्रिया' की और अग्रसित किया गया।

4. शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009–शिक्षा का अधिकार अधिनियम बच्चों को केवल विद्यालय भेजने तक ही सीमित नहीं है बल्कि यह गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को कानूनी अधिकार के रूप में स्थापित करता है। इस अधिनियम ने प्रतिस्थापित किया कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा केवल अंकों तक ही सीमित नहीं है वरन बच्चों को शारीरिक, मानसिक दंड से मुक्त रखकर उनकी प्रतिभा ज्ञान एवं क्षमता का विकास करने तक है। इस अधिनियम की धारा 19 विद्यालय के लिए मानकों का निर्धारण करती है जिनके अभाव में विद्यालय का संचालन नहीं किया जा सकता है। इनमें खेल मैदान, पुस्तकालय, पेयजल, पर्याप्त भवन एवं शौचालय जैसी आधारभूत सुविधाओं को अनिवार्य बनाया गया है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए शिक्षकों की न्यूनतम योग्यता (टीईटी) का निर्धारण किया गया। इस अधिनियम की धारा 24 पाठ्यक्रम को समय पर पूरा करने तथा बच्चों की सीखने की क्षमता का आकलन करने का प्रावधान करती है, वहीं धारा 29 बाल विकास हेतु सर्वांगीण पाठ्यक्रम की उपलब्धता एवं सतत एवं व्यापक मूल्यांकन को सुनिश्चित करती है।

शिक्षा के अधिकार अधिनियम ने प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता को 'विलासिता' के बजाय 'अनिवार्यता' बना दिया है। इस अधिनियम ने विद्यालय के बुनियादी ढांचे का व्यापक स्तर पर विकास किया परिणामस्वरुप विद्यालय में सभी आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकी। छात्र शिक्षक अनुपात पर इस अधिनियम का पूर्वगामी कार्यक्रमों, योजनाओं की तुलना में सर्वाधिक प्रभाव हुआदेशभर में व्यापक स्तर पर शिक्षकों की भर्ती हुई एवं उनकी योग्यता एवं पात्रता को निश्चित किया गया। इस अधिनियम द्वारा विद्यालय प्रबंध समिति के माध्यम से अभिभावकों की विद्यालय संचालन में भागीदारी निश्चित की गई जो विद्यालय शिक्षा की गुणवत्ता की निगरानी करते है। इसका परिणाम शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के रूप में सामने आया।

5. पढ़े भारत बढ़े भारत, 2014–यह कार्यक्रम सर्व शिक्षा अभियान के एक विशिष्ट उप कार्यक्रम के रूप में 27 अगस्त 2014 को प्रारंभ किया गया था। इस कार्यक्रम की आवश्यकता प्राथमिक शिक्षा के गिरते स्तर के परिणामस्वरूप की गई थी। स्वयंसेवी संस्था 'असर' की रिपोर्ट एवं अन्य राष्ट्रीय सर्वेक्षणों के परिणामों से सामने आया कि प्राथमिक विद्यालय में कक्षा 5 के छात्र कक्षा 2 के स्तर की पुस्तक नहीं पढ़ पा रहे हैं। इस कार्यक्रम की रूपरेखा की जिम्मेदारी एन.सी.ई.आर.टी.को दी गई। इस कार्यक्रम का सबसे प्रमुख उद्देश्य बच्चों की पढ़ने, लिखने एवं समझने की क्षमता का विकास करना एवं गणितीय तर्क करने, संख्या ज्ञान तथा गणितीय संकल्पनाओं की समझ को विकसित करना था। इसके द्वारा कक्षा 1 से कक्षा 2 के बच्चों को मातृभाषा में सीखने के अवसर प्रदान करने पर बल दिया गया। इस प्रकार 'पढ़े भारत बढ़े भारत' कार्यक्रम द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की अवधारणा को विद्यालय की भौतिक संसाधनों, सुविधाओं से हटाकर प्रत्यक्ष रूप से 'सीखने की प्रक्रिया' पर लाया गया।

यह कार्यक्रम न्यूनतम अधिगम स्तर के मानकों को प्राप्त करने की दिशा में एक आधारभूत कार्यक्रम था। इसके द्वारा स्पष्ट रूप से उन दक्षताओं को निश्चित किया गया जो कक्षा एक व दो के बच्चों को आनी चाहिए, इस हेतु इस कार्यक्रम द्वारा 'प्रिंट समृद्ध वातावरण' के निर्माण पर बल दिया गया। जैसे –कक्षा में दीवारों पर चार्ट, कहानी एवं चित्र आदि की उपलब्धता सुनिश्चित करना एवं गणित तथा भाषा शिक्षण को रोचक बनाने के लिए

विशेष मॉड्यूल तैयार करना। 'पढ़े भारत बड़े भारत' कार्यक्रम ने यह स्थापित किया कि 'पढ़ना सीखना' ही भावी 'सीखने के लिए' की पहली सीढ़ी है।

6. समग्र शिक्षा अभियान 2018–समग्र शिक्षा अभियान भारत सरकार का एकीकृत शिक्षा कार्यक्रम है। यह कार्यक्रम प्राथमिक स्तर से लेकर उच्च माध्यमिक शिक्षा के परिदृश्य को बदलने के लिए शुरू किया गया था। इस अभियान से पहले देश में सर्व शिक्षा अभियान, राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान और शिक्षक शिक्षा योजनाएं चल रही थी जिनमें समन्वय का अभाव था। समग्र शिक्षा अभियान ने इन तीनों योजनाओं को एकीकृत रूप दिया जिससे शिक्षा का प्रशासनिक ढांचा एकीकृत एवं सरल हो सका। इस कार्यक्रम द्वारा 'सबको शिक्षा अच्छी शिक्षा' का लक्ष्य निर्धारित किया गया। इस अभियान के फलस्वरुप प्री–स्कूल, आंगनबाड़ी से लेकर उच्च माध्यमिक शिक्षा को एक मंच पर लाया गया। दीक्षा पोर्टल एवं ई–पाठशाला जैसे डिजिटल कार्यक्रम आरंभ हुए, माध्यमिक स्तर पर कौशल शिक्षा को बढ़ावा दिया गया, विद्यालय में लर्निंग आउटकम पर फोकस किया गया एवं शिक्षा की गुणवत्ता हेतु स्कूल ग्रांट का प्रावधान किया गया। यह एक व्यापक एवं विस्तृत अभियान है जिसके द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को सुनिश्चित करने के लिए कई उप कार्यक्रम आरंभ किए गए हैं। जिनमें प्रमुख है–

- **निपुण भारत मिशन–** यह इस अभियान का सबसे महत्वपूर्ण उप कार्यक्रम है जिसके द्वारा बच्चों के बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता पर बल दिया गया है।
- **निष्ठा–**शिक्षक प्रशिक्षण के लिए चलाया गया यह विश्व का सबसे बड़ा एवं विस्तृत कार्यक्रम है जिसमें आधुनिक पद्धति एवं तकनीक का प्रयोग शिक्षक प्रशिक्षण के लिए किया जाता है।
- **परख–**विद्यार्थियों के अधिगम स्तर के आकलन में वैज्ञानिक विधियों का प्रयोग करने के लिए एक राष्ट्रीय मूल्यांकन केंद्र की स्थापना इसके अंतर्गत की गई है।
- **विद्यालयों में स्मार्ट कक्षाओं की स्थापना–**डिजिटल विद्यालयों की स्थापना हेतु प्रत्येक विद्यालय में स्मार्ट बोर्ड एवं कंप्यूटर लैब की स्थापना के लिए विशेष बजट का प्रावधान किया गया है।
- **समग्र शिक्षा अभियान सतत विकास लक्ष्य–**4 के अनुरूप है जो समावेशी, न्यायपूर्ण एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को सुनिश्चित करता है। इसमें शिक्षा की गुणवत्ता को केवल एक आदर्श न मानकर एक मापन योग्य लक्ष्य बनाया गया है जिसको 'यू डाइस प्लस' जैसे प्लेटफार्म के माध्यम से ट्रैक किया जाता है।

7. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020–यह भारतीय शिक्षा प्रणाली में एक युगांतरकारी परिवर्तन है जिसका उद्देश्य भारत को एक विश्व स्तर की ज्ञान आधारित महाशक्ति बनाना है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में प्राथमिक शिक्षा के ढांचे एवं गुणवत्ता में परिवर्तन हेतु क्रांतिकारी प्रावधान किए गए हैं। जैसे 5+3+3+4 की शिक्षा की संरचना जिसके द्वारा 10+2+3 के पुराने ढांचे को बदल दिया गया है। नई शिक्षा नीति वास्तव में न्यूनतम अधिगम स्तर की अवधारणा को नए वैज्ञानिक स्वरूप में प्रस्तुत करती है।

8. निपुण भारत मिशन–निपुण भारत मिशन का लक्ष्य 2028 तक कक्षा 3 के प्रत्येक बच्चे को अनिवार्य रूप से पढ़ने, लिखने एवं बुनियादी गणित की दक्षता प्राप्त कराना है।जिसे FLN (Foundation Literacy and Numeracy) कहां गया है। निपुण भारत मिशन वास्तव में न्यूनतम अधिगम स्तर का सबसे स्पष्ट, सख्त एवं आधुनिक रूप है इसमें पाठ्यक्रम को पूरा करने पर नहीं 'सीखने के प्रतिफल' (लर्निंग आउटकम) पर मुख्य बल दिया गया है जिसमें बच्चे केवल परीक्षा पास न करके उस कक्षा के लिए निर्धारित न्यूनतम कौशल को वास्तव में सीख सकें।

मिशन की शुरुआत–निपुण भारत मिशन का प्रस्ताव शिक्षा मंत्रालय के 'स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग' द्वारा तैयार किया गया जिसमें एन.सी.ई.आर.टी. ने भी प्रमुख योगदान दिया है। 5 जुलाई 2021 को शिक्षा मंत्रालय द्वारा इसका शुभारंभ किया गया।

- **निपुण भारत मिशन के लक्ष्य–** निपुण भारत मिशन का लक्ष्य 2028 तक कक्षा 3 के प्रत्येक बच्चे को बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता (FLN) में दक्ष बनाना है। यह मिशन शिक्षा को पुस्तकीय ज्ञान के स्थान पर गुणवत्तापूर्ण 'वास्तविक कौशल' पर केंद्रित करता है। इसके लिए लक्ष्य सूची द्वारा कक्षा तीन तक के छात्रों के लिए सीखने के स्पष्ट लक्ष्य का निर्धारण, खेल द्वारा शिक्षण एवं संख्यात्मकता आदि का प्रावधान किया गया है। निपुण भारत मिशन राष्ट्रीय, राज्य,जनपद, ब्लॉक एवं विद्यालय इन पांच स्तरों पर एक साथ क्रियान्वित किया गया है जिस कारण इसके लक्ष्यों की प्राप्ति में उत्तारदायित्व स्पष्ट रूप से सुनिश्चित किया जा सकता है।
- **निपुण तालिका–**निपुण भारत मिशन के प्रभावी कार्यान्वन के लिए निपुण तालिका का निर्धारण किया गया है। यह तालिका इस मिशन का अत्यंत विशिष्ट उपकरण है जो लक्ष्य प्राप्ति की स्थिति एवं उत्तारदायित्व का स्पष्ट रूप से निर्धारण करती है। यह एक विस्तृत चार्ट है जो विद्यालय की प्रत्येक कक्षा में (बालवाटिका से कक्षा 3) प्रदर्शित की जाती है। इस तालिका में उस कक्षा विशेष के लिए निपुण लक्ष्य का विवरण होता है जिसमें प्रत्येक छात्र के नाम के आगे उनकी भाषा एवं गणित की दक्षताओं का विवरण होता है जो बच्चे को एक निर्धारित समय में प्राप्त करनी होती है। छात्र द्वारा निर्धारित दक्षता प्राप्त करने पर शिक्षक तालिका में उस दक्षता के आगे उस दिनांक को अंकित कर देते हैं जिस दिनांक को छात्र वह दक्षता प्राप्त करता है। इस तालिका को अभिभावक एवं अन्य निरीक्षक अधिकारी देख सकते हैं और बच्चों की प्रगति एवं दक्षता की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। यह तालिका शैक्षिक गुणवत्ता के मापन का पैमाना है जो दर्शाती है कि क्या बच्चे वास्तव में न्यूनतम अधिगम स्तर प्राप्त कर रहे हैं अथवा नहीं, साथ ही इस तालिका के द्वारा ज्ञात किया जा सकता है कि कक्षा में कौन–कौन से बच्चे किन–किन दक्षताओं में कमजोर हैं। इस आधार पर ऐसे बच्चों के लिए विशेष शिक्षण का प्रावधान किया जाता है। स्पष्ट है कि निपुण तालिका शिक्षकों की शिक्षण गुणवत्ता और विद्यालय की शैक्षिक स्थिति का पारदर्शी विवरण प्रस्तुत करती है।

सारणी –2(अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

निष्कर्ष–प्राथमिक शिक्षा के गुणवत्ता सुधार हेतु किये प्रयासों के प्रभाव का आंकलन संक्षिप्त रूप से कर पाना दुष्टतम कार्य है फिर भी कुछ बिन्दूओं के सन्दर्भ में इनहे समझ सकते हैं–

- **कक्षा बनाम दक्षता–** पारंपरिक रूप से भारतीय शिक्षा प्रणाली में कक्षा को एक समय सीमा के अंदर उत्तीर्ण करने पर मुख्य बल दिया जाता है। परंतु न्यूनतम अधिगम स्तर एवं निपुण भारत मिशन ने इस अवधारणा को कक्षा से दक्षता पर केंद्रित कर दिया है। हालांकि कक्षा से दक्षता परिवर्तन की यह यात्रा लंबी रही है,पर धीमे रूप में ही सही इसके परिणाम अब दिखने लगे हैं।

- **प्राथमिक शिक्षा का वैचारिक परिवर्तन–** प्राथमिक शिक्षा में ऐतिहासिक रूप से देखें तो एक लंबे समय तक कक्षा का अर्थ वार्षिक परीक्षा के आधार पर एक निश्चित समय में निर्धारित पाठ्यक्रम को उत्तीर्ण करके अगली कक्षा में भेज दिए जाने से लगाया जाता रहा है, फिर चाहे बच्चे उस कक्षा के लिए आवश्यक कौशल सीख गए हो अथवा नहीं। इस विसंगति को दूर करने के लिए सरकार द्वारा अनेक योजनाएं चलाई गई जिसमें न्यूनतम अधिगम स्तर से शुरू होकर निपुण भारत जैसे क्रांतिकारी कदम प्रमुख रहे हैं जिसके द्वारा कक्षा केंद्रित शिक्षण प्रणाली को दक्षता आधारित शिक्षा की ओर अग्रसित किया गया, यद्धपि यह यात्रा लंबी रही है।
- **धीमी प्रगति परंतु वास्तविक अधिगम–**स्वयंसेवी संस्था 'प्रथम' द्वारा प्रतिवर्ष प्रस्तुत की जाने वाली 'असर' रिपोर्ट भारत में ग्रामीण शिक्षा की स्थिति का विश्वसनीय दर्पण मानी जाती है। अगर 'असर' रिपोर्ट का वर्ष 2015 से 2025 तक विश्लेषण करें तो स्पष्ट अंतर नजर आता है। असर की 2015 की वार्षिक रिपोर्ट उस समय आई थी जब शिक्षा के अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन का शुरुआती चरण था। 2015 की रिपोर्ट के अनुसार 6 से 14 आयु वर्ग के बच्चों का नामांकन 96% से अधिक था, परंतु बुनियादी साक्षरता की स्थिति दयनीय थी। रिपोर्ट के अनुसार कक्षा 5 तक के 50% बच्चे कक्षा 2 की पाठ्यपुस्तक नहीं पढ़ सकते थे। वहीं कक्षा 5 के केवल 25% बच्चे ही भाग के प्रश्न हल कर सकते थे। असर 2025 की रिपोर्ट निपुण भारत मिथन के परिणामों को दर्शाती है। विद्यालय नामांकन 98% के आसपास स्थिर हो चुका है। कक्षा 3 के बच्चों के पढ़ने एवं गणित को समझने में 15 से 20% की वृद्धि हुई है। ग्रामीण परिवारों के छात्रों की डिजिटल साधनों तक पहुंच 90% हो चुकी है। रिपोर्ट बताती है कि सरकारी विद्यालयों में नामांकन वृद्धि एवं पठन क्षमता में सुधार हुआ है तथा सीखने पर बल दिया जाने लगा है। सरकारी विद्यालयों की सुविधा एवं गुणवत्ता में वृद्धि हुई है जिस कारण भारतीय शिक्षा का ध्यान 'पहुंच' से हटकर 'परिणाम' पर आ गया है। 2015 से 2025 तक आते–आते समाज और सरकार ने सीखने के प्रतिफल को गंभीरता से लिया है।

न्यूनतम अधिगम स्तर ने 1990 के दशक में पहली बार स्पष्ट किया की कक्षा तीन से पांच तक के बच्चे को क्या–क्या न्यूनतम आना चाहिए, इसने रटन्त प्रणाली से आगे बढ़कर अधिगम परिणामों की बात की है। न्यूनतम अधिगम स्तर ने कक्षा विषयों को छोटी–छोटी दक्षाताओं में विभाजित किया, जिससे यह सुनिश्चित हो सका की अगली कक्षा में जा रहे बच्चे को पिछली कक्षा का न्यूनतम ज्ञान अनिवार्य रूप से हो। निपुण भारत मिशन इस विचार को अपने चरमोत्कर्ष पर ले जाता है। इससे यह स्पष्ट हो सका की कक्षा एक भौतिक स्थान है, वास्तव में उपलब्धि (जिसे निपुण लक्ष्य कहा गया)ही वह दक्षता है जिसे शिक्षा का केंद्र बिंदु माना जाना चाहिए। निपुण भारत परीक्षा प्रणाली की औपचारिकता से कहीं आगे बढ़कर 'वास्तविक अधिगम' की पुष्टि करता है। अब अध्यापक यह नहीं लिखता की 'पाठ्यक्रम पूरा हुआ' अब वह लिखता है कि अमुक छात्र ने दो अंकों के जोड़ अथवा घटाव की दक्षता को 21 नवंबर को प्राप्त कर लिया है। स्पष्ट है कि न्यूनतम अधिगम स्तर ने शैक्षिक गुणवत्ता की जिस नींव को रखा था, निपुण भारत उसके ऊपर एक मजबूत भवन का निर्माण कर रहा है, जिसने तय किया है कि छात्र केवल कागजों पर ही शिक्षित न हो बल्कि वास्तव में उनके पास जीवन यापन के लिए आवश्यक साक्षरता एवं संख्यात्मकता जैसे बुनियादी कौशल का ठोस आधार हो। निपुण भारत वास्तव में न्यूनतम अधिगम स्तर की उस अधूरी यात्रा को पूरा करने का साहसिक प्रयास है जहां कक्षा केवल एक पड़ाव है और दक्षता अंतिम गंतव्य।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. Central Advisory Board of Education- (1991). Minimum levels of learning at primary stage: Report of the committee- Ministry of Human Resource Development, Government of India.
2. Department of School Education and Literacy- (2014). Padhe Bharat Badhe Bharat: Programme document- Ministry of Human Resource Development, Government of India.
3. Department of School Education and Literacy- (2018). Samagra Shiksha: An integrated scheme for school education & Framework for implementation- Ministry of Human Resource Development, Government of India.
4. Department of School Education and Literacy- (2021). NIPUN BHARAT: Guidelines for implementation of National Initiative for Proficiency in Reading with Understanding and Numeracy- Ministry of Education, Government of India.
5. District Primary Education Programme- (1995). DPEP guidelines- Ministry of Human Resource Development, Department of Education, Government of India.
6. Government of India- (2009), The Right of Children to Free and Compulsory Education Act, 2009- The Gazette of India.
7. Kingdon, G. G.(2007). The progress of school education in India- Oxford Review of Economic Policy, 23(2), 168–195- https://doi-org/10-1093/oUrep/grm015
8. Ministry of Education.(2020). National Education Policy 2020- Government of India.
9. Ministry of Human Resource Development.(2001). Sarva Shiksha Abhiyan: A programme for universal elementary education & Framework for implementation- Government of India.
10. NCERT- (2005). National curriculum framework 2005- National Council of Educational Research and Training.
11. NCERT.(2023). National curriculum framework for foundational stage- National Council of Educational Research and Training.
12. Pratham Education Foundation.(2023). Annual status of education report (ASER) 2022: Beyond basics- Pratham Education Foundation.
13. PROBE Team- (1999). Public report on basic education in India- Oxford University Press.
14. World Bank- (1997). Primary education in India- Development in Practice Series, World Bank Publications.
15. World Bank- (2018). World development report 2018: Learning to realize education's promise- World Bank.
16. राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (NCERT). (1991). प्राथमिक स्तर पर न्यूनतम अधिगम स्तर: एक रूपरेखा.

नई दिल्ली: एनसीईआरटी।
17. भारत सरकार, मानव संसाधन विकास मंत्रालय. (1992). प्राथमिक शिक्षा के लिए न्यूनतम अधिगम स्तर: दिशा-निर्देश एवं कार्यान्वयन. नई दिल्ली, शिक्षा विभाग।
18. भारत सरकार, शिक्षा विभाग. (1994). जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम (District Primary Education Programme): कार्यक्रम रूपरेखा. नई दिल्ली, मानव संसाधन विकास मंत्रालय।
19. भारत सरकार, मानव संसाधन विकास मंत्रालय. (1997). जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम: प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हेतु दिशा-निर्देश. नई दिल्ली, शिक्षा विभाग।
20. भारत सरकार, मानव संसाधन विकास मंत्रालय. (2001). सर्व शिक्षा अभियान: कार्यक्रम रूपरेखा. नई दिल्ली, प्रारंभिक शिक्षा एवं साक्षरता विभाग।
21. भारत सरकार, मानव संसाधन विकास मंत्रालय. (2002). सर्व शिक्षा अभियान: सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा. नई दिल्ली, प्रारंभिक शिक्षा एवं साक्षरता विभाग।
22. भारत सरकार. (2009). बालकों का नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009. नई दिल्ली, विधि एवं न्याय मंत्रालय।
23. राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (NCERT). (2005). राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा, 2005. नई दिल्ली, एनसीईआरटी।
24. भारत सरकार, मानव संसाधन विकास मंत्रालय. (2014). पढ़े भारत, बढ़े भारत: प्रारंभिक कक्षाओं में पठन, लेखन एवं गणितीय कौशल के विकास हेतु दिशानिर्देश. नई दिल्ली, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग।
25. भारत सरकार, मानव संसाधन विकास मंत्रालय. (2014). पढ़े भारत, बढ़े भारत कार्यक्रम, कार्यान्वयन रूपरेखा. नई दिल्ली: सर्व शिक्षा अभियान।
26. भारत सरकार, मानव संसाधन विकास मंत्रालय. (2017). समग्र शिक्षारू विद्यालय शिक्षा के लिए एकीकृत योजना. नई दिल्ली: स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग।
27. भारत सरकार, शिक्षा मंत्रालय. (2018). समग्र शिक्षा: कार्यक्रम कार्यान्वयन रूपरेखा (Framework for Implementation). नई दिल्ली, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग।
28. भारत सरकार, शिक्षा मंत्रालय. (2020). राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020. नई दिल्ली, शिक्षा मंत्रालय।
29. राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (NCERT). (2021). आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता हेतु पाठ्यचर्या एवं शैक्षणिक रूपरेखा. नई दिल्ली, एनसीईआरटी।
30. भारत सरकार, शिक्षा मंत्रालय. (2021). निपुण भारतरू आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता के लिए राष्ट्रीय पहल दिशानिर्देश. नई दिल्ली: स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग।
31. भारत सरकार, शिक्षा मंत्रालय. (2021). निपुण भारत मिशन: कार्यान्वयन दिशानिर्देश. नई दिल्ली, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग।
32. भारत सरकार, शिक्षा मंत्रालय. (2022). निपुण भारत मिशन के अंतर्गत आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता के लिए अधिगम परिणाम. नई दिल्ली, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग।
बच्चों के विकास में स्वस्थ पारिवारिक संबंध अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। बच्चे परिवार से सामाजिक व्यवहार, भावनात्मक अभिव्यक्ति, सहानुभूति, जिम्मेदारी और संघर्ष समाधान के तरीके सीखते हैं। किशोरावस्था में भी परिवार महत्वपूर्ण रहता है, यद्यपि इस अवस्था में युवा अधिक स्वतंत्रता की इच्छा रखते हैं।

वयस्कों के लिए स्वस्थ पारिवारिक संबंध भावनात्मक स्थिरता, सहयोग, निर्णय लेने और तनाव से निपटने में सहायता करते हैं। वृद्ध सदस्यों के लिए परिवार भावनात्मक सहयोग, साथ और देखभाल का महत्वपूर्ण स्रोत हो सकता है।

समकालीन समाज में पारिवारिक संघर्ष के प्रमुख कारण– परिवार में संघर्ष अनेक सामाजिक, आर्थिक, मनोवैज्ञानिक और पारस्परिक कारणों से उत्पन्न हो सकता है। संचार की कमी, आर्थिक समस्याएँ, बदलती लैंगिक भूमिकाएँ, पीढ़ियों के बीच अंतर, पालन–पोषण संबंधी मतभेद, कार्य और परिवार के बीच असंतुलन तथा तकनीक का अत्यधिक उपयोग प्रमुख कारण हो सकते हैं। विवाह, बच्चे का जन्म, किशोरावस्था, स्थान परिवर्तन, बीमारी, सेवानिवृत्ति और मृत्यु जैसी जीवन की महत्वपूर्ण घटनाएँ भी परिवार को नए प्रकार के समायोजन की आवश्यकता पैदा करती हैं।

पारिवारिक परामर्श के सैद्धांतिक दृष्टिकोण – पारिवारिक परामर्श विभिन्न सिद्धांतों पर आधारित है। पारिवारिक प्रणाली सिद्धांत परिवार को परस्पर जुड़ी प्रणाली के रूप में देखता है। संरचनात्मक दृष्टिकोण परिवार की संरचना, भूमिकाओं और सीमाओं पर ध्यान देता है। रणनीतिक दृष्टिकोण समस्या को बनाए रखने वाले व्यवहारात्मक पैटर्न पर ध्यान देता है। मानवतावादी दृष्टिकोण सहानुभूति, स्वीकृति और सम्मान को महत्व देता है। संज्ञानात्मक–व्यवहारात्मक दृष्टिकोण विचारों, भावनाओं और व्यवहारों के संबंध पर ध्यान देता है। आधुनिक परामर्श में इन दृष्टिकोणों का परिवार की आवश्यकताओं के अनुसार समन्वय भी किया जा सकता है।

स्वस्थ पारिवारिक संबंधों में संचार की भूमिका – संचार स्वस्थ पारिवारिक संबंधों की सबसे महत्वपूर्ण आधारशिलाओं में से एक है। स्वस्थ संचार का अर्थ केवल बोलना नहीं है, बल्कि ध्यानपूर्वक सुनना, भावनाओं को समझना, उचित प्रतिक्रिया देना और दूसरे व्यक्ति के दृष्टिकोण का सम्मान करना भी है। पारिवारिक परामर्श परिवार के सदस्यों को सक्रिय रूप से सुनने, स्पष्ट रूप से अपनी बात रखने, भावनाओं को उचित रूप से व्यक्त करने और प्रतिक्रिया देने की तकनीक सिखा सकता है। गृह विज्ञान में परिवार जीवन शिक्षा, अभिभावक शिक्षा और किशोर मार्गदर्शन के माध्यम से संचार कौशल विकसित किए जा सकते हैं।

पारिवारिक परामर्श एवं संघर्ष समाधान – परिवार में मतभेद होना स्वाभाविक है। स्वस्थ परिवार का उद्देश्य सभी मतभेदों को समाप्त करना नहीं, बल्कि उन्हें रचनात्मक ढंग से हल करना है। पारिवारिक परामर्श समस्या की पहचान, प्रत्येक सदस्य को अपनी बात रखने, सक्रिय सुनने, विभिन्न दृष्टिकोणों को समझने, समाधान खोजने और परिणामों की समीक्षा करने में सहायता करता है। परामर्शदाता को निष्पक्ष, सम्मानपूर्ण और गैर–आलोचनात्मक वातावरण बनाए रखना चाहिए।

पारिवारिक परामर्श, पालन–पोषण एवं बाल विकास – पालन–पोषण पारिवारिक जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। माता–पिता बच्चों के भावनात्मक, सामाजिक, शैक्षणिक और व्यवहारात्मक विकास को प्रभावित करते हैं। पारिवारिक परामर्श माता–पिता को अनुशासन, शिक्षा, मोबाइल उपयोग, मित्रता और स्वतंत्रता से संबंधित समस्याओं को समझने में सहायता कर सकता है। प्रभावी पालन–पोषण में स्नेह और उचित सीमाओं के बीच संतुलन आवश्यक है। गृह विज्ञान में मानव विकास और परिवार जीवन शिक्षा के माध्यम से अभिभावक शिक्षा कार्यक्रम आयोजित किए जा सकते हैं।

पारिवारिक परामर्श एवं अंतरपीढ़ी संबंध – अंतरपीढ़ी संबंधों से आशय दादा–दादी, माता–पिता और बच्चों जैसी विभिन्न पीढ़ियों के बीच संबंधों से है। अलग–अलग पीढ़ियों के विचारों में अंतर हो सकता है। करियर, विवाह, पहनावा, तकनीक, शिक्षा और जीवनशैली पर मतभेद उत्पन्न हो सकते हैं। पारिवारिक परामर्श विभिन्न पीढ़ियों को एक–दूसरे के दृष्टिकोण को समझने और पारस्परिक सम्मान विकसित करने में सहायता करता है। भारतीय

परिवारों में इसका विशेष महत्व है।

परिवार संसाधन प्रबंधन एवं पारिवारिक कल्याण – परिवार संसाधन प्रबंधन गृह विज्ञान का महत्वपूर्ण क्षेत्र है। परिवार के संसाधनों में धन के साथ समय, ऊर्जा, ज्ञान, कौशल, स्थान और सामाजिक सहयोग भी शामिल हैं। संसाधनों का उचित प्रबंधन न होने पर परिवार में तनाव उत्पन्न हो सकता है। पारिवारिक परामर्श परिवार के सदस्यों को संसाधनों और प्राथमिकताओं की पहचान करने में सहायता कर सकता है। गृह विज्ञान शिक्षा बजट निर्माण, समय प्रबंधन और घरेलू कार्यों के संगठन का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करती है।

पारिवारिक परामर्श एवं परिवार कल्याण में गृह विज्ञान की भूमिका– गृह विज्ञान परिवार कल्याण के क्षेत्र में शिक्षा, अनुसंधान, जागरूकता और सामुदायिक विस्तार कार्यक्रमों के माध्यम से योगदान दे सकता है। मानव विकास, परिवार संसाधन प्रबंधन, स्वास्थ्य एवं पोषण, सामुदायिक विस्तार और अनुसंधान इसके प्रमुख क्षेत्र हैं। गृह विज्ञान विभाग परिवार कल्याण, पालन–पोषण, किशोर मार्गदर्शन और परिवार जीवन शिक्षा से संबंधित कार्यशालाएँ आयोजित कर सकते हैं। गंभीर मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं, हिंसा या दुर्व्यवहार की स्थिति में योग्य विशेषज्ञों से सहायता लेना आवश्यक है।

निवारक दृष्टिकोण के रूप में पारिवारिक परामर्श – निवारक परामर्श का उद्देश्य गंभीर संघर्ष उत्पन्न होने से पहले परिवार को आवश्यक कौशल प्रदान करना है। विवाह–पूर्व परामर्श, अभिभावक शिक्षा, किशोर–अभिभावक कार्यक्रम, संचार कौशल, तनाव प्रबंधन, परिवार संसाधन प्रबंधन, अंतरपीढ़ी संवाद और कार्य–परिवार संतुलन इसके महत्वपूर्ण क्षेत्र हैं। यह दृष्टिकोण गृह विज्ञान के परिवार कल्याण संबंधी उद्देश्यों के अनुरूप है।

पारिवारिक परामर्श की चुनौतियाँ एवं सीमाएँ– पारिवारिक परामर्श के सामने सामाजिक कलंक, सेवाओं की सीमित उपलब्धता, परिवार के सभी सदस्यों की भागीदारी का अभाव, सांस्कृतिक एवं लैंगिक विविधता तथा गंभीर समस्याओं के लिए विशेष उपचार की आवश्यकता जैसी चुनौतियाँ हैं। हिंसा, शोषण, जबरदस्ती या गंभीर मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं की स्थिति में विशेषज्ञ सेवाओं की आवश्यकता हो सकती है। इसलिए परामर्श प्रशिक्षित एवं योग्य पेशेवरों द्वारा किया जाना चाहिए।

अनुसंधान पद्धति– प्रस्तुत शोध–पत्र में वर्णनात्मक, विश्लेषणात्मक एवं वैचारिक अनुसंधान पद्धति का प्रयोग किया गया है। अध्ययन मुख्य रूप से द्वितीयक स्रोतों पर आधारित है। पारिवारिक परामर्श, पारिवारिक संबंधों, पारिवारिक प्रणाली, संचार, पारिवारिक कार्यप्रणाली तथा गृह विज्ञान से संबंधित पुस्तकों, शोध–पत्रों, शोध आलेखों और संस्थागत प्रकाशनों का अध्ययन किया गया है। अध्ययन का उद्देश्य उपलब्ध साहित्य का विश्लेषण करके गृह विज्ञान के परिप्रेक्ष्य में पारिवारिक परामर्श की भूमिका को समझना है।

प्रमुख निष्कर्ष एवं चर्चा – अध्ययन से स्पष्ट होता है कि प्रभावी संचार स्वस्थ पारिवारिक संबंधों का आधार है। परिवार एक परस्पर जुड़ी हुई प्रणाली है और एक सदस्य की समस्या पूरे परिवार को प्रभावित कर सकती है। पारिवारिक परामर्श संघर्ष समाधान में उपयोगी हो सकता है तथा इसका निवारक महत्व भी है। गृह विज्ञान परिवार को स्वास्थ्य, मानव विकास, संसाधन प्रबंधन, पोषण, पालन–पोषण और सामुदायिक जीवन से जोड़कर एक समग्र दृष्टिकोण प्रदान करता है। सफल परामर्श में सम्मान, सहानुभूति, सक्रिय सुनना, सहयोग और सांस्कृतिक संवेदनशीलता महत्वपूर्ण हैं।

सुझाव:

1. गृह विज्ञान विभागों में पारिवारिक परामर्श जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएँ।
2. परिवार जीवन शिक्षा को उच्च शिक्षा एवं सामुदायिक कार्यक्रमों में अधिक महत्व दिया जाए।
3. गृह विज्ञान विद्यार्थियों को संचार, पारिवारिक समायोजन और रेफरल प्रक्रिया का आधारभूत ज्ञान दिया जाए।
4. नियमित अभिभावक एवं किशोर मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किए जाएँ।
5. परिवार के सदस्यों को सक्रिय सुनने और सम्मानपूर्ण संवाद के लिए प्रोत्साहित किया जाए।
6. परिवार संसाधन प्रबंधन में बजट, समय प्रबंधन और घरेलू जिम्मेदारियों के उचित वितरण को शामिल किया जाए।
7. ग्रामीण एवं वंचित समुदायों में परामर्श सेवाएँ अधिक सुलभ बनाई जाएँ।
8. पारिवारिक परामर्श को सांस्कृतिक एवं लैंगिक रूप से संवेदनशील बनाया जाए।
9. गंभीर समस्याओं वाले परिवारों को योग्य विशेषज्ञों से जोड़ा जाए।
10. भारतीय संदर्भ में अधिक अनुभवजन्य शोध किए जाएँ।

निष्कर्ष– परिवार व्यक्ति के विकास और कल्याण का महत्वपूर्ण आधार है। स्वस्थ पारिवारिक वातावरण व्यक्ति को भावनात्मक सुरक्षा, सामाजिक सहयोग, संवाद, अपनापन और कठिन परिस्थितियों से निपटने की क्षमता प्रदान करता है। किंतु आधुनिक जीवन में बदलती पारिवारिक संरचनाएँ, आर्थिक दबाव, व्यावसायिक तनाव, तकनीकी विकास, पीढ़ियों के बीच अंतर, बदलती लैंगिक भूमिकाएँ तथा पालन–पोषण संबंधी चुनौतियाँ पारिवारिक संबंधों में विभिन्न प्रकार की समस्याएँ उत्पन्न कर सकती हैं। जब संवाद कमजोर हो जाता है और संघर्षों का समाधान नहीं होता, तो परिवार की एकता और सदस्यों के भावनात्मक कल्याण पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

पारिवारिक परामर्श इन समस्याओं से निपटने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। यह परिवार के सदस्यों को अपनी समस्याओं और भावनाओं को व्यक्त करने, एक–दूसरे के दृष्टिकोण को समझने, अस्वस्थ व्यवहारात्मक पैटर्न की पहचान करने और संघर्षों के रचनात्मक समाधान विकसित करने का अवसर प्रदान करता है। पारिवारिक परामर्श सक्रिय सुनने, सहानुभूति, भावनात्मक अभिव्यक्ति, सामूहिक निर्णय लेने और समस्या समाधान जैसे निवारक कौशल विकसित करने में भी सहायता करता है।

गृह विज्ञान के दृष्टिकोण से पारिवारिक परामर्श का विशेष महत्व है क्योंकि गृह विज्ञान व्यक्ति और परिवार के जीवन की गुणवत्ता को समग्र रूप से समझता है। परिवार के संबंध मानव विकास, स्वास्थ्य, पोषण, संसाधन प्रबंधन, पालन–पोषण, देखभाल और सामुदायिक जीवन से जुड़े हुए हैं। इसलिए गृह विज्ञान की शिक्षा एवं सामुदायिक विस्तार कार्यक्रमों में पारिवारिक परामर्श और परिवार जीवन शिक्षा को उचित स्थान दिया जाना चाहिए।

अंततः स्वस्थ परिवार का अर्थ ऐसे परिवार से नहीं है जहाँ कभी कोई

मतभेद न हो, बल्कि ऐसे परिवार से है जो सम्मान, संवाद, सहयोग, सहानुभूति और समझदारी के साथ मतभेदों का समाधान करना जानता हो। पारिवारिक परामर्श और गृह विज्ञान शिक्षा का समन्वय मजबूत संचार, बेहतर पारिवारिक समायोजन, भावनात्मक सहयोग तथा जीवन की बेहतर गुणवत्ता को बढ़ावा दे सकता है। अत: पारिवारिक परामर्श को केवल संकट की स्थिति में अपनाई जाने वाली उपचारात्मक प्रक्रिया न मानकर निवारक, शैक्षिक, विकासात्मक और सहयोगात्मक प्रक्रिया के रूप में देखा जाना चाहिए।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. Bowen, M. (1978). Family therapy in clinical practice. Jason Aronson.
2. Campione-Barr, N., Skinner, A., Moeller, K., Cui, L., Kealy, C., & Cookston, J. (2025). The role of family relationships on adolescents' development and adjustment during the COVID-19 pandemic: A systematic review. Journal of Research on Adolescence, 35(1), e12969.
3. Lebow, J. L., Chambers, A. L., Christensen, A., & Johnson, S. M. (2012). Research on the treatment of couple distress. Journal of Marital and Family Therapy, 38(1), 145–168.
4. Lebow, J. L. (Ed.). (2012). Handbook of clinical family therapy. Wiley.
5. Todd, E., Pond, R., & Coomber, K. (2025). Client perspectives of family therapy: A qualitative systematic review. Journal of Marital and Family Therapy, 51(3), e70024.
6. Van Es, C. M., El Khoury, B., van Dis, E. A. M., Te Brake, H., van Ee, E., Boelen, P. A., & Mooren, T. (2023). The effect of multiple family therapy on mental health problems and family functioning: A systematic review and meta-analysis. Family Process, 62(2), 499–514.
7. World Health Organization. (2022). The role of friends, family and the community in health. World Health Organization.
8. World Health Organization. (n.d.). Promoting adolescent well-being. World Health Organization.
9. Yerby, J. (1995). Family systems theory reconsidered: Integrating social construction theory and dialectical process. Communication Theory, 5(4), 339–365.
10. Thege, B. K., Petroll, C., Rivas, C., & Scholtens, S. (2021). The effectiveness of family constellation therapy in improving mental health: A systematic review. Family Process, 60(2), 409–423.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2026, E-Journal, Vol. I, Issue LIV (54), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

Economic Evaluation of Ethanol Blending: A Study of Petrol Pricing in India

Anil Kumar* Shivani Singh**

***Assistant Professor, Department of Accounts & Law, Faculty of Commerce, K.R.(P.G.) College, Mathura Dr. Bhimrao Ambedkar University, Agra (U.P.) INDIA**

**** Research Scholar, Dept. of Commerce (Account & Law), (K.R.PG.) College Mathura, Dr. Bhimrao Ambedkar University, Agra (U.P) INDIA**

Abstract: The given research study examines the relationship between the cost components of retail petrol prices, such as crudeoil, ethanol procurement price, price charged to dealers, and taxes levied by the government in India. The given research study compares the two time periods from 2013-14 to 2016-17 and 2021-22 to 2024-25, when ethanol blending with the petrol was minimal and when ethanol blending with the petrol was substantial. Secondary sources of data are utilized from the official websites of respected ministries, OMCs, and international organizations suchas MoPNG (Ministry of Petroleum and Natural Gas), NITI Aayog, Reserve Bank of India, IOC (Indian Oil Corporation), PPAC (Petroleum Planning and Analysis Cell), BPCL (Bharat Petroleum Corporation Limited), HPCL (Hindustan Petroleum Corporation Limited), World Bank, and International Energy Agency (IEA). Thefindings revealed that during the period from 2013-14 to 2016-17 crude oil prices sharply declined but the reduction in petrol price was very low and at the same time government levied higher taxes in the form of VAT and Excise duty on petrol which absorbed the benefit of low price of crude oil that can be passed to the consumer. In contrast,while crude oil prices increased from2021-22 to 2024-25, prices charged to dealersand the price of petrol decreased, while the ethanol procurement prices also increased from ₹ 52.92/L to ₹ 71.86/L, indicating that using ethanol may decrease the price of petrol, but the benefit is not passed to the customer, as it is absorbed through higher government taxes. The findings suggest that a more accurate assessment of the impact of ethanol blending on petrol prices would require detailed data on all cost components included before the price charged to dealers.Availability of such data would allow the individual contribution of ethanol procurement and blending to be separated from other components of petrol pricing and would therefore provide a more accurate estimate of its effect on the final petrol price.

Keywords: Cost Components of Petrol; Crude Oil Price; Ethanol Blending Policy; Ethanol Price; Ethanol Procurement Price; Excise Duty; Fuel Policy; Government Ethanol Policy; India; Petrol Price; VAT.

Introduction - India is one of the largest importers of crude oil in the world, and their import demand for crude oil is increasing year by year, like 234262 metric tonnes in 2023-24, 243225 metric tonnes in 2024-25, 245769 metric tonnes in 2025-26, and 60481 metric tonnes in the 1st quarter of 2026-27. Generally, from the 100 tonnes of crude oil, typical types of products we yield are LPG 4-6%, naphtha 8-10%, motor spirit (petrol) 14-18%, ATF 9-11%, high-speed diesel 38-42%, 3-6% fuel oil, 12-18% petroleum coke, bitumen and others. India imports a significant amount of crude oil because of limited crude oil production in some regions of Assam, Maharashtra, Rajasthan and Gujarat. However, after refining the imported crude oil, India exports a significant amount of petroleum products. In 2025-26 petroleum product exports (61,427 million tonnes) exceeded the petroleum product we import (46,193 million tonnes). Blending of ethanol into the petrol is not an overnight program, although it was formally launched in 2004 by the government of India, named the 'Ethanol Blended Petrol (EBP) Programme,' with the objective to reduce greenhouse gas emissions and crude oil imports and to improve farmers' income and energy security and to promote sustainable development. Ethanol is an eco-friendly biofuel produced from sugarcane juice, maize, sugarcane molasses, rice grain, damaged food grain, and other agricultural feedstocks. Indian ethanol industry shows remarkable progress in the production of ethanol over the last 10 years. Ethanol production capacity increased from 421 crores ltr to more than 2000 crore ltrs from 2014 to 2026, supported by the government implicit subsidies, interest subvention scheme and expansion of distillery capacity. In the same way, ethanol supply to OMCS (Oil Marketing Companies) increased from 38 crore L to over 1200 crore L from 2013-14 to 2025-26. As per the data available on the PBI report, it revealed that with the increasing supply of ethanol to OMCs, the blending of ethanol in petrol also increases, such as 8.1%

ethanol mixed with petrol in 2020-21; 10% ethanol-blended petrol in 2021-22; 12.1% ethanol-blended petrol in 2022-23; 14.60% ethanol-blended petrol in 2023-24; and 19.20% ethanol mixed with petrol in 2024-25. By April 1, 2026, the target date for 20% ethanol-blended petrol was 2030, but it was achieved 5 years earlier, by 2026. Today, in every 1 L of gasoline, 20% ethanol is blended, and Ethanol is procured at the price of 71.00 per L for domestically produced ethanol[1]. Ethanol blending reduces the import demand for crude oil (major factor), supports farmers' income, contributes to a clean environment, and promotes cleaner fuel. Despite this benefit, questions remain about whether ethanol blending in gasoline is actually beneficial for the consumer, who is the major stakeholder of this ethanol policy, as their cars are at the risk of a drop in fuel mileage, early malfunction of engine parts, and other components of the car. This study investigates who the real beneficiary of this blending policy is, whether it's the government, the ethanol distillery, or the common customer of blended petrol.

Review of literature

Kutas et al. (2007) examined government support provided to biofuels in the European Union through blending mandates, subsidies, tax concessions, and other incentives. The study highlighted that changes in blending mandates and fuel taxation can influence biofuel markets and may shift costs between governments and consumers. The study provides a useful policy perspective for examining the relationship between government interventions, ethanol blending, taxation, and petrol prices.

Pohit et al. (2009) examined international experiences of ethanol as a transport fuel and identified policy lessons relevant to India, with particular emphasis on Brazil. The study highlighted the potential of ethanol blending to reduce dependence on imported petroleum and improve energy security. However, challenges related to feedstock availability, land, infrastructure, institutional arrangements, and food-fuel competition were also identified. The study provides an important foundation for understanding the economic and policy implications of ethanol blending in India.

Babcock et al. (2010) analysed the effects of US ethanol policies, particularly the blenders' tax credit and import tariff, on taxpayers, consumers, producers, and fuel blenders. The study found that withdrawal of the blenders' tax credit could reduce ethanol production and shift the cost of meeting blending requirements from taxpayers towards fuel blenders and consumers. The findings demonstrate that fiscal incentives and ethanol policies can have significant implications for fuel markets and consumers.

Pokrivèák and Rajèaniová (2011) investigated the relationship among crude oil, gasoline, and ethanol prices using weekly data from 2000 to 2009. The study found a strong positive relationship between gasoline and ethanol prices, while the relationship between crude oil and gasoline prices was considerably stronger. The findings indicated that crude oil prices have a major influence on gasoline prices and are also transmitted to ethanol prices. This study provides a useful basis for examining the interaction between crude oil prices, ethanol prices, and petrol prices in India.

McPhail and Babcock (2012) examined the impact of US biofuel policies on corn and gasoline price variability. The study found that ethanol policies could reduce the price elasticity of demand for corn and gasoline, potentially increasing price volatility during supply shortages. The study indicates that biofuel policies can affect not only fuel prices but also their stability, which is relevant to the analysis of petrol prices under India's ethanol blending programme.

Knittel and Smith (2015) examined whether increased ethanol production resulted in lower gasoline prices in the United States. The study found limited evidence that ethanol use substantially reduced gasoline prices and questioned the strength of the commonly observed relationship between ethanol production and gasoline prices. The findings suggest that the effect of ethanol blending on fuel prices may depend on broader market conditions and policy mechanisms.

Lundberg et al. (2023) examined the impact of biofuel blending mandates on biofuel consumption, emission reductions, and fuel prices in EU member states during 2009–2020. The study found that blending mandates increased biofuel consumption and contributed to reductions in transport-sector emissions. However, no clear relationship was identified between biofuel consumption and fuel prices after excluding taxes, while crude oil prices had a substantially greater influence on fuel prices. The study suggests that the effect of ethanol blending on petrol prices should be assessed along with other major determinants of fuel prices.

Janda et al. (2024) examined the effect of different ethanol blending levels on gasoline prices in the United States. The study found that higher ethanol blending levels generally resulted in lower gasoline prices. The findings indicate that ethanol blending policies can influence fuel prices and may benefit consumers, retailers, producers, and policymakers. The study provides a contemporary basis for examining whether increased ethanol blending has a similar impact on petrol prices in the Indian market.

Statement of the Problem: Although ethanol blended with petrol is able to reduce the crude oil demand, enhance the energy security, improve the foreign reserve, improve the environment, and increase the farmers' wealth, despite all these benefits, one point remained unanswered about the real benefit of ethanol blending: whether the ethanol blending policy is really beneficial for the consumer.

Objectives of the Study: To examine whether the ethanol blending policy is really beneficial for the consumer

Sources of Data: Secondary sources information utilizes from various sources available on the official websites of respected ministries, OMCs, and international organizations. They are as follows: Ministry of Petroleum and Natural Gas (MoPNG), Petroleum Planning and Analysis Cell (PPAC), NITI Aayog, Reserve Bank of India, Indian Oil Corporation, Bharat Petroleum Corporation Limited, Hindustan Petroleum Corporation Limited, World Bank, International Energy Agency (IEA).

Methodology and Tools for Data Analysis: The given research study is descriptive and analytical in nature and Collected data from various official website of government about the policy of ethanol blending in petrol, price calculation of ethanol blended petrol will be analysed with the help of statistical tool like percentage analysis, average analysis, ratio analysis.

Crude Oil → Refinery → Refined Petrol → Ethanol Procurement → Ethanol Blending (E20) → Depot Price → Marketing Margin → Dealer Commission → Central Excise Duty → State VAT → Retail Petrol Price

Data Analysis and Interpretation

Table 1 & 2 (see in last page)

The tables, table no. 1 and table no. 2, represent the data related to the petrol price composition of two different time periods. Table one represents the data from 2021-22 to 2024-25, when the ethanol blending policy is implemented up to 20% ethanol with gasoline, and Table two represents the data from 2013-14 to 2016-17, when the ethanol blending amount is negligible with gasoline. Both the tables show the same component of the cost of petrol and show how the retail petrol price is derived from different cost components and charged to the customers. The cost components of petrol are as follows: cost of crude oil, price charged to dealers, dealers' commission, excise duty on petrol, and VAT on petrol. The cost component between crude oil and the price charged to dealers is not given officially by the government in the public domain. Some third-party data is available on the internet, which is as follows: crude oil, refinery, refined petroleum, ethanol procurement, ethanol blending (E20), depot price, and marketing margin. As this data is not available officially on any government reports, therefore, we are not including these costs in the calculation of retail prices of petrol. The one of the objectives to introduce the ethanol policy is to reduce the price of petrol and give its benefit to the consumer. The above two tables compare the retail prices of petrol charged by the government to the customers when EBP is implemented up to 20% and the ethanol amount blended with the petrol is minimal. Table no. 1 shows Crude oil cost per liter from 2021-22 to 2024-25 are ₹ 37.1, ₹ 47.1, ₹ 43.01 and ₹ 41.7; highest in 2022-23 while the table 2 shows the crude oil cost from 2013-14 to 2016-17 are ₹ 65, ₹ 51.5, ₹ 30.3 and ₹ 31.9; highest in 2013-14. According to data given in the above table, when ethanol blending in petrol is minimal, crude oil prices are highest in 2013-14, ₹ 65/L, and on the other hand, when blending is 12.10%, crude oil prices are highest in 2022-23, ₹ 47.1/L. But the retail petrol prices of both time periods have a significant difference: when crude oil is ₹ 65/L, the retail petrol price is ₹ 72.40/L, and when the crude oil price is ₹ 47.10/L, then the retail petrol price is ₹ 96.72/L. Cost component price charged to the dealer when the crude oil prices are highest during both the period is ₹ 49.06 in 2013-14 when ethanol blending is minimal and ₹ 58.07 when ethanol blending is 12.10%. Data shows that even after blending 12.10% of ethanol with the petrol, the price charged to the dealer is more in comparison when ethanol blending is minimal. In percentage terms, the crude oil cost is 38.29% lower when the Ethanol Blended Petrol (EBP) level reaches 12.10%, compared with the period when ethanol blending was minimal (up to 1.5%). However, the price charged to dealers is 18.36% higher at the 12.10% EBP level than under the minimal ethanol-blending policy. Thus, instead of decreasing with the increased blending of ethanol, the price charged to dealers actually increased. This indicates that, up to the 12.10% EBP level, there is no apparent reduction in the dealer-level cost of petrol attributable to ethanol blending. Now we compare the cost of petrol after price charge to dealer. Again, we consider the year 2022-23 and 2013-14 when crude oil trading at their highest price. Between retail price of petrol and price charged to dealer there are three components named as dealer commission, state VAT on petrol and center excise on petrol. In 2022-23, when EBP 12.10% was implemented, the dealer commission was ₹ 3.76/l, state VAT on petrol was 19.30% on base price, and excise duty was ₹ 19.28/l, which will increase the cost by 66.55% on price charged to dealer and constitutes almost 36.18% of the retail price of petrol. In 2013–14, when ethanol blending under the EBP programme was at a minimal level, the dealer commission was ₹ 1.94 per litre, state VAT on petrol was 20% of the base price, and central excise duty was ₹ 9.48 per Liter. These components together increased the price by ₹ 47.57 per litre and accounted for 32.23% of the retail price of petrol. In comparison, when the EBP level increased to 12.10%, the total cost added to the price charged to dealers increased by 66.55%, compared with 47.57% under the minimal EBP level. This comparison reveals that, at the 12.10% EBP level, more proportion of the price charged to dealers was added through taxes, dealer commission, and other applicable charges. Consequently, the higher EBP level was associated with a higher retail price of petrol, making petrol more expensive for consumers than during the period of minimal ethanol blending.

Finding and conclusions- The given research study examines the relationship between the cost components of retail petrol prices, such as, ethanol procurement price, crude oil, dealers commission, price charged to dealers, and taxes levied by the government in India, which changed significantly over the study period. Data shows that from 2013-14 to 2016-17 crude oil prices declined sharply from ₹ 65/L to ₹ 31.9/L, which is an approx. 50% decrease in crude oil price, but the petrol price does not fall to the same extent, declining only by 9.39% from ₹ 72.40/L to ₹ 65.60/L. Data also reveals that the price charged to dealers fell by 43.19% with the fall in crude oil prices, but the benefit of cheaper crude oil does not pass to the consumer, but this excess benefit is absorbed by the state and center government by way of taxes such as VAT on petrol increasing by 35% and excise duty levied by the center increasing by 126%. During this period, ethanol blending

was minimal, but OMCs were bearing the cost of ethanol blending with the petrol during the given period. The table representing data of the time period from 2021-22 to 2024-25 shows that crude oil prices increased from 37.10/L to 41.70/L, indicating a 12.39% increase in crude oil, but the price charged to dealers falls by 5.14% from 58.16 to 55.17, and gasoline prices decrease by 4.48% from 99.16/L to 94.72/L. That shows that even crude oil became costlier during the period, but the petrol price fell about 4.48%. When blending increases with petrol, it will make it cheaper, but the benefit does not directly pass to the consumer but is absorbed through higher government taxes. From the data interpretation, two periods are compared: the period when ethanol blending was minimal and the period when ethanol blending increased to 12.10%. When crude oil was at its highest point in both periods, the price charged to dealers had no significant difference, but the retail price of petrol showed a higher cost difference. India has increased ethanol blending substantially, especially after 2021–22, but this expansion has not been accompanied by fall in price of petrol. Study also highlighted that cost component before price charged to dealer have no significant effect on retail price of petrol but cost component may have greater role in deciding the retail petrol price whether follow minimal ethanol policy or E10, E20 ethanol blending policy.

References:-

1. Babcock, B. A., Barr, K. J., & Carriquiry, M. A. (2010). Costs and benefits to taxpayers, consumers, and producers from US ethanol policies.
2. Janda, K., Letovska, V., Sila, J., & Zilberman, D. (2024). *Impact of ethanol blending policies on US gasoline prices* (No. 32/2024). IES Working Paper.
3. Knittel, C. R., & Smith, A. (2015). Ethanol production and gasoline prices: a spurious correlation. *The Energy Journal*, *36*(1), 73-114.
4. Kutas, G., Lindberg, C., & Steenblik, R. (2007). *Biofuels—at what Cost?: Government Support for Ethanol and Biodiesel in the European Union* (pp. 14-25). Geneva: International Institute for Sustainable Development.
5. Lundberg, L., Sanchez, O. C., & Zetterholm, J. (2023). The impact of blending mandates on biofuel consumption, production, emission reductions and fuel prices. *Energy Policy*, *183*, 113835.
6. McPhail, L. L., & Babcock, B. A. (2012). Impact of US biofuel policy on US corn and gasoline price variability. *Energy*, *37*(1), 505-513.
7. Petroleum Planning & Analysis Cell. (2026). *Snapshot of India's Oil and Gas Data: Monthly Ready Reckoner (June 2026)*. Ministry of Petroleum and Natural Gas, Government of India. Petroleum Planning & Analysis Cell
8. Pohit, S., Biswas, P. K., Kumar, R., & Jha, J. (2009). International experiences of ethanol as transport fuel: policy implications for India. *Energy policy*, *37*(11), 4540-4548.
9. Pokrivèák, J., & Rajèaniová, M. (2011). Crude oil price variability and its impact on ethanol prices. *Agricultural Economics*, *57*(8), 394-403.
10. Press Information Bureau. (2026, July 5). *Ethanol blending in India: Policy evolution, key milestones and frequently raised concerns*. Government of India, Ministry of Information and Broadcasting. https://www.pib. gov.in
11. Press Information Bureau. (2026, July 5). *Ethanol blending in India: Policy evolution, key milestones and frequently raised concerns*. Government of India. https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=2281287

Table1

ESY/ Year	Crude Oil Price (₹/ Lequivalent)*	Pricecharged to dealers (₹/L)	Dealer Commission ₹/L	VAT on Petrol	Excise Duty On Petrol(₹/L)	Petrol Price(₹/L)	Ethanol Procurement Price (₹/L)	Blending %/ Status
2013–14	≈₹65.0	≈49.06	1.94	20%	9.48	≈72.40	Marketdetermined	≈1.5%
2014–15	≈₹51.5	≈35–40	2	20%	≈10.70	≈63–67	₹ 48.50	2.30%
2015–16	≈₹30.3	35.71	2.07	20%	17.46	66.29	₹ 48.50	≈3.5%
2016-17	≈₹31.9	27.87	2.3	27%	21.48	65.6	₹ 39.00	≈2.1%

Table2

Ethanol Supply Year	Crude Oil Price (₹/litre)	Pricecharged to dealers (₹/litre)	Dealer commission on petrol (₹/L)	VAT on Petrol on Basic Price	Excise Duty on Petrol (₹/L)	Average Petrol Price (₹/Liter)/	Ethanol procurement price (₹)	Blending Percentage/ Status
2021-22	37.1	58.16	3.85	30%	Rs 27.98	99.16	52.92	10.00%
2022-23	47.1	58.07	3.76	19.40%	Rs 19.98	96.72	66.07	12.10%
2023-24	43.01	55.17	3.77	19.40%	Rs 19.98	96.72	71.86	14.60%
2024-25	41.7	55.17	4.30	19.40%	Rs 19.98	94.72	71.86	19.20%

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2026, E-Journal, Vol. I, Issue LIV (54), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

इतिहास के पन्नों में स्थान खोजता छपोरा गढ़

डॉ. रामरतन साहू* ओंकार साहू**

* सह. प्राध्यापक (इतिहास) सी. व्ही. रमन विश्वविद्यालय, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत
** अध्ययनकर्ता (इतिहास) बिलासपुर (छ.ग.) भारत

शोध सारांश– छत्तीसगढ़ का इतिहास केवल उसके बड़े नगरों, राजवंशो और प्रसिद्ध पुरातात्विक स्थलों तक सिमित नहीं है बल्कि गाँव तथा स्थानीय क्षेत्रों में शासन करने वाले छोटे–छोटे शासकों, राजवंशो से भी यहाँ की इतिहास व संस्कृति समृद्ध होती है। इस राज्य में ऐसे ही कई प्राचीन कालीन स्थानीय शासको व शासन क्षेत्रो का अध्ययन आज तक इतिहासकारों की दृष्टि से अछुता रहा है। यह शोधपत्र ऐसे ही एक शासन क्षेत्र छपोरा गढ़ तथा उसकी राजधानी छपोरा ग्राम में उपलब्ध प्राथमिक साक्ष्यों जैसे एक बड़े दुर्ग/गढ़ की उपस्थिति ग्राम का व्यस्थित बसाहट, जातिगत अध्ययन, जनमानस मे प्रचलित बातों तथा धार्मिक सांस्कृतिक मान्यताओं के आधार पर यहाँ की राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक व धार्मिक–सांस्कृतिक स्थिति का प्राथमिक अध्ययन है। यह शोधपत्र आने वाले समय में इस राज्य के इतिहासकारों को इस क्षेत्र के इतिहास से संबंधित विस्तृत अध्ययन तथा पुरातात्विक उत्खनन आदि द्वारा अन्य स्पष्ट अभिलेखीय साक्ष्यों को प्राप्त करने मे सहायक होगा।

प्रस्तावना – इतिहास प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर तात्कालीन समय की राजनैतिक, सामाजिक, आर्थिक तथा सांस्कृतिक स्थिति का अध्ययन है। ये साक्ष्य साहित्यिक स्त्रोतों पुरातात्विक साक्ष्यों जिनमें प्राचीन सिक्को मुद्राओं तथा उत्खनन से प्राप्त स्थापत्यों व नगर नियोजनों आदि के रूप में देखा जाता है। मगर छत्तीसगढ़ में कई ऐसे प्राचीन गाँव हैं जिनकी ग्राम बसाहट व सांस्कृतिक मान्यताएँ उसके समृद्ध इतिहास को प्रतिबिंम्बित करते हैं लेकिन दुर्भाग्यवश कारणों से ऐसे गाँव इतिहास के पन्नों में स्थान पाने से वंचित हो जाते हैं। इन्ही समृद्ध ऐतिहासिक गाँवों में एक है मेरा गाँव छपोरा , जिसे छपोरा गढ़ कहा जाना अनुचित नही होगा। मेरे इस गांव छपोरा गढ़ मे वे सभी प्राथमिक साक्ष्य उपलब्ध है जो किसी भी इतिहासकार को अध्ययन करने आकर्षित कर सकता है फिर भी दुर्भाग्यवश इतिहासकारों के अध्ययन से आज तक वंचित रहा है।

इस शोध पत्र में हम इन्ही प्राथमिक साक्ष्यों के आधार पर तथा जनमानस से कुछ अन्य साक्ष्यों का संग्रहण करते हुए इस गाँव के समृद्ध इतिहास का अध्ययन कर इस पर प्रकाश डालने का प्रयास करेंगे।

परिचय– छपोरा गढ़ छत्तीसगढ़ राज्य के सक्ती जिले में स्थित कुछ बड़े ग्रामो मे से एक है। यह सक्ती जिला मुख्यालय से लगभग 30 किलोमीटर दूर दक्षिण दिशा मे SH– 16 दिपका से पदमपुर मार्ग (उड़ीसा सीमा तक) मे स्थित है। यह गाँव महानदी की सहायक बोरई नदी के तट में डुबान क्षेत्र से एक सुरक्षित स्थल मे बसा है। 2011 की जनगणना के अनुसार इसकी जनसंख्या 4000 के लगभग थी लेकिन वर्तमान मे यहाँ की जनसंख्या लगभग 5500 के आस पास हो गई है। यहाँ वर्तमान मे लगभग 12 जातियों के लोग निवासरत है।

(1) प्राथमिक उपलब्ध साक्ष्य : अध्ययन का आधार

(1.1) गढ़/किला के साक्ष्यों की उपलब्धता – गांव में गढ़ टिकरा के नाम से जाना जाने वाला दलहन फसलों की खेती के लिए प्रयुक्त उच्चभूमि जिसका क्षेत्रफल लगभग हेक्टेयर है। यह क्षेत्र चारो ओर से जल की खाई से घिरी थी जिसके साक्ष्य आज भी मौजूद हैं लेकिन अब इसके संकट का खतरा बना हुआ। इसी गढ़ मे कुछ अन्य साक्ष्य जो जन मानस से चर्चा करने पर प्राप्त हुई कि पहले इस क्षेत्र में स्थित ठाकुर देव के स्थल के आस पास पत्थर से निर्मित भवन के भग्नावशेष साक्ष्य उपलब्ध थे जो वर्तमान में समाप्त हो गए हैं। एक अन्य बात कि गाँव के खगेश्वर साहू पिता परसदास (गौंटिया जी) द्वारा इस क्षेत्र में आरा मशीन स्थापित करने के निर्माण कार्य के दौरान लगभग 2.5 मी. चौड़े नींव जिसमें बड़े–बड़े पत्थर प्राप्त होना बताया गया लेकिन इस क्षेत्र को पुरातत्व विभाग के नियंत्रणाधीन हो जाने के भय से इस बात को छुपा दिया गया।

(1.2) गाँव की बसाहट– बोराई नदी के डुबान क्षेत्र से दुर एक सुरक्षित क्षेत्र में इस गाँव को सुव्यवस्थित ढंग से बसाया गया था जहाँ लगभग 12 जाति के परिवारों को बसाया गया था। बस्ती में इन परिवार को इनकी सामाजिक राजनीतिक और सांस्कृतिक स्थिति के आधार पर बसाया गया था जो यहाँ की सामाजिक स्थिति के बारे में अध्ययन करने में सहायक होते हैं।

इस बस्ती में तेली, कलार, बैरागी, गोड़, संवरा, सुनार और एक राउत परिवार का एक साथ बसाहट मध्य बस्ती में था जिसके प्रमाण आज भी उपस्थित है। इस बस्ती से पूर्व दिशा में क्रमश: नाई, राउत, धोबी, गाड़ा आदि जाति की बस्ती के साक्ष्य आज भी उपलब्ध हैं जो मुख्य गढ़ के परिधि के समान्तर घुमी थी। इन बस्ती से कुछ दुर पूर्व दिशा में चर्मकारो की बस्ती थी जिन्हे आजकल सतनामी जाति के नाम से जाना जाता हैं।

(1.2.1) तालाब– गाँव में अनेक तालाब निर्मित थे जिनमें से एक घरेलु कार्य के लिए, एक घरेलु कार्य के लिए, एक धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजनों

के लिए निर्मित था। वहीं दूर खेत के क्षेत्रों में सिंचाई के लिए कुछ तालाब जैसे:- डुमरहा, बनडबरी, लाली डबरी प्रमुख थे। इसके अलावा चर्मकारों का अलग तालाब था। दीवान और रानी (देवानीन) के स्नान के लिए अलग तालाब था जिसे आज क्रमश: देवान डबरी और रानी तालाब के नाम से जाना जाता है। रानी तालाब को राजा द्वारा क्वार्ट्जाइट के छोटे-छोटे पत्थरों से सजाया गया था यही कारण है कि इसे पत्थरी तालाब के नाम से भी जानते है।

(1.3) धार्मिक व सांस्कृतिक मान्यताएं- ग्राम देवी के रूप में माँ घाट गोसाईन दाई का विशेष महत्व इसके अलावा गाँव में प्राचीन काल से ही ठाकुरदेव, सांकर देवता, पाट देवता, सात बहिनिया आदि देवी देवताओं की पूजा होती आ रही है। खेतों व फसलो की रक्षा के लिए मुडकट्टी व छातर देव की पूजा करने की मान्यता आज भी प्रचलित है। इन सब के अलावा तालाब तट मे एक प्राचीन शिव मंदिर भी मौजूद है।

(1.3.1) दीवान साहब से संबंधित सांस्कृतिक मान्यताएं - गाँवो में आज भी विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक आयोजनों मे दीवान साहब की पूजा की जाती है। जिनकी स्मृति गाँव के देवान डबरी के तट में आज भी स्थित है।

(1.3.2) राउत-राउताइन और बैगा की पूजा- गाँव मे आज भी राउत-राउताइन, जुर्रहा बैगा तथा परउ बैगा की पूजा यहाँ से सामाजिक तथा सांस्कृतिक स्थिति का प्रतिनिधित्व करते है।

(1.4) जातिगत अध्ययन- इस गाँव मे तेली, कलार, चन्द्रनाहू, धोबी, सुनार, बैरागी, राउत, नाई, गांड़ा, गोंड, संवरा तथा सतनामी जिन्हे पूर्व में चर्मकार जाति के नाम से जाना जाता था यहाँ बसे हैं। इन जातियों का अध्ययन करने पर निम्न बातें स्पष्ट होती है -

(1.4.1) तेली जाति का अध्ययन- तेली जाति का अध्ययन करने पर प्राप्त होता है कि तेली जाति में कुछ विशेष गोत्र समुह के लोग यहाँ है जिनमे चौधरी गोत्र के लोग बीच बस्ती के मध्य में एक ऊँचे भूभाग में निवास करते थें जिनके परिवार को आज भी तेली गौंटियाँ के नाम से जाना जाता है।

एक अन्य गोत्र राउतराय जिन्हे आज भी गौंटिया परिवार के नाम से जाता है, इस गोत्र के लोगों के बारे मे अध्ययन करने पर पता चला कि इस गोत्र के लोग कुख्यत: नरसिंह नाथ (उड़ीसा) के आस-पास के क्षेत्र मे बहुतायत पाए जाते है वही छ.ग. मे सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के कुछ ही चुनिंदा गांव में कुछ परिवार बसे हुए हैं।

इसी अध्ययन से पता चलता है कि छपोरा गढ़ का संबंध कल्चुरी शासन के प्रथम चरण से भी रहा होगा जहाँ पृथ्वीदेव-द्वितीय का सामंत ब्रह्मदेव के साथ मिलकर कलिंग राज्य पर आक्रमण किया और जटेश्वर नामक शासक को पराजित किया था। इसी आक्रमण के दौरान छपोरा गढ़ के दीवान भी सहयोगी रहे होंगे और उस क्षेत्र से राउतराय गोत्र के तेली यहाँ लाए गए होंगे। एक संभावना यह भी बनती है कि यह क्षेत्र सोमवंशीय शासकों से भी संबंधित रहा हो जिसके परिणाम स्वरूप राउतराय गोत्र के तेली यहाँ आए होंगे। इन्हे छपोरा में स्थान तेली गौटिया के घर के पूर्व दिशा में स्थित खाली जगह पर प्रदान किया गया होगा। दो अन्य गोत्र के तेली का भी निवास पुरानी बस्ती में मिलता हैं जिनसे ऊपर में वर्णित परिवारों के साथ वैवाहिक संबंध था।

(1.4.2) कलार जाति का अध्ययन- कलार जाति का अध्ययन करने से यह बात स्पष्ट रूप से पता चला कि यहाँ कलार जाति के 3 परिवार थे जिनमें 2 परिवारो का प्राचीन कालीन निवास स्थान पुरानी बस्ती में प्राप्त हुए हैं तथा इन तीनों ही परिवार का गोत्र 'पीपल' है तथा इनका संबंध एक समीपस्थ ग्राम 'पिरदा' से जुड़ता है।

इन तथ्यो के आधार पर कई निष्कर्ष तक पहुँचा जा सकता है। छपोरा गढ़ के अंतर्गत पिरदा तथा उसके आस-पास के गाँव भी नियंत्रण में थे। दीवान द्वारा जब यह गढ़ ग्राम बसाया गया तब कलार जाति के 2 परिवार पिरदा गांव से यहाँ लाकर बसाए गए थे तथा तीसरा परिवार बाद में यहाँ बसने आया था।

(1.4.3) चन्द्रनाहु जाति का अध्ययन- चन्द्रनाहु जाति का अध्ययन करने पर प्राप्त हुआ कि गाँव मे चन्दनाहु जाति के 4 अलग-अलग गोत्र के परिवार निवास करते हैं। कश्यप गोत्र का प्राचीन निवास पुरानी बस्ती (बीच बस्ती) के पूर्व में प्राप्त हुआ। इसके अलावा 'गोरहा' और 'पाण्डेल' गोत्र का निवास पुरानी बस्ती के पश्चिम दिशा में मिलता है। एक अन्य गोत्र 'त्रिकान' का निवास मुख्य तालाब के किनारे मे प्राप्त होता है। जनमानस से चर्चा करने पर प्राप्त हुआ कि त्रिकान गोत्र के परिवार को किसी राजा के काल में कुछ वर्षो के लिए गौंटिया का पद प्रदान किया गया था।

(1.4.4) सतनामी जाति का अध्ययन- प्राचीन गढ़ छपोरा की बस्ती में सतनामी जाति जिन्हें प्राचीन काल में चर्मकार जाति के नाम से जाना जाता था का अध्ययन करने पर प्राप्त हुआ कि यहाँ इनके 4 प्रमुख गोत्रों के परिवारों का प्राचीन काल से संबंध प्राप्त होता है जिनमे खुँटे, कुर्रे, राय और बघेल प्रमुख थे इसके अलावा अन्य गोत्र के परिवार वैवाहिक संबंधों के बाद यहाँ बसे थे। इनकी एक पृथक बस्ती पुरानी बीच बस्ती के पूर्व में 'मंडल डबरी' के आस-पास प्राप्त होती है, जहाँ चर्मकार का कार्य किया जाता था।

(1.4.5) अन्य जातियों का अध्ययन- अन्य जातियों का अध्ययन करने पर प्राप्त हुआ कि इनके एक बैरागी या बावा जाति, नाई, धोबी, राउत, गाड़ा, सुनार, गोंड़ व संवरा जाति के एक-एक परिवारों का घर प्राप्त हुआ। हालांकि वर्तमान में वैवाहिक संबंधों के बाद इनके अनेक परिवार हो गए हैं।

(1.5) अन्य समीपस्थ गाँवों से संबंध- प्राचीन गढ़ ग्राम छपोरा के समीपस्थ गाँवों से संबंधों का अध्ययन करने पर डोमा, अचरीतपाली माहुलदीप, बासीन, बरपाली, देवगाँव घोघरी आदि प्रमुख है जहाँ से निम्न आवश्यकताएँ पूर्ति होती थी। घोघरी के लोहार जाति से औजार आदि की आपूर्ति डोमा तथा बरपाली के महंत (जुलाहा) परिवारों से बुने हुए कपड़ों की आपूर्ति होती थी, अचरीतपाली के गांड़ा जाति रक्षा कार्य मे सहयोग करते थे, बासीन व देवगाँव के कुंभकार यहाँ मिट्टी के बर्तन आदि पहुँचाते थे। इसके अलावा देवगाँव, रनपोटा, मिरौनी, नरियरा, मुड़पार आदि कुछ गाँवों से फल, फूल और सब्जी की आपूर्ति होती थी जिनका महत्व वर्तमान समय तक बना हुआ है।

इस गढ़ के अंतर्गत इन गाँवों के अलावा, नावापारा, कुरदा, कुरदी, पिरदा तथा उसके आस-पास के सभी गाँव अमलीडीह तथा बोराई नदी और महानदी दोआब के गाँवों सें लगान की वसुली की जाती थी।

(2) साक्ष्यों के आधार पर छपोरा गढ़ का ऐतिहासिक अध्ययन -अब तक के प्राप्त प्राथमिक साक्ष्यों के आधार पर छपोरा गढ़ के प्राचीन राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक व धार्मिक-सांस्कृतिक स्थिति का अध्ययन करते हैं। प्रथम दृष्टया यह स्पष्ट होता है कि छपोरा इस क्षेत्र के शासकों की राजधानी थी तथा इसे सुनियोजित तथा व्यवस्थित ढंग से बसाया गया था।

(2.1) राजनीतिक स्थिति- प्राचीन काल में इस क्षेत्र के लगभग 30-35 गांवों को किसी स्थानीय राजवंशों द्वारा शासन किया गया। इसी राजवंश

के किसी एक शासक द्वारा छपोरा को जो कि सभी दृष्टिकोण से सुरक्षित थी गाँव बसाकर राजधानी बनाया गया। इस राजधानी गाँव छपोरा को दैनिक गतिविधियों के लिए आवश्यक जातियों के परिवारों को लाकर बसाया गया था। इस गाँव की सुव्यवस्थित प्राचीन बस्ती तथा एक बड़े क्षेत्रफल में सुरक्षित किला/गढ़ का साक्ष्य इस बात को प्रमाणित करता है। संभवत: यहाँ गोड़ शासकों का शासन रहा हो।

प्रारंभ मे यह राज्य स्वतंत्र शासन करता रहा लेकिन मल्हार के उत्कर्ष के समय उनके क्षेत्र विस्तार अभियान के बाद यह क्षेत्र उसके अधीन हो गया होगा तथा यहाँ के राजा को 84 गाँवों के एक गढ़ का प्रमुख बना कर दीवान कहा गया होगा।

इस क्षेत्र से अब तक किसी अभिलेखीय या अन्य पुरातात्विक साक्ष्य जैसे सिक्के, मुद्रा आदि प्राप्त न होना 2 संभावनाए लाता है - प्रथम यह राजवंश तथा राज्य क्षेत्र अब तक इतिहासकारों की दृष्टि से बचा रहा हो जिससे कोई उत्खनन कार्य नही हुआ। दुसरा इस राजवंश के राजा के कुशल प्रशासन तथा राजा का जनता के प्रति और जनता का राजा के प्रति स्नेह से प्रभावित होकर कुछ शर्तो जैसे मुद्रा या सिक्के जारी न करना आदि के साथ शासन करने की अनुमति प्रदान की गई हो।

कल्चुरी काल में यह कल्चुरियों के नियंत्रण में था या सोमवंश के अथवा एक स्वतंत्र शासन क्षेत्र था यह किसी ठोस साक्ष्य के अभाव में स्पष्ट करना उचित नही होगा। लेकिन राउत राय गोत्र के तेली परिवार का उड़ीसा के नरसिंह नाथ क्षेत्र से यहाँ आकर बसना इस बात को रेखांकित करता है कि इसका संबंध किसी न किसी प्रकार से अन्य क्षेत्रों व राजवंशों से रहा होगा।

(2.1.1) पतन- संभवत: इस साम्राज्य का पतन राजा/ दीवान के नि:सन्तान मृत्यु हो जाने के कारण हुआ होगा। चुँकी दीवान राजा का जनता के प्रति प्रेम समर्पण तथा नि:स्वार्थ भाव से क्षेत्र की जनता की सेवा करना। यही कारण था कि उनकी जनता ने उनके स्नेह तथा सेवा भाव के कारण आज भी उन्हें गाँव के हर धार्मिक तथा सांस्कृतिक आयोजनों में देव रूप में पूजते हैं।

(2.1.2) पतन के बाद- दीवान राजा के नि:संतान मृत्यु हो जाने के पश्चात यह क्षेत्र उत्तराधिकार विहीन हो गया तथा इस क्षेत्र में अराजकता फैल गई होगी। इस अराजकता को दूर करने में इस गाँव के तात्कालीन प्रमुख चौधरी गोत्र के तेली गौटियाँ परिवार के प्रमुख असफल हुए होंगे जिसके बाद कल्चुरी शासकों ने गौंटिया का पद त्रिकान गोत्र के चन्द्रा परिवार को सौंपा होगा क्योंकि उन्होंने राजा व उनके मंत्री सहित अन्य सहयोगियों की सेवा की थी ऐसी किवदंती गाँव के एक वर्ग मे प्रचलित है। यह गौंटिया भी प्रशासन को सुचारू रुप से चलाने में असमर्थ रहा।

ऐसे समय में राउत राय गोत्र के प्रमुख तथा प्रभुत्वशाली व्यक्ति को गौंटिया बनाया गया जिसने क्षेत्र मे शांति व्यवस्था लाने में सफलता प्राप्त की तथा पुन: इस गाँव व क्षेत्र मे समृद्धि व खुशहाली कायम हो सकी। इस परिवार के मिसल व वंश वृक्ष का भागीरथी के नाम से शुरू होने के रूप में आज भी मिलता है।

(2.2) आर्थिक स्थिति- छपोरा गढ़ कृषि प्रधान गढ़ था। जहाँ लगान वसुली का कार्य दीवान के अधीन सहायक अधिकारियो द्वारा किया जाता था। गढ़ ग्राम छपोरा की बात करें तो यह बाढ़, सुखा आदि से सुरक्षित गांव था जो बोराई नदी के समीप डुबान क्षेत्र से दूर बसाया गया था। सिंचाई सुविधा के लिए कृषि भूमि क्षेत्रों में 3 तालाब बनवाए गए थे इसके अलावा बहरा भूमि तथा मुड़ा भूमि में भी कम मात्रा में पानी रोकने की व्यवस्था थी। इस गाँव के उत्तर की सम्पूर्ण भूमि उपजाऊ मानी जाती थी जहाँ मटासी भूमि में धान की पैदावार अधिक थी तो वहीं कन्हार मिट्टी में रबी फसलों मे गेहूँ आदि उपजाया जाता था। मुख्य तालाब के चारो ओर गन्ने की खेती कर गुड़ प्राप्त किया जाता था। तलवा टिकरा तथा अन्य टिकरा भूमि में उड़द तथा अन्य सब्जियों सहित तिल व अन्य दलहन व तिलहन फसल उपजाए जाते थे।

पशुपालन में गाय व भैंस प्रमुख रूप से पाले जाते थे जिन्हे चराने तथा दुध निकालने आदि कार्य के लिए राउत जाति के लोगों का बसया गया था।

